■ 1300 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित होंगी 13 परियोजनाएं - 12

■ शेयरों में मुनाफावसूली से सेंसेक्स 123 अंक टूटा, निफ्टी 24,200 के नीचे बंद- 12

■ ईरान युद्ध : यूरोप में बढ़ा संकट, सिर्फ छह सप्ताह के लिए बचा विमान ईंधन - 13

■ आर वैशाली ने फिडे विमेंस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर रचा इतिहास - 14

आज का मौसम
41.0° अधिकतम तापमान
26.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.44
सूर्यास्त 06.33

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष अमावस्या 05:21 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2083

शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026, वर्ष 36, अंक 69, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

महिला आरक्षण: विरोध किया तो चुकाएंगे कीमत

प्रधानमंत्री मोदी ने संविधान (131वां) संशोधन, परिसीमन और संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026 पर रखे विचार | बोले- इस विषय को राजनीति के तराजू से नहीं तौलना चाहिए और इसका श्रेय वह विपक्षी दलों को भी देने को तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में परिसीमन के अनुपात में कोई बदलाव नहीं होने का आश्वासन देते हुए गुरुवार को लोकसभा में सभी राजनीतिक दलों से महिला आरक्षण अधिनियम संबंधी संविधान संशोधन विधेयक को सर्वसम्मति से पारित करने की अपील की और कहा कि जो भी इसका विरोध करेंगे, उन्हें लंबे समय तक इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। मोदी ने महिला आरक्षण अधिनियम से संबंधित संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026, परिसीमन विधेयक, 2026 व संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026 पर अपने विचार रखते हुए यह भी कहा कि इस विषय को राजनीति के तराजू से नहीं तौलना चाहिए और इसका श्रेय वह विपक्षी दलों को भी देने को तैयार हैं।

उन्होंने कहा, हमारे देश में जबसे महिला आरक्षण को लेकर चर्चा शुरू हुई है और जब-जब चुनाव आया है, जिस दल ने महिलाओं को मिलने वाले इस अधिकार का विरोध किया है, देश की महिलाओं ने उन्हें माफ नहीं किया। मोदी ने कहा, 2024 के चुनाव में ऐसा नहीं हुआ क्योंकि सब ने (2023 में) सहमति से इसे (महिला आरक्षण विधेयक) पारित किया था। किसी का राजनीतिक फायदा नहीं हुआ, किसी का नुकसान नहीं हुआ। अगर हम सब साथ में रहेंगे तो इतिहास गवाह है कि यह किसी के राजनीतिक पक्ष में नहीं जाएगा, देश के लोकतंत्र और सामूहिक निर्णय के पक्ष में जाएगा। जिन्हें इसमें राजनीति की बू आ रही है। वे खुद के 30 साल के परिणामों को देख लें। उनका इसमें ही फायदा है। नुकसान से बच जाएंगे। राजनीतिक रंग देने की जरूरत नहीं। जो विरोध करेंगे उन्हें लंबे समय तक इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने महिला आरक्षण व परिसीमन के लिए विधेयक एक साथ लाने पर और कुछ राज्यों के साथ भेदभाव होने संबंधी कुछ विपक्षी सदस्यों की आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा, संविधान ने हमें यहां बैठकर देश को टुकड़ों में सोचने का अधिकार ही नहीं दिया है। न टुकड़ों में सोच सकते हैं, ना टुकड़ों में निर्णय ले सकते हैं। निराधार बात है, इसमें रत्ती भर सचाई नहीं है। केवल राजनीतिक लाभ लेने के लिए बवंडर खड़ा किया जा रहा है। मैं बड़ी जिम्मेदारी से आज सदन में कहना चाहता हूं कि दक्षिण हो, उत्तर हो, पूरब हो पश्चिम हो, छोटे या बड़े राज्य हों निर्णय प्रकिया किसी के साथ भेदभाव नहीं करेगी।

- संसद में महिला सशक्तीकरण की दिशा में देश ऐतिहासिक कदम उठाने के लिए पूरी तरह तैयार : मोदी
- कांग्रेस ने कहा- सरकार महिला आरक्षण रोकने के लिए परिसीमन बिल लाई

परिसीमन अनुपात पर गारंटी शब्द चाहिए तो मैं गारंटी देता हूं

मोदी ने कहा, अतीत में जो सरकारें रहीं, जिनके कालखंड में परिसीमन हुआ और जो अनुपात उस समय से चला आ रहा है, उसमें कोई बदलाव नहीं होगा और वृद्धि भी उसी अनुपात में होगी। जब तमिलनाडु की एक सांसद ने गारंटी देने की बात कही तो मोदी ने कहा, अगर गारंटी शब्द चाहिए तो मैं गारंटी देता हूं, वादा शब्द चाहें ते इसका इस्तेमाल करता हूं। तमिल में कोई अच्छा शब्द हो तो उसका इस्तेमाल करता हूं। नीयत साफ है तो शब्दों का खेल करने की कोई जरूरत नहीं है। जब 25-30 साल पहले महिला आरक्षण का विचार आया था तभी इसे लागू कर दिया जाना चाहिए था। हम सब भाग्यवान हैं कि हमें आधी आबादी को इस राष्ट्र निर्माण की नीति निर्धारण प्रक्रिया में हिस्सा बनाने का सौभाग्य मिला है।

कोई भी अहंकार में न रहे कि हम नारी शक्ति को कुछ दे रहे हैं

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम सभी को इस अहंकार में नहीं रहना चाहिए कि हम नारी शक्ति को कुछ दे रहे हैं। यह उसका अधिकार है। उन्होंने कुछ विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि समय-समय पर सभी ने 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का समर्थन तो किया लेकिन किसी न किसी बहाने से इसे रोकने का प्रयास करते रहे। उन्होंने कहा तरह-तरह की बहानेबाजी और चीजों को उलझाना अब नहीं चलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा, यहां कुछ लोगों को लगता है कि इसमें मोदी का राजनीतिक स्वार्थ है। अगर आप इसका विरोध करेंगे तो स्वाभाविक है कि मुझे इसका राजनीतिक लाभ होगा। लेकिन साथ चलेंगे तो किसी को इसका लाभ नहीं होगा।

प्रधानमंत्री बोले- मुझे श्रेय नहीं चाहिए पारित होते ही मैं विज्ञापन देकर सबका धन्यवाद देकर, सबकी तस्वीर छपवाने को तैयार हूं

उन्होंने विपक्षी दलों से कहा, हमें इसका श्रेय नहीं चाहिए। जैसे ही यह पारित हो जाए तो मैं विज्ञापन देकर सबका धन्यवाद देकर, सबकी तस्वीर छपवाने को तैयार हूं। सामने से श्रेय का ब्लैंक चैक आपको दे रहा हूं। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत में कहा, राष्ट्र जीवन में कुछ महत्वपूर्ण पल आते हैं और उस समय की समाज की मनस्थिति और नेतृत्व की क्षमता उस पल को कैद करके एक राष्ट्र की अमानत बना देते हैं, एक मजबूत धरोहर तैयार कर देते हैं। मैं समझता हूं कि भारत के संसदीय लोकतंत्र के इतिहास में यह वैसा ही पल है। उन्होंने कहा, हम सभी सांसद इस महत्वपूर्ण अवसर को जाने न दें। मुझे विश्वास है कि इस मंथन से जो अमृत निकलेगा, वो देश की राजनीति के रूप-स्वरूप को तो तय करेगा ही, देश की दशा और दिशा भी तय करने वाला है।

नए परिसीमन पर शाह बोले- दक्षिणी राज्यों का प्रतिनिधित्व कम नहीं होगा, बल्कि बढ़ेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नए परिसीमन के बाद दक्षिणी राज्यों का संसद में प्रतिनिधित्व कम होने की आशंकाओं को खारिज करते हुए गुरुवार को कहा कि उनकी हिस्सेदारी कम नहीं होगी, बल्कि बढ़ेगी और 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले सभी चुनाव मौजूदा व्यवस्था के तहत ही होंगे। महिला आरक्षण अधिनियम से संबंधित विधेयक, 2026 पर चर्चा में कुछ विपक्षी सदस्यों की विभिन्न आशंकाओं और आपत्तियों को खारिज करते हुए शाह ने ये बातें कहीं।

उन्होंने कहा कि वह विधेयकों पर चर्चा का जवाब शुक्रवार को विस्तार से देंगे, लेकिन कुछ भ्रांतियों को अभी दूर करना चाहते हैं। शाह ने कहा कि ऐसी धारणा पैदा की जा रही है कि इन तीनों विधेयकों के पारित होने से दक्षिण राज्यों की संख्या लोकसभा में बहुत कम हो जाएगी और उन्हें बड़ा नुकसान होगा। उन्होंने इसे खारिज करते हुए कहा कि कर्नाटक में अभी 28 लोकसभा सीट हैं जो कुल 543 सीट का 5.15 प्रतिशत हैं, लेकिन ये विधेयक पारित होने के बाद कर्नाटक के सदस्यों की संख्या 42 हो जाएगी जो कुल 816 सीटों का 5.14 प्रतिशत होगी। शाह ने कहा कि आंध्र प्रदेश में अभी 25 लोकसभा सीट हैं और उसका प्रतिनिधित्व 4.6 प्रतिशत है जो परिसीमन के बाद 38 (4.65 प्रतिशत) हो जाएंगी।

उन्होंने कहा कि तेलंगाना में मौजूदा सीट की संख्या 17 (3.13 प्रतिशत) है, जो बाद में 26 (3.18 प्रतिशत) हो जाएंगी। शाह ने कहा, मैं तमिलनाडु की जनता को आश्वस्त करना चहता हूं कि उनके प्रतिनिधित्व में भी कोई कमी नहीं आएगी और राज्य को कोई नुकसान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अभी राज्य के 39 सदस्य (7.18 प्रतिशत) हैं जो परिसीमन के बाद 59 (7.23 प्रतिशत) हो जाएंगे।

- गृह मंत्री ने कहा- 2029 के लोस चुनाव से पहले सभी चुनाव मौजूदा व्यवस्था के तहत ही होंगे

ब्रीफ न्यूज

गूगल ने बीते वर्ष भारत में 48.3 करोड़ से अधिक विज्ञापनों को हटाया

नई दिल्ली। दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल ने अपने एआई मंच जैमिनी की मदद से वर्ष 2025 में भारत में नीति का उल्लंघन करने वाले 48.37 करोड़ विज्ञापनों को हटाया है। साथ ही 17 लाख विज्ञापनदाता खातों को निलंबित किया गया। गूगल ने गुरुवार को जारी 2025 विज्ञापन सुरक्षा रिपोर्ट में बताया कि उसने पिछले साल वैश्विक स्तर पर 8.3 अरब से अधिक विज्ञापनों को हटाया और 2.49 करोड़ विज्ञापनदाता खातों को निलंबित किया। कंपनी ने कहा कि उसके जैमिनी एआई मॉडल के एकीकरण ने तत्काल गलत तत्वों का पता लगाने और उन्हें रोकने की उसकी क्षमता में बहुत अधिक सुधार किया है।

प्रधानमंत्री मोदी और मैक्रों ने होर्मुज में नौवहन की स्वतंत्रता पर बात की

नई दिल्ली। अमेरिका-ईरान में शांति वार्ता के विफल होने के बाद होर्मुज को समुद्री जहाजों के लिए खोले जाने के लिए अलग-अलग स्तर पर किए जा रहे प्रयास के बीच फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ पश्चिम एशिया की स्थिति पर बातचीत की। मोदी ने मैक्रों के साथ बातचीत के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति मैक्रों का फोन आया। हमने प. एशिया पर चर्चा की और होर्मुज में सुरक्षा तथा नौवहन की स्वतंत्रता को शीघ्र बहाल करने की आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की।

गाजियाबाद में आग से 300 झुग्गियां जलीं, सिलेंडर फटे

गाजियाबाद, एजेंसी

गाजियाबाद जिले के एक गांव में गुरुवार दोपहर भीषण आग लगने से 300 से अधिक झुग्गियां जलकर खाक हो गईं। अधिकारियों ने बताया कि इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के कनवानी गांव में उस जगह पर भीषण आग लगने की सूचना मिली, जहां कबाड़ के निस्तारण और पुनर्चक्रण का काम होता है। आग लगने के तुरंत बाद झुग्गियों में रखे रसोई गैस सिलिंडर एक-एक करके फटने लगे। इन धमाकों की आवाज से पूरा क्षेत्र दहल उठा और लोगों में दहशत फैल गई।

जिलाधिकारी रवींद्र कुमार मंदार के मुताबिक, झुग्गियों के जलने से कई परिवार बेघर हो गए हैं। दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पा लिया है, लेकिन पूरे इलाके में धुएं का गुबार है। मंदार के अनुसार, घटना में किसी के हताहत होने की फिलहाल कोई सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बात की पुष्टि करने के लिए इलाके में सर्वेक्षण कराया जा रहा है कि कोई व्यक्ति लापता तो नहीं है। चिकित्सकों की एक टीम मौके पर है और आसपास के अस्पतालों को भी अलर्ट कर दिया गया है। आग लगने की वजह अभी स्पष्ट नहीं है, हालांकि अधिकारियों को संदेह है कि अवैध बिजली कनेक्शन में शॉर्ट सर्किट या गैस सिलेंडर से रिसाव के कारण चिंगारी भड़की होगी। अधिकारियों के मुताबिक, प्रभावित परिवारों को अस्थायी आश्रयों में ले जाया गया है और उन्हें राहत सामग्री उपलब्ध कराने की प्रक्रिया जारी है। पुलिस के अनुसार, मौके पर शीतलन प्रक्रिया पूरी होने के बाद घटना की गहन जांच शुरू की जाएगी। कनवानी गांव में लगी आग के दौरान बड़ी संख्या में निवासी अपने काम पर गए हुए थे। इस दौरान कई परिवारों के छोटे बच्चे झुग्गियों में ही मौजूद थे।

- कनवानी गांव में भीषण आग के कारण आसपास की कई इमारतें खाली कराई गईं

लखनऊ की झुग्गी बस्ती में आग लगने से दो बच्चों की मौत

लखनऊ। यहां के विकास नगर स्थित एक झुग्गी बस्ती में बुधवार को लगी भीषण आग में दो बच्चों की मौत हो गई। पुलिस उपायुक्त (पूर्व) दीक्षा शर्मा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों बच्चों (जिनकी उम्र लगभग दो साल थी) के शव बुधवार देर रात एक बड़े तलाशी अभियान के बाद बरामद किये गये। उन्होंने बताया, शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

अमेठी में ट्रेन की चपेट में आने से महिला समेत दो बच्चों की मौत

जगदीशपुर (अमेठी), अमृत विचार। जगदीशपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां रेलवे क्रॉसिंग पार करते समय एक महिला और उसके दोनों बच्चों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शुकुल बाजार रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास यह हादसा उस समय हुआ जब एक अज्ञात महिला बच्चों के साथ पटरी पार कर रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से महिला और एक बच्चे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि गंभीर घायल एक बच्चे की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों के नाम अभी सामने नहीं आए हैं।

अकासा और स्पाइसजेट के पंख टकराए, जांच शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हवाई अड्डे पर गुरुवार दोपहर अकासा एयर और स्पाइसजेट के विमानों के पंखों के टकराने से दोनों विमानों को नुकसान पहुंचा। उड्डयन क्षेत्र के नियामक डीजीसीए ने घटना की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद दोनों बोइंग 737 विमानों को हवाई अड्डे पर ही रोक दिया गया है।

डीजीसीए ने कहा कि जांच लंबित रहने तक एक वायु यातायात नियंत्रक और स्पाइसजेट के पायलटों को ड्यूटी से हटा दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना अपराह्न करीब 2.15 बजे हवाई अड्डे के टर्मिनल एक पर हुई जब अकासा एयर का विमान टैक्सीवे पर उड़ान भरने के लिए निकलने वाला था और स्पाइसजेट का विमान पार्किंग स्टैंड की तरफ जा रहा था। अकासा एयर का विमान दिल्ली से हैदराबाद के लिए उड़ान क्यूपी-1406 संचालित करने वाला था, जबकि स्पाइसजेट का विमान उड़ान एसजी 124 का संचालन करने के बाद लेह से आया था। डीजीसीए ने कहा कि स्पाइसजेट का विमान पार्किंग बे में जा रहा था। इसी दौरान अकासा एयर के विमान के एक हिस्से से टकरा गया। टक्कर के कारण स्पाइसजेट विमान के दाहिने हिस्से और अकासा एयर के विमान के एक हिस्से को नुकसान पहुंचा है। अकासा एयर ने कहा कि दिल्ली से हैदराबाद जाने वाली उसकी उड़ान क्यूपी-1406 को बे (जहां विमान खड़ा रहता है) पर लौटना पड़ा। अकासा एयर का विमान खड़ा था जब दूसरे एयरलाइन के विमान का एक हिस्सा उससे टकरा गया।

- डीजीसीए ने वायु यातायात नियंत्रक व स्पाइसजेट के पायलटों को ड्यूटी से हटाया
- पार्किंग एरिया में हुआ हादसा, दोनों विमानों को नुकसान लेकिन यात्री सुरक्षित

अमेरिका ने ईरान से निकल रहे 13 जहाजों को लौटाया

वाशिंगटन/बेरूत। अमेरिका ने ईरान को चेतावनी दी है कि अगर उसने पीस डील नहीं मानी, तो फिर से जंग शुरू हो सकती है। वहीं उसने होर्मुज से 13 जहाजों को वापस लौटा दिया है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि ईरान के पास समझौता करने का मौका है, लेकिन अगर उसने इसे ठुकराया तो अमेरिका दोबारा सैन्य कार्रवाई शुरू करेगा।

उन्होंने बताया कि अमेरिकी फोर्सेस पूरी तरह तैयार हैं और किसी भी समय कॉम्बैट ऑपरेशन शुरू कर सकती हैं। अमेरिकी सेना राष्ट्रपति के आदेश का इंतजार कर रही है और निर्देश मिलते ही कार्रवाई शुरू की जा सकती है। हेगसेथ ने कहा है कि अमेरिका ईरान पर नौसैनिक नाकेबंदी जारी रखेगा। यह कार्रवाई तब तक जारी रहेगी, जब तक अमेरिका अपने रणनीतिक लक्ष्य हासिल नहीं कर लेता। वहीं अमेरिकी जनरल डैन केन ने बताया कि अब तक 13 जहाज नाकाबंदी के चलते वापस लौट चुके हैं।

- अमेरिकी रक्षा मंत्री बोले-ईरान ने डील नहीं मानी तो फिर जंग होगी
- लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ ने नेतन्याहू से बातचीत करने से किया इनकार

बस हादसे में मृत कार्मिक के आश्रितों को मिलेंगे 20 हजार रुपये

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : परिवहन निगम की बस दुर्घटना में चालक या परिचालक की मृत्यु होने पर उनके आश्रितों को अंतिम संस्कार के लिए अब तत्काल 20 हजार रुपये दिए जाएंगे। यह वृद्धि उप्र. राज्य सड़क परिवहन निगम ने यात्री राहत योजना अंतर्गत अपने संविदा कार्मिकों के हित में की है।

परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि निगम में कार्यरत नियमित, संविदा और आउटसोर्स कार्मिकों की ड्यूटी के दौरान किसी भी कारण से मृत्यु होने पर उनके आश्रितों को 20 हजार राशि दी जाएगी। पहले आश्रितों को केवल पांच हजार रुपये की आकस्मिक सहायता मिलती थी, जिसे बाद में कार्मिक के वेतन से समायोजित कर लिया जाता था। नई व्यवस्था में 20 हजार रुपये सीधे निगम की आय से दिए जाएंगे और इसे बाद में किसी प्रकार से वसूल नहीं किया जाएगा।

- नई व्यवस्था से परिवारों को मिलेगा त्वरित आर्थिक संबल

अनिल अंबानी की याचिकाएं खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने उद्योगपति अनिल अंबानी की बंबई हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं को गुरुवार को खारिज कर दिया। हाईकोर्ट ने तीन बैंकों द्वारा उनके और रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड के खातों को फर्जी घोषित करने के लिए शुरू की गई कार्यवाही को जारी रखने की अनुमति दी थी।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने साथ ही अंबानी को बैंकों के कारण बताओ नोटिस के खिलाफ उच्च न्यायालय की एकल पीठ के समक्ष अपनी याचिका जारी रखने की अनुमति दी। पीठ ने एकल पीठ से अनुरोध किया कि वह इन बैंक द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस के खिलाफ अंबानी की याचिका पर शीघ्र निर्णय करे। उच्चतम न्यायालय ने यह आदेश अंबानी द्वारा दायर तीन अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान दिया, जिनमें उन्होंने उच्च न्यायालय की खंडपीठ के 23 फरवरी के आदेश को चुनौती दी थी। खंडपीठ ने एकल पीठ के उस अंतरिम आदेश को रद्द कर दिया था जिसमें उनके और रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड के खिलाफ खातों को फर्जी घोषित करने की कार्यवाही पर रोक लगाई गई थी। इसके साथ ही खंडपीठ ने तीन सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और ऑडिट कंपनी बीडीओ इंडिया एलएलपी द्वारा दिसंबर 2025 में एकल पीठ के अंतरिम आदेश के खिलाफ दायर अपीलों को स्वीकार कर लिया था। एकल पीठ के आदेश में इंडियन ओवरसीज बैंक, आईडीबीआई बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा की जा रही वर्तमान और भविष्य की सभी कार्रवाइयों पर रोक लगाई गई थी।

अदालत ने कहा था कि यह कार्रवाई कानूनी रूप से त्रुटिपूर्ण फॉरेंसिक ऑडिट पर आधारित है और भारतीय रिजर्व बैंक के अनिवार्य दिशानिर्देशों का उल्लंघन करती है। अंबानी ने एकल पीठ के समक्ष इंडियन ओवरसीज बैंक, आईडीबीआई बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस को चुनौती दी थी।

- अंबानी ने बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को दी थी चुनौती

बदलाव | गोरखनाथ मंदिर क्षेत्र में 9.18 करोड़ से बने दो आधुनिक सुरक्षा भवनों का उद्घाटन, सीएम ने कहा, सुशासन की पहली शर्त सुरक्षा

समय पर भर्ती-ट्रेनिंग से बदली पुलिस की तस्वीर : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद पुलिस विभाग में समय पर भर्ती, समय पर ट्रेनिंग और अवस्थापना सुविधाओं के विकास से पुलिसकर्मियों के कार्य की गति बढ़ी है। इसी का परिणाम है कि प्रदेश में सुरक्षा का बेहतर माहौल बना और सुशासन का बेहतरीन मॉडल खड़ा हुआ।

वे गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर क्षेत्र की सुरक्षा के लिए बने दो आधुनिक सुरक्षा भवनों के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इन भवनों में मंदिर सुरक्षा से जुड़े अपर पुलिस अधीक्षक व पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय, कंट्रोल रूम, पुलिस स्टोर रूम और मेंटिनेंस वर्कशाप बनाई गई है। इसके निर्माण पर 9.18 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आई है। मुख्यमंत्री ने सुरक्षा भवनों में उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन भी किया। कहा कि सुरक्षा, सुशासन की पहली शर्त होती है। हर व्यक्ति को सुरक्षा चाहिए। इसके लिए सरकार के स्तर पर प्रयास किए जाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले पुलिस भर्ती, ट्रेनिंग और सुविधाओं की अनदेखी होती थी, जिससे युवाओं का रुझान भी कम था। लेकिन अब स्थिति बदल गई है।

गोरखपुर : आधुनिक सुरक्षा भवन का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री योगी।

पुलिस किसी भी स्थिति में असहाय नहीं

सीएम ने कहा कि अब पुलिस असहाय नहीं है। अपराधियों को पकड़ने और थानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त संसाधन और बल मौजूद है। उन्होंने चेतावनी दी कि सुरक्षा व्यवस्था में सेंध लगाने वालों के खिलाफ पुलिस सख्ती से कार्रवाई करेगी। अब अपराधी भाग नहीं सकता, क्योंकि उसे थाने में ही रोककर रखने की सुविधाएं दी गई हैं। अब कोई थाने पर हमला नहीं कर सकता, क्योंकि थाने में पुलिस कार्मिकों के लिए अलग से बेहतरीन सुविधाओं से युक्त बैरक बनाए गए हैं। हर समय, हर थाने में पर्याप्त संख्या में पुलिस कार्मिक उपलब्ध होंगे।

पहले नहीं थी अच्छी आवासीय सुविधा

योगी ने कहा कि पहले थाना हो, चौकी हो, पुलिस लाइन हो या पीएसी वाहिनी, कहीं भी पुलिसकर्मियों के लिए अच्छी आवासीय सुविधा और अच्छे बैरक नहीं थे। पुलिसकर्मी किराए पर रहकर जैसे-तैसे जीवन व्यतीत करता था। होता यह था कि उसके बच्चे की परीक्षा है और उसी समय मकान मालिक घर खाली करने को कह देता। इस पर वह झल्ला कर कहता, घर नहीं खाली करेंगे। आज ये सारी शिकायतें समाप्त हो गई हैं, । सरकार ने हर पुलिस लाइन में आवासीय सुविधा दी है, बैरक बनवाए गए हैं।

भाजपा सरकार आई तो बंगाल की सड़कों पर झाड़ू लगाएंगे माफिया और मौलाना : योगी

मुख्यमंत्री ने पश्चिम बंगाल की तीन चुनावी सभाओं में तृणमूल कांग्रेस समेत विपक्ष पर साधा निशाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल के बाराबनी, रामपुरहाट और बोलपुर में आयोजित तीन बड़ी जनसभाओं में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), कांग्रेस और वाम दलों पर तीखा हमला बोला। भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में वोट मांगते हुए उन्होंने कहा कि यदि बंगाल में भाजपा की सरकार बनी, तो गुंडे, माफिया और अराजक तत्व बने मौलाना सड़कों पर झाड़ू लगाते नजर आएंगे।

तीनों जनसभाओं में भारी भीड़ उमड़ी और लोग मुख्यमंत्री योगी की एक झलक पाने के लिए छतों और पेड़ों तक पर चढ़े दिखाई दिए। योगी ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे भयमुक्त होकर मतदान करें और डबल इंजन सरकार बनाकर टीएमसी का सूपड़ा साफ कर दें। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि टीएमसी शासन में बंगाल "सैंड, कोल और लैंड माफिया" का अड्डा बन गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र से आने वाला विकास का पैसा भ्रष्टाचार में खत्म हो जाता है।

सांस्कृतिक पहचान बनाम 'क्राइम कैपिटल' का मुद्दा : योगी ने कहा कि ममता बनर्जी के नेतृत्व में राज्य अपनी पहचान खो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान शासन में त्योहारों, परंपराओं और सामाजिक समरसता पर असर पड़ा है।

पश्चिम बंगाल के बोलपुर में आयोजित जनसभा के दौरान मंच से भाजपा नेताओं के साथ एकजुटता प्रदर्शित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

- एक झलक पाने को उमड़े लोग सीएम बोले- भाजपा साफ करेगी तृणमूल का सूपड़ा

भाजपा की गारंटी, न गो माता कटेगी न हिंदू बंटेगा : योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में माफियाओं पर बुलडोजर कार्रवाई से व्यवस्था सुधरी है और यही मॉडल बंगाल में भी लागू किया जाएगा। भाजपा की गारंटी दोहराते हुए कहा कि 'गोमाता की रक्षा होगी और हिंदू समाज को बांटने नहीं दिया जाएगा।

बांग्ला में बात कर योगी ने जीता दिल : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल की जनसभाओं में उपस्थित जनसमूह से बांग्ला में संवाद कर उनका दिल जीत लिया। रामपुरहाट व बोलपुर में मुख्यमंत्री ने मतदाताओं से कहा कि आप सबको भाजपा प्रत्याशियों को भारी मतों से जिताना है। अपना आशीर्वाद देना है। इसलिए अब मैं जो कहूंगा, आप लोग उसका जवाब दीजिएगा। फिर सीएम ने कहा, ऑन्धकार हटबे (अंधकार हटेगा)। जनता ने उत्तर दिया- सूरोज उठेबे, कोमोल खिलबे (सूरज उगेगा-कमल खिलेगा)। मुख्यमंत्री ने आगे कहा, पलटानो दोरकार (परिवर्तन की जरूरत है), जनता ने उत्तर दिया- चाई बीजेपी सोरकार (चाहिए भाजपा सरकार)। सीएम ने जब "आमार सोनार बांग्ला, टीएमसी मुक्तो बांग्ला (हमारा सोने जैसा बंगाल, टीएमसी मुक्त बंगाल)" कहा तो उपस्थित जनसमूह ने भी दोनों हाथ उठाकर इसे कई बार दोहराया।

जनता दर्शन में योगी बोले- घबराइए मत, इलाज में नहीं आएगी बाधा

अमृत विचार, लखनऊ/गोरखपुर : योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में संवेदनशीलता दिखाते हुए श्रावस्ती से आई एक महिला को उसके बीमार बच्चे के इलाज का भरोसा दिया। महिला ने सहायता की गुहार लगाई, जिस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत आयुष्मान भारत योजना के तहत कार्ड की जानकारी ली। कार्ड न बनने पर उन्होंने आश्वासन दिया कि इलाज में कोई बाधा नहीं आएगी और अधिकारियों को तत्काल आयुष्मान कार्ड बनवाने, इलाज का इस्टीमेट तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए। साथ ही विवेकाधीन कोष से मदद का भी भरोसा दिया। जनता दर्शन में करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनी गईं। गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध और निष्पक्ष निस्तारण करने के निर्देश दिए। जमीन कब्जे और अपराध से जुड़े मामलों में सख्ती बरतने को कहा। इस दौरान उन्होंने बच्चों से स्नेहपूर्वक बातचीत कर उन्हें चॉकलेट भी दी।

धार्मिक पर्यटन के लिए करोड़ों रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नैमिषारण्य-दधीचि तीर्थ के साथ औरैया-अमरोहा में मिलेगी पर्यटन को रफ्तार
- सीतापुर में 99 लाख, औरैया में 278 लाख व अमरोहा में 337 लाख रुपये मंजूर

अमृत विचार : राज्य सरकार धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बड़े स्तर पर निवेश कर रही है। इसी कड़ी में सीतापुर के मिश्रिख स्थित महर्षि दधीचि तीर्थ के विकास के साथ-साथ औरैया व अमरोहा जिलों में भी करोड़ों रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं।

सीतापुर में महर्षि दधीचि की तपोभूमि के विकास के लिए 99.14 लाख रुपये की परियोजना पर काम शुरू हो गया है। पहली किस्त के रूप में 74 लाख रुपये जारी किए जा चुके हैं। इस योजना के तहत यात्री शेड, चेंज रूम, भव्य प्रवेश द्वार, प्रकाश व्यवस्था और अन्य बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। सरकार का लक्ष्य नैमिषारण्य को विश्वस्तरीय धार्मिक-पर्यटन हब के रूप में स्थापित करना है।

उधर, कानपुर मंडल के औरैया जिले में भी पर्यटन विकास के लिए 278 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस राशि से दिबियापुर के सेहुद धाम हनुमान मंदिर, विधूना के दुर्वासा आश्रम और सहार क्षेत्र के गंगा बाबा स्थल का विकास किया जाएगा।

इसी तरह मुरादाबाद मंडल के अमरोहा में पांच परियोजनाओं के लिए 337 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इनमें बाबा लालचंद मंदिर, धुने वाले बाबा शिव मंदिर, प्रज्ञा बुद्ध विहार, डिडौली शिव मंदिर और चामुंडा देवी मंदिर का विकास शामिल है। इन सभी कार्यों के लिए यूपीएसटीडीसी को कार्यदायी संस्था बनाया गया है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि इन परियोजनाओं से न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

अनुशासनहीनता में मऊ के एसडीओ निलंबित

अमृत विचार, लखनऊ : भ्रष्टाचार और अनुशासनहीनता के मामले में मऊ जिले के एसडीओ अमित कुमार को निलंबित कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक आपत्तिजनक वीडियो के मामले में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने सख्त रुख अपनाते हुए तत्काल कार्रवाई कराई है। मंत्री ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक शंभू कुमार से बात कर पूरे प्रकरण की गहन जांच कराने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके बाद एमडी ने उपखंड अधिकारी (एसडीओ) अमित कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया और विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। मुख्य अभियंता, आजमगढ़ ने भी पुष्टि की कि मऊ डिवीजन प्रथम में तैनात एसडीओ के खिलाफ वायरल वीडियो को लेकर यह कार्रवाई की गई है।

खनन कार्यों में लापरवाही पर कार्रवाई के आदेश

मंडलायुक्त की रिपोर्ट के आधार पर सात अधिकारियों-कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में खनन कार्यों में लापरवाही बरतने वाले सात अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई के आदेश जारी किए गए हैं। इनमें चार ज्येष्ठ खान अधिकारी भी शामिल हैं। यह कार्रवाई मिर्जापुर मंडलायुक्त की रिपोर्ट और संस्तुति के आधार पर की गई है।

कार्रवाई की जद में आए अधिकारियों-कर्मचारियों में महबूब, जेपी द्विवेदी, कमलेश कुमार राय, आशीष कुमार, चन्द्र प्रकाश तिवारी, कमला शंकर उपाध्याय और सुनील कुमार शामिल हैं, जो उस समय सोनभद्र जिले में तैनात थे।

- राजस्व हानि के मामले में बड़ा कदम, समयबद्ध खदान संचालन के निर्देश

भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की सचिव एवं निदेशक माला श्रीवास्तव ने बताया कि यह कार्रवाई वर्ष 2017 में आवंटित चूना पत्थर की खदान के संचालन में गंभीर लापरवाही के मामले में की गई है। नियमानुसार खदान का संचालन वर्ष 2019 तक शुरू होना था, लेकिन संबंधित अधिकारियों ने समयबद्ध तरीके से कार्य नहीं किया। साथ ही, समयसीमा विस्तार के लिए जरूरी प्रस्ताव भी समय पर शासन को नहीं भेजे गए, जिससे खदान संचालन बाधित रहा और राजस्व की संभावित हानि हुई।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि खनन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार की प्राथमिकता है कि खदानों का संचालन पूरी पारदर्शिता और नियमों के तहत समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, ताकि राजस्व में वृद्धि हो और संसाधनों का सही उपयोग हो सके।

गैरहाजिर आईएएस समीर वर्मा पर कसा शिकंजा

अमृत विचार, लखनऊ : वर्ष 2002 बैच के आईएएस अधिकारी समीर वर्मा की लंबे समय से गैरहाजिरी पर शासन ने सख्ती दिखाते हुए विभागीय जांच शुरू कर दी है। उन्हें 8 अक्टूबर 2025 को नियोजन विभाग में सचिव पद पर तैनाती दी गई थी, लेकिन उन्होंने अब तक कार्यभार ग्रहण नहीं किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रमुख सचिव अनिल गर्ग को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। बताया जा रहा है कि समीर वर्मा ने स्टडी लीव के लिए आवेदन किया था, जिसे मंजूरी नहीं मिली, इसके बावजूद वे ड्यूटी पर नहीं लौटे। जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। उल्लेखनीय है कि समीर वर्मा पहले भी स्टांप एवं पंजीयन विभाग में तबादला विवाद को लेकर चर्चा में रहे हैं, जिसके बाद उन्हें पद से हटाकर प्रतीक्षारत कर दिया गया था।

नोएडा हिंसा मामले में सामने आया पाकिस्तान कनेक्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/नोएडा

- पुलिस कमिश्नर का खुलासा पाकिस्तान से संचालित दो एक्स हैंडलरों पर रिपोर्ट दर्ज
- मामले में 662 गिरफ्तारियां पुलिस की सख्ती से धीरे-धीरे सुधर रहे हालात

अमृत विचार: नोएडा के औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों के प्रदर्शन के दौरान भड़की हिंसा अब बड़े साजिशी एंगल की ओर इशारा कर रही है। जांच में सामने आया है कि इस पूरे बवाल को भड़काने में पाकिस्तान से संचालित सोशल मीडिया हैंडल्स की भूमिका रही है। पुलिस ने इसे गंभीरता से लेते हुए विदेशी कनेक्शन की जांच तेज कर दी है।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने खुलासा किया कि पाकिस्तान से संचालित दो एक्स (ट्विटर) हैंडल्स के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। अब तक कुल 13 एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं और 662 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का मानना है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए सुनियोजित तरीके से माहौल को भड़काया गया। जांच में यह भी सामने आया है कि वेतन वृद्धि की मांग को लेकर शुरू हुआ आंदोलन अचानक हिंसक हो गया। इसकी चिंगारी तेलंगाना और कर्नाटक से संचालित व्हाट्सऐप ग्रुपों के जरिए फैली। कई संगठनों ने इन ग्रुपों का इस्तेमाल कर श्रमिकों को उकसाने का प्रयास किया। इसके अलावा टेलीग्राम चैनलों के माध्यम से भी अफवाहें फैलाकर स्थिति को बिगाड़ा गया।

पूरे मामले की जांच कर रही एसटीएफ अब तक 500 से अधिक वीडियो फुटेज खंगाल चुकी है। इन वीडियो के आधार पर हिंसा में शामिल लोगों और साजिशकर्ताओं की पहचान की जा रही है। डिजिटल ट्रेल से दक्षिण भारत से जुड़े कुछ संदिग्धों के तार भी सामने आए हैं, जिनकी भूमिका की गहन जांच जारी है। सोमवार को हुई हिंसा के बाद पुलिस ने बड़े पैमाने पर कार्रवाई करते हुए कोतवाली फेज-1, फेज-2, सेक्टर-58, सेक्टर-63 और फेज-3 समेत औद्योगिक क्षेत्रों से सैकड़ों लोगों को हिरासत में लिया। लगातार छापेमारी कर अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और बड़ी संख्या में लोगों से पूछताछ की जा रही है।

प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। जिलाधिकारी मेधा रूपम समेत वरिष्ठ अधिकारी मौके पर डेरा डाले हुए हैं और श्रमिकों से सीधे संवाद कर रहे हैं। वेतन वृद्धि और अन्य फैसलों की सही जानकारी देकर अफवाहों को खत्म करने की कोशिश की जा रही है।

प्रशासन मैदान में, शांति बहाली की कवायद

हालात सामान्य करने के लिए प्रशासन लगातार सक्रिय है। औद्योगिक क्षेत्रों और श्रमिकों के गांवों में शांति मार्च निकाले जा रहे हैं। अधिकारियों द्वारा सीधे संवाद स्थापित कर भ्रम दूर किया जा रहा है। श्रमिकों को वेतन वृद्धि और सरकारी फैसलों की जानकारी देकर स्थिति को शांत करने का प्रयास जारी है।

'मजदूर बिगुल' पर कार्रवाई, कई गिरफ्तार

पुलिस ने मजदूर बिगुल दस्ता संगठन के प्रमुख रूपेश राय समेत 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया है कि संगठन के सदस्य फैक्ट्रियों के आसपास घूमकर श्रमिकों को उकसा रहे थे। इससे पहले भी इस संगठन पर अन्य राज्यों में हिंसा भड़काने के आरोप लग चुके हैं।

80 फीसदी औद्योगिक इकाइयों में कामकाज शुरू

पुलिस-प्रशासन की सख्ती के बाद हालात तेजी से सुधर रहे हैं। करीब 80 फीसदी औद्योगिक इकाइयों में कामकाज दोबारा शुरू हो चुका है। सुरक्षा एजेंसियां अभी भी अलर्ट मोड पर हैं और किसी भी नई साजिश या अफवाह को रोकने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है।

एक हजार पंचायतों से होगी आधार सेवा की शुरुआत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : पंचायती राज विभाग द्वारा सभी 57 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों तक आधार सेवाएं पहुंचाने की तैयारी की जा रही है। पहले चरण में 1000 ग्राम पंचायतों में यह सुविधा शुरू की जा रही है।

पंचायत सहायकों और आधार ऑपरेटरों की भूमिका संवेदनशील बताते हुए पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने निर्देश दिए हैं कि सभी कर्मी पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, ताकि हर पात्र व्यक्ति तक आधार सेवाएं आसानी से पहुंच सकें। प्रदेश के विभिन्न जिलों, लखनऊ, बाराबंकी, खीरी, सीतापुर और बलरामपुर की 77 ग्राम पंचायतों में पहले से ही आधार सेवाएं संचालित हो रही हैं। इस मॉडल को पूरे प्रदेश में लागू करने की तैयारी है। आधार ऑपरेटरों और सुपरवाइजर्स के लिए पंचायती राज निदेशालय, अलीगंज लखनऊ में एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुई। इसमें पंचायत सहायकों और बैंक से जुड़े ऑपरेटरों को प्रशिक्षण दिया गया।

'निपुण शिक्षक सारथी' से शैक्षिक नींव होगी मजबूत

अमृत विचार, लखनऊ: प्रदेश में निपुण भारत मिशन के तहत 'निपुण शिक्षक सारथी' कार्यक्रम शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य बेसिक शिक्षा को परिणामोन्मुख बनाना है। इस पहल में कक्षा 2 के विद्यार्थियों की भाषा और गणितीय दक्षताओं को मजबूत करने पर विशेष फोकस किया गया है, ताकि शुरुआती स्तर पर ही मजबूत शैक्षिक नींव तैयार हो सके।

पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इसे चित्रकूट, सोनभद्र, बलरामपुर, गोरखपुर और सीतापुर में लागू किया गया है। 15 राज्य स्तरीय संदर्भ समूह (एसआरजी) को प्रशिक्षित कर तकनीक के माध्यम से शिक्षकों से जोड़ा गया है, जिससे उन्हें निरंतर शैक्षणिक मार्गदर्शन मिल सके। अब शिक्षकों और तकनीकी टीम के बीच नियमित संवाद बढ़ाकर 18-20 बार संपर्क सुनिश्चित किया जाएगा। इस मॉडल से फील्ड विजिट पर निर्भरता घटेगी और दूरदराज क्षेत्रों तक भी सहायता पहुंचेगी। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम शिक्षकों को तकनीक-सक्षम मार्गदर्शक बनाकर छात्रों के समग्र विकास में अहम भूमिका निभाएगा।

फंसा पेंच | दो माह बाद भी आदेश लागू नहीं, केजीएमयू जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं

असहमति से अटकी पोस्टमार्टम सुधार योजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में दुर्घटनाग्रस्त और जटिल मामलों के शवों का पोस्टमार्टम फोरेंसिक विशेषज्ञों से कराने के शासनादेश को जारी हुए करीब दो माह बीत चुके हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर अब तक कोई खास बदलाव नहीं दिखा है। व्यवस्था में सुधार के उद्देश्य से लिया गया यह फैसला फिलहाल विभागीय असहमति और संसाधनों की कमी के कारण अटका हुआ है।

इस संबंध में विधि विज्ञान प्रयोगशाला के निदेशक डॉ. आदर्श कुमार के नेतृत्व में दो अहम बैठकें हो चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई निर्णय नहीं हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, जहां संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान और डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के फोरेंसिक विशेषज्ञों ने पोस्टमार्टम करने पर सहमति दे दी है, वहीं केजीएमयू का फोरेंसिक विभाग जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है।

- लोहिया व एसजीपीजीआई में संसाधनों की कमी

दूसरी ओर, केजीएमयू प्रशासन का कहना है कि लोहिया और एसजीपीजीआई में मानक के अनुरूप पोस्टमार्टम हाउस और आवश्यक टेबल की व्यवस्था नहीं है, जिससे प्रक्रिया को लागू करने में दिक्कत आ रही है।

पुरानी व्यवस्था ही जारी : वर्तमान में पोस्टमार्टम का कार्य अब भी स्वास्थ्य विभाग (प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग) के चिकित्सकों द्वारा ही किया जा रहा है। मुख्य चिकित्साधिकारी की निगरानी में जिला चिकित्सालय एवं अन्य सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों को रोटेशन के आधार पर यह जिम्मेदारी निभानी पड़ती है। हालांकि विवादित मामलों में मेडिकल कॉलेजों के फोरेंसिक विशेषज्ञों की मदद ली जाती है।

बैठकों का दौर जारी, सहमति का प्रयास

लखनऊ के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एन.बी. सिंह का कहना है कि नई व्यवस्था लागू करने में शुरुआती दिक्कतें स्वाभाविक हैं। सभी मेडिकल कॉलेजों के फोरेंसिक विभागाध्यक्षों के साथ लगातार बैठकें हो रही हैं। राजधानी के 54 थानों से जुड़े पोस्टमार्टम के लिए केजीएमयू, लोहिया और एसजीपीजीआई को केंद्र बनाया जाएगा। वहीं, केजीएमयू के फोरेंसिक विभागाध्यक्ष प्रो. अनूप वर्मा का कहना है कि संस्थान को शासनादेश के पालन में कोई आपत्ति नहीं है और परिसर में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पहले से जारी है। समस्या अन्य संस्थानों में आवश्यक सुविधाओं की कमी को लेकर है।

चिकित्सकों का विरोध बना कारण

सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक लंबे समय से पोस्टमार्टम ड्यूटी का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि वे इस विषय के विशेषज्ञ नहीं हैं, जिससे कानूनी मामलों में सटीक जवाब देना कठिन होता है और अस्पतालों की नियमित चिकित्सा सेवाएं भी प्रभावित होती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त अपर मुख्य सचिव अमित घोष ने पोस्टमार्टम की जिम्मेदारी फोरेंसिक विशेषज्ञों को सौंपने का आदेश जारी किया था। इसमें सरकारी के साथ निजी मेडिकल कॉलेजों और पीपीपी मोड पर संचालित संस्थानों को भी शर्तों के साथ शामिल करने के निर्देश दिए गए थे।

सीएम युवा योजना के तहत तैनात होंगे 90 क्रेडिट काउंसलर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एमएसएमई को मिलेगा ऋण मार्गदर्शन, 1.5 लाख युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य

अमृत विचार: प्रदेश सरकार ने सीएम युवा योजना को और प्रभावी बनाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और बैंकिंग प्रक्रियाओं को आसान बनाने के उद्देश्य से 90 सर्टिफाइड क्रेडिट काउंसलर्स तैनात किए जाएंगे। ये काउंसलर युवाओं और बैंकों के बीच सेतु बनकर काम करेंगे।

गोमतीनगर में शुरू हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को दो चरणों में बांटा गया है। पहले चरण में 50 जिलों और दूसरे में 25 जिलों को शामिल किया गया है। सिडबी और आईआईबीएफ के सहयोग से चल रहे इस कार्यक्रम को भारतीय रिजर्व बैंक से मंजूरी मिली है। 'ट्रिपल सी' कोर्स के जरिए वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दिया जाएगा, जो खासकर एमएसएमई क्षेत्र के लिए लाभकारी होगा। सरकार ने इस वर्ष योजना के तहत 1.5 लाख युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा है। साथ ही सेवानिवृत्त बैंक अधिकारियों को भी इस पहल से जोड़कर उनकी विशेषज्ञता का उपयोग किया जाएगा।

यूपीकॉन के एमडी प्रवीण सिंह के अनुसार, सर्टिफाइड क्रेडिट काउंसलर एमएसएमई उद्यमियों को उपयुक्त ऋण योजनाओं की जानकारी देंगे, प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कराने में मदद करेंगे और वित्तीय दस्तावेजों को व्यवस्थित करेंगे।

ओबीसी महिलाओं का हक छीन रही भाजपा

अमृत विचार, लखनऊ : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि देश में पिछड़ों की कुल जनसंख्या 70 फीसदी है तो उनकी आधी-आबादी 33 फीसदी से ज्यादा पिछड़ी महिलाओं के हक की बात इस महिला आरक्षण बिल में नहीं है। स्पष्ट है कि यह सरकार पिछड़े वर्ग की 33 फीसदी से ज्यादा महिला आबादी का हक छीन रही है, उन्हें अधिकार नहीं देना चाहती है। सपा प्रमुख ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि सपा महिला आरक्षण के पक्ष में है, पर उस भाजपाई चालबाजी के खिलाफ है, जो साजिश के तहत की जा रही है। कहा कि भाजपा ने नारी को अपने मातृ संगठन में नहीं रखा, वे उनका मान सम्मान कैसे रखेंगे।

न्यूज ब्रीफ

श्रमिकों से मिलने आज नोएडा जाएगा सपा प्रतिनिधिमंडल

अमृत विचार, लखनऊ : सपा प्रमुख अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल शनिवार 17 अप्रैल को नोएडा गौतमबुद्धनगर जायेगा। पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए लाठी चार्ज प्रकरण की जानकारी लेने श्रमिकों, मजदूरों एवं उनके परिवार से मिलने के लिए प्रतिनिधिमंडल के लोग श्रमिकों के पास पहुंचेंगे। नोएडा में 10 हजार से 11 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन पर 10-12 घंटे नौकरी करने वाले मजदूरों और श्रमिकों साप्ताहिक अवकाश न मिलने पर शांति प्रदर्शन किया जा रहा था। वेतन बढ़ाने और अतिरिक्त काम के एवज में ओवरटाइम की मांग कर रहे थे। नोएडा फेस-2 में मदरसन इंडिया लिमिटेड के प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों पर स्थानीय प्रशासन और पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज किया गया। प्रतिनिधिमंडल में माता प्रसाद पांडेय, शाहिद मंजूर, कमाल अख्तर, अतुल प्रधान, पंकज कुमार मलिक, राज कुमार भाटी, सुधीर भाटी, आश्रय गुप्ता, शशांक यादव, फकीर चन्द्र नागर, वीर सिंह यादव विशेष आमंत्रित सदस्य सुनील चौधरी पूर्व प्रत्याशी नोएडा शामिल हैं।

अटल विद्यालयों के 93.15 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण

अमृत विचार, लखनऊ : निर्माण श्रमिकों और वंचित वर्ग के बच्चों के लिए संचालित अटल आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों पहली ही सीबीएसई हाईस्कूल परीक्षा में इतिहास रच दिया है। प्रदेश के इन विद्यालयों का कुल परीक्षा परिणाम 93.15 फीसदी रहा, जो इस नई शैक्षिक पहल की सफलता को दर्शाता है। विद्यालयों की मेधा सूची में आजमगढ़ के संगम यादव ने 97.6 फीसदी अंक के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। इस वर्ष 2,178 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी, जिनमें से अधिकांश सफल रहे। खास बात यह रही कि वाराणसी और प्रयागराज के अटल आवासीय विद्यालयों ने 100 फीसदी परिणाम हासिल कर उत्कृष्टता का नया मानदंड स्थापित किया। मेधा सूची में वाराणसी के हर्ष कुशवाहा 97.2 फीसदी अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि प्रयागराज के हर्षित ने 95.8 फीसदी अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। आगरा के गणेश (95.4प्रतिशत) और मुरादाबाद के उदय प्रताप (95 प्रतिशत) भी शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में शामिल रहे।

परिषदीय विद्यालयों में नारी शक्ति वंदन अभियान शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में "नारी शक्ति वंदन" अभियान की शुरुआत की गई है। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं की भागीदारी बढ़ाना, निर्णय प्रक्रिया में उनकी भूमिका मजबूत करना और लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है। अभियान के पहले दिन "नारी शक्ति सम्मान" कार्यक्रम आयोजित कर 70 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति वाली छात्राओं के अभिभावकों को सम्मानित किया गया। साथ ही छात्राओं और महिला शिक्षकों ने मानव श्रृंखला बनाकर जागरूकता का संदेश दिया। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि यह अभियान बालिकाओं में आत्मविश्वास, सुरक्षा की भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करेगा। 17 अप्रैल को आत्मरक्षा प्रदर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और समाज सेवा गतिविधियां होंगी, जबकि 20 अप्रैल को वाद-विवाद, निबंध, कविता और पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। अधिकारियों को कार्यक्रमों के पारदर्शी व प्रभावी आयोजन के निर्देश दिए गए हैं।

विद्यालयों में मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

सीबीएसई हाईस्कूल परीक्षा परिणाम

- 96.60% अंक पाकर लखनऊ पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल के टॉपर बने अज्जाम अहमद

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

होनहारों को स्कूल में किया गया सम्मानित। ● अमृत विचार

विद्यार्थियों को सम्मानित करते सिद्धार्थ अवस्थी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : सीबीएसई हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में बाराबंकी के होनहार मेधावियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए जिला ही नहीं, अपने संस्थान व अभिभावकों का मान बढ़ाया है। बाराबंकी टॉप करने वालों के ही क्रम में अन्य विद्यालयों का परीक्षा परिणाम भी कम उल्लेखनीय नहीं है। विभिन्न विद्यालयों में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

लखनऊ पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल में टॉपर्स हुए सम्मानित : सीबीएसई द्वारा दसवीं का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही अयोध्या रोड बडेल स्थित लखनऊ पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल में खुशी का माहौल छा गया। गुरुवार को विद्यालय में सफल विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर, पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के होनहार छात्र अज्जाम अहमद ने 96.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया और स्कूल टॉपर बने। वहीं आर्या वर्मा ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि सचि शुक्ला ने 94.80 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान हासिल किया। 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में साहित्य सिंह धीमान ने 94.40 प्रतिशत, अवंतिका पटेल ने 93.80 प्रतिशत, आयुष प्रताप सिंह ने 93.80 प्रतिशत, अमन वर्मा ने 93.20 प्रतिशत, श्रद्धा शर्मा ने 93 प्रतिशत, वैष्णवी यादव ने 93 प्रतिशत, राणा शौर्य प्रताप सिंह ने 91 प्रतिशत, तनिष्का जायसवाल ने 90.80 प्रतिशत तथा शाश्वत शुक्ला ने 90.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके साथ ही 27 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए, 38 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर सफलता दर्ज की, जबकि शेष 4 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय की उत्कृष्ट परंपरा को आगे बढ़ाया। विद्यालय के डायरेक्टर शिवम चौधरी ने कहा कि इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो विद्यालय की उच्चस्तरीय शैक्षणिक गुणवत्ता, शिक्षकों का समर्पण, विद्यार्थियों की मेहनत का प्रमाण है। विद्यालय की प्रिंसिपल शालिनी तिवारी ने छात्रों को अनुशासन व लक्ष्य के प्रति समर्पण बनाए रखने का संदेश दिया।

ग्राम्यांचल पब्लिक स्कूल के मेधावियों का शानदार प्रदर्शन : हैदरगढ़ : बुधवार को घोषित सीबीएसई बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में ग्राम्यांचल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल छा गया और सफल छात्रों का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। अंशिका पटेल ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अभिनव शुक्ला ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान तथा शादाब शेख ने 90 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर सभी का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। इस मौके पर विद्यालय प्रमुख शरद अवस्थी, सिद्धार्थ अवस्थी, प्रधानाचार्य रेनू मिश्रा, प्रबंधक रेनू अवस्थी सहित समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

सेंट ज़ेवियर्स स्कूल हैदरगढ़ में देव प्रताप सिंह टॉपर : हैदरगढ़ : घोषित परीक्षा परिणाम में सेंट ज़ेवियर्स स्कूल हैदरगढ़ के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के देव प्रताप सिंह ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया और स्कूल टॉपर बने। इसके अलावा आयुष कुमार ने 95.2 प्रतिशत, अभय प्रताप सिंह ने 94.4 प्रतिशत, शोभित वर्मा ने 94 प्रतिशत, अनुष्का शर्मा ने 94 प्रतिशत, विष्णु नारायण ने 94 प्रतिशत और अर्नव श्रीवास्तव ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अन्य मेधावी विद्यार्थियों में राम नारायण मिश्रा ने 93.2 प्रतिशत, आयुष्मान चौधरी ने 93 प्रतिशत, राजवीर ने 92.8 प्रतिशत, प्रज्ञा सिंह ने 92.4 प्रतिशत, उत्कर्ष मिश्रा ने 92.2 प्रतिशत, जायरा रेहान सिद्दीकी ने 92.2 प्रतिशत, प्रांजल शुक्ला ने 92.2 प्रतिशत, आराध्या बाजपेई ने 92 प्रतिशत, विराट वर्मा ने 92 प्रतिशत, अंशी सिंह ने 92 प्रतिशत, कार्तिकेय तिवारी ने 91.2 प्रतिशत, विनायक शुक्ला ने 91.2 प्रतिशत, आदित्य चौधरी ने 91 प्रतिशत, सुयष सिंह ने 90 प्रतिशत तथा आकृति सिंह ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

देव प्रताप सिंह 96 प्रतिशत।

आयुष कुमार 95 .2 प्रतिशत।

अभय प्रताप सिंह 94 .4%

शोभित वर्मा 94 प्रतिशत।

अनुष्का शर्मा 94 प्रतिशत।

विष्णु नारायण 94 प्रतिशत।

अर्नव श्रीवास्तव 94 प्रतिशत।

राम नारायण मिश्रा 93 .2 प्रतिशत।

आयुष्मान चौधरी 93 प्रतिशत।

राजवीर 92 .8 प्रतिशत।

प्रबंधक पंकज सिंह ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता शिक्षकों की मेहनत और विद्यार्थियों के निरंतर परिश्रम का परिणाम है।

151 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण

कार्यक्रम को संबोधित करते राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा। ● अमृत विचार

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : विकासखंड बनीकोडर में बुधवार को लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से तैयार 151 विकास परियोजनाओं का भव्य लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा और ब्लॉक प्रमुख उर्मिला वर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। लोकार्पण कार्यक्रम में क्षेत्रभर से आए जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की भारी भीड़ रही, जिससे माहौल उत्साहपूर्ण और जनभागीदारी से भरा नजर आया। बताया गया कि योजनाओं के तहत 101 इंटरलॉकिंग सड़कें, 30 खड़ंजा मार्ग और 20 नाली निर्माण कार्य शामिल हैं। इन परियोजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा और मूलभूत सुविधाओं में सुधार आएगा। पूर्व ब्लॉक प्रमुख चंद्रशेखर वर्मा ने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जा रहा है और सभी ग्राम पंचायतों में समान रूप से योजनाएं लागू की जा रही हैं। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख उर्मिला वर्मा, निशिकांत वर्मा, खंड विकास अधिकारी विनय मिश्रा, राधेलाल वर्मा, रुपेश प्रताप 'लकी', प्रधान संघ अध्यक्ष प्रदीप सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

ग्राम रोजगार सेवकों की हड़ताल

मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार : ग्राम रोजगार सेवक संगठन के प्रांतीय आह्वान पर गुरुवार को मसौली ब्लॉक के रोजगार सेवकों ने 9 सूत्रीय मांगों को लेकर दस दिवसीय हड़ताल शुरू कर दी। इस दौरान खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा गया। ब्लॉक अध्यक्ष विनोद कुमार राव ने बताया कि रोजगार सेवकों को सहायक पंचायत सचिव के रूप में समायोजित करने, लंबित मानदेय का भुगतान, ईपीएफ लागू करने और सेवा शर्तों में सुधार जैसी प्रमुख मांगें लंबे समय से लंबित हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा घोषित नीतियों को अब तक लागू नहीं किया गया है। रोजगार सेवकों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द मांगें पूरी नहीं हुईं तो विधानसभा का घेराव किया जाएगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में रोजगार सेवक मौजूद रहे।

धम्म एवं शोभायात्रा निकाली गयी

कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

बाराबंकी, अमृत विचार : बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जेजे आरबी मेमोरियल सेवा संस्थान बबुरिहा द्वारा धम्म एवं शोभायात्रा निकाली गई। सुबह 8 बजे गोपालपुर से शुरू हुई यह यात्रा विभिन्न गांवों से होते हुए करीब 61 किलोमीटर का सफर तय कर फतेहपुर के नहरवल में सम्पन्न हुई। यात्रा का नेतृत्व संस्थान की अध्यक्ष किरन भारती और सचिव आयुष भारती ने किया। डॉ. अंबेडकर और गौतम बुद्ध की झांकियों से सजी शोभायात्रा जहां-जहां से गुजरी, वहां लोगों ने प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर वक्ताओं ने शिक्षा, संगठन और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। संचालन डॉ. आयुष भारती ने किया।

टीम ने बचाई हिरण के बच्चे की जान

हिरण के बच्चे का इलाज करती टीम।

बाराबंकी, अमृत विचार : जनपद में बेजुबान पशुओं की सेवा का एक सराहनीय मामला सामने आया है। ग्राम चंदन पुरवा, ब्लॉक मौसौली में जंगली कुत्तों के हमले में घायल हिरण के बच्चे को 1962 मोबाइल वेटरनरी यूनिट की टीम ने समय रहते बचा लिया। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे डॉक्टर अमित वर्मा और उनके सहयोगी आशीष कुमार ने हिरण का उपचार किया और बाद में उसे वन विभाग की टीम को सौंप दिया। टीम ने बताया कि 102 और 108 एम्बुलेंस सेवा की तर्ज पर संचालित 1962 मोबाइल वेटरनरी यूनिट पशुओं के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रही है। इस सेवा के तहत एक कॉल पर पशु चिकित्सक गांव पहुंचकर निशुल्क इलाज और दवाएं उपलब्ध कराते हैं। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद कुमार यादव ने बताया कि जिले में 1962 की आठ मोबाइल यूनिट संचालित हैं, जो गांव-गांव जाकर पशुओं का उपचार करने के साथ ही पशुपालकों को जागरूक भी कर रही हैं।

जनगणना को लेकर प्रशिक्षण आयोजित

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : जनगणना को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में गुरुवार को तहसील क्षेत्र में अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपजिलाधिकारी एवं तहसील जनगणना अधिकारी अनुराग सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़े ही विकास योजनाओं की दिशा तय करते हैं, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। प्रशिक्षण के दौरान कर्मियों को प्रपत्र भरने, घर-घर जाकर सूचनाएं एकत्र करने और डिजिटल माध्यम से डेटा अपलोड करने की प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई। अधिकारियों ने पारदर्शी और त्रुटिरहित कार्य पर विशेष जोर दिया। इस मौके पर तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय, नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी, सुधाकर पांडेय सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

सराही गई महिला सशक्तिकरण पर प्रस्तुतियां

कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे, मौजूद डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

बाराबंकी, अमृत विचार : मिशन शक्ति फेज 5 .0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत रिजर्व पुलिस लाइन में गुरुवार को एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना आदि रहा। इस अवसर पर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय की उपस्थिति रही। दोनों अधिकारियों ने अपने संबोधन में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के महत्व पर जोर देते हुए समाज के सभी वर्गों से इसमें सक्रिय सहयोग की अपील की। कार्यक्रम में मिशन शक्ति केंद्र के पदाधिकारी, महिला व्यापारी, मण्डल प्रतिनिधि, महिला एनजीओ, आशा कार्यकर्ता, स्वयं सहायता समूह की सदस्याएं तथा विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य शामिल हुए। इस दौरान कंपोजिट विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्हें उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) विकास चंद्र त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर संगम कुमार, प्रभारी महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन मुन्नी सिंह तथा प्रभारी महिला थाना रत्ना कुमारी सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

जरूरी सुविधाओं की कमी से जूझ रहे नवोदय के छात्रों ने जाम किया हाईवे

विद्यालय प्रशासन पर मढ़े आरोप, अफसरों ने दिया समस्याओं के समाधान का आश्वासन

फूटा गुस्सा

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी

प्रदर्शन कर रहे छात्रों को समझाते थाना प्रभारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : भीषण गर्मी के बीच बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी से जूझ रहे छात्रों का गुस्सा गुरुवार को सड़क पर फूट पड़ा। त्रिवेदीगंज स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के सैकड़ों छात्रों ने कड़कड़ाती धूप में लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे पर विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। मौके पर पहुंचे अफसरों ने उन्हे समझा बुझाकर शांत कराया।

प्रदर्शन कर रहे छात्रों का आरोप रहा कि विद्यालय में बिजली, पानी और भोजन जैसी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। बताया कि भीषण गर्मी में घंटों बिजली गायब रहती है, जिससे पढ़ाई हो पा रही और न ही रात में ठीक से नींद मिल रही है। हालात ऐसे हैं कि कई छात्रों की तबीयत खराब होने का खतरा बढ़ गया है। छात्रों ने थानाध्यक्ष अभय कुमार मौर्य को अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि पीने के पानी की भी गंभीर समस्या है। वहीं, विद्यालय में दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता भी बेहद खराब है, जिसे लेकर छात्रों में भारी आक्रोश है। हाईवे जाम होने की सूचना मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने छात्रों को समझाने का प्रयास किया और किसी तरह उन्हें सड़क से हटाया।

उधर इस मामले में विद्यालय के प्रिंसिपल आशुतोष मिश्रा ने जांच और सुधार का भरोसा दिया है। वहीं तहसीलदार राम जी द्विवेदी ने भी जल्द से जल्द सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद सभी छात्र अपने स्कूल लौट गए। हालांकि, सवाल यह है कि प्रतिष्ठित आवासीय विद्यालयों में गिने जाने वाले नवोदय विद्यालय की यह स्थिति आखिर क्यों है। फिलहाल अधिकारियों के आश्वासन के बाद मामला शांत जरूर है, लेकिन आक्रोश फिर भड़कने की संभावना है।

पांच दिन से लापता रेल कर्मचारी का मिला शव

- परमहमूदाबाद स्थित संकठा देवी मंदिर से हुआ था लापता

निन्दूरा, बाराबंकी

अमृत विचार : बड्डूपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक युवक का शव पड़ा मिला। फोटो वायरल होते ही जुटे परिजनों ने उसकी पहचान की। धार्मिक यात्रा से लौटते समय वह अचानक लापता हो गया था। युवक रेल महकमे में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी था।

गुरुवार को थाना क्षेत्र के चंदौली गांव में मिले अज्ञात शव की पहचान प्रमोद राजपूत (28) पुत्र स्व. बाबू लाल निवासी बंकी रामलीला मंच नगर कोतवाली क्षेत्र के रूप में की गई। परिजनों के अनुसार प्रमोद बीती 10 अप्रैल को अपनी मां रामावती, भाई, पत्नी और बच्चों के साथ बस से पूर्णागिरि यात्रा पर गया था। 13 अप्रैल को जब परिवार वापस लौटा, तो वह महमूदाबाद स्थित संकटा देवी मंदिर से लापता हो गया था। परिवार वालों की काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद 14 अप्रैल को प्रमोद की मां और भाई ने महमूदाबाद पुलिस को गुमशुदगी की तहरीर दी थी।

इसी बीच चंदौली गांव के बाहर एक युवक का शव मिला, जिसका फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। फोटो देखकर परिजनों ने युवक की पहचान कर ली। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार संकटा देवी मंदिर में ही प्रमोद की मानसिक स्थिति अचानक बिगड़ गई थी और वह लापता हो गया था। प्रमोद रेलवे विभाग में मृतक आश्रित के तहत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में कार्यरत था। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित करते एसपी। ● अमृत विचार

किसान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की टीम जीती

बाराबंकी : अमृत विचार : 'मिशन शक्ति' अभियान के तहत गुरुवार को कोतवाली देवा क्षेत्र के नुमाइश मेला मैदान में छात्राओं के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस मुकाबले में किसान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवा और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज देवा की टीमों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। रोमांचक मैच में किसान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवा की छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 22 रनों से जीत दर्ज की। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक बाराबंकी अर्पित विजयवर्गीय, क्षेत्राधिकारी नगर संगम कुमार, कोतवाली प्रभारी अजय कुमार त्रिपाठी, अतिरिक्त निरीक्षक धर्मेंद्र प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक सुमित वर्मा, महिला उपनिरीक्षक चंदा यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने कहा कि 'मिशन शक्ति' के माध्यम से बेटियों को सुरक्षा के साथ हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में विजेता टीम को सम्मानित किया गया।

अचानक लगी आग से 20 बीघा फसल जली

देवा, बाराबंकी, अमृत विचार : मुर्तजा नगर में गुरुवार को गेहूं के खेतों में अचानक लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की चपेट में आकर करीब 20 बीघा से अधिक गेहूं की तैयार फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और पुलिस व डायल 112 को सूचना देने के आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। जब तक काबू पाया जाता, तब तक फसल पूरी तरह जल गयी। बाद में मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने पूरी तरह नियंत्रण किया। ग्रामीणों के अनुसार अज्ञात कारणों से लगी आग में कृपाशंकर, राम शंकर, लालता प्रसाद, अनवरुल हक और महेंद्र सिंह समेत कई किसानों की गेहूं की खड़ी फसल जलकर नष्ट हो गई।

हवा भरने वाले ने उड़ाई थी तिजोरी

- पेट्रोल पंप पर 10 लाख की चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

बाराबंकी, अमृत विचार : रामनगर क्षेत्र में पेट्रोल पंप पर हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया। जिसे दबोचा गया वह उसी पंप पर वाहनों में हवा भरने का काम करता था। उसके पास से गायब तिजोरी व साइकिल बरामद हुई है।

एएसपी उत्तरी विकास चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि ग्राम दलसरांय स्थित ओम साईं फिलिंग स्टेशन के कार्यवाहक मैनेजर भानू प्रताप सिंह ने 13 अप्रैल की रात पेट्रोल पंप के स्टोर रूम से लॉकर सहित नकदी चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। इस पर थाना रामनगर में मामला दर्ज किया गया। एसपी के निर्देश पर स्वाट, सर्विलांस और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने सीसीटीवी फुटेज, डिजिटल डेटा और मैनुअल इंटेलिजेंस की मदद से जांच शुरू की। जांच के दौरान आरोपी मोनू विश्वकर्मा निवासी तारापुर गुमान को गिरफ्तार किया गया, जो उसी पेट्रोल पंप पर हवा भरने का काम करता था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसे तिजोरी में रखे कैश की पहले से जानकारी थी। लालच में आकर उसने चोरी की योजना बनाई। घटना की रात वह साइकिल से पेट्रोल पंप पहुंचा, पहले सीसीटीवी कैमरे की दिशा बदली और फिर तिजोरी चोरी कर ली। बाद में उसने तिजोरी को एक सुनसान स्थान पर झाड़ियों के बीच मिट्टी में गाड़कर छिपा दिया था। इस कार्रवाई में स्वाट, सर्विलांस और थाना रामनगर पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पेट्रोल पंप पर हुई चोरी का खुलासा करते एएसपी उत्तरी। ● अमृत विचार

मुसीबत | मरम्मत कार्य के चलते पुल पर रोका गया है यातायात

संजय सेतु बंद, पीपा पुल ने बढ़ायीं परेशानियां

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : मरम्मत के चलते संजय सेतु गुरुवार को आवागमन के लिए बंद कर दिया गया लेकिन वाहनों के लिए बनाए गए पीपा पुल ने राहत के बजाए लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। धूल के गुबार फांकते वाहन सवारों के साथ स्थानीय किसान भी परेशान हैं।

संजय सेतु बंद होने के बाद प्रशासन द्वारा पीपा पुल पर भारी वाहनों के आवागमन पर 16 अप्रैल से दो माह तक पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। हल्के वाहनों की आवाजाही के लिए पीपा पुल को वैकल्पिक मार्ग के रूप में तैयार किया गया है। पुल पर उड़ती धूल से ऑटो, बाइक और खुले वाहनों से गुजरने वाले लोग परेशान हैं। छोटे मालवाहक वाहनों और पिकअप को भी पुल से गुजरने की अनुमति नहीं दी जा रही। इससे स्थानीय व्यापार प्रभावित है। गेहूं की कटाई के सीजन में किसानों की मुश्किलें बढ़ी हैं। कई किसानों के खेत नदी के पार होने के कारण फसल को घर तक लाना और पशुओं के लिए भूसा जुटाना चुनौती बन गया है। किसानों की मानें तो समय पर फसल न पहुंच पाने से उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ सकता है। आवागमन में कमी का असर स्थानीय व्यवसायों पर भी पड़ा है। कई ढाबा संचालकों ने ग्राहक घटने के कारण अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए हैं, जिससे रोजगार पर असर पड़ा है। उधर एसडीएम आनंद तिवारी, सीओ गरिमा पंत, तहसीलदार विपुल कुमार सिंह और थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडेय ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और आवागम सुचारु रखने के निर्देश संबंधित को दिये।

धूल के गुबार के बीच से गुजरते वाहन। ● अमृत विचार

हादसे में युवक की मौत दूसरे की हालत गंभीर

उफतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : बुधवार देर रात दो बाइकों की आपस में जोरदार टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। हादसे में दो अन्य को मामूली चोटें आई हैं। घटना के बाद सीएचसी में घायलों के साथ पहुंचे लोगों ने हंगामा करते हुए चिकित्सकों व कर्मचारियों से अभद्रता और मारपीट का प्रयास किया।

हसनपुर निवासी ज्ञानवेंद्र उर्फ शुभम (25) बुधवार को मिठवारा स्थित एक मैरिज लॉन में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गए थे। देर रात वह रिश्तेदार आशुतोष और नैंसी के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। खैरातपुर के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी भिड़ंत हो गई। हादसे में ज्ञानवेंद्र और दूसरी बाइक पर सवार इमलीपुर निवासी सचिन गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को सीएचसी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां चिकित्सकों ने ज्ञानवेंद्र को मृत घोषित कर दिया। सचिन की हालत गंभीर है। एंबुलेंस समय पर न मिलने से आक्रोशित साथियों ने अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने नियंत्रित की। सीएचसी प्रभारी डॉ. अवनीश चौधरी ने बताया कि अभद्रता करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस को पत्र भेजा गया है।

विभिन्न स्थानों पर तीन के फंदे से लटके मिले शव

पत्नी से कहासुनी के बाद युवक ने खेत में लगे पेड़ से फांसी लगाकर दे दी जान

बिछिया उन्नाव

जितेंद्र की फाइल फोटो

अमृत विचार: पत्नी से कहासुनी के बाद घर से बिना बताए निकले युवक ने खेत में लगे पेड़ में फांसी लगाकर जान दे दी। अस्पताल के मेमो पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई।

पुरवा कोतवाली क्षेत्र के तौरा गांव निवासी जितेंद्र (40) पुत्र राम सजीवन सीएनजी ऑटो चलाकर परिवार पालता था। बीती देरशाम लौटने पर पत्नी रेनू से उसकी किसी बात पर कहासुनी हो गई। इस पर वह घर से बिना बताए निकल गया। देररात तक वापस न आने पर चिंतित छोटे भाई दीपक ने गांव वालों के साथ उसकी तलाश शुरू की। तभी देररात घर से 500 मीटर आगे गांव के बाहर खेत में लगे नीम के पेड़ में भाई को रस्सी के फंदे से लटका देख परिजनों के होश उड़ गए। जीवित होने की आशा में ग्रामीणों की मदद से फंदा काटकर दीपक उसे बिछिया सीएचसी लाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह सुन पत्नी रेनू व मां गोमती बिलख उठी। दीपक ने बताया कि उसके 14 वर्ष की एक बेटी शगुन है। पिता की मौत से वह भी बदहवाश है। अस्पताल के मेमो पर दरोगा गंगा प्रसाद ने शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई। कोतवाली प्रभारी भुवन सिंह मौर्य ने बताया कि घरेलू कलह में आत्महत्या करने की बात सामने आई है। पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंपा है।

घर के भीतर फंदे से लटकता मिला युवक का शव

उन्नाव: अचलगंज थानाक्षेत्र के गौरी त्रिभानपुर गांव निवासी सूरज (25) का शव उसके घर के आंगन में रस्सी के सहारे लटकता मिला। पिता महेश ने बताया कि वह और उसकी पत्नी गीता प्राथमिक विद्यालय जमुनी पुर में शिक्षामित्र हैं। शाम को जब वे घर वापस आए तो दरवाजा अंदर से बंद था। कई बार दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई उत्तर नहीं मिला। बेटे का फोन भी स्विच ऑफ था। पड़ोस में रहने वाले भतीजे ने छत से अंदर जाकर देखा तो वहां सूरज का शव लटक रहा था। सूचना पर पहुंची कोलुहा गाढ़ा चौकी पुलिस ने शव नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूरज 2 भाई व 1 बहन में छोटा था। परिजन उसके आत्महत्या करने की वजह नहीं बता सके।

पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव

नवाबगंज, उन्नाव: सोहरामऊ थानाक्षेत्र के जैतीपुर गांव निवासी नंदलाल (45) पुत्र छेदीलाल पेंटिंग का काम करता था। गुरुवार सुबह अजगैन कोतवाली क्षेत्र के सराय इंदल मार्ग पर जैतीपुर रेलवे स्टेशन से 500 मीटर दूर परिवार के चाचा कमलेश की बाग में लगे नीम के पेड़ पर रस्सी के फंदे से उसका शव लटका मिला। लोगों ने शव लटकता देख परिजनों व अजगैन पुलिस को सूचना दी। परिजनों ने शव देख कोहराम मच गया। पति की मौत से पत्नी बिटान व अन्य परिजन बेहाल हैं। अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

संदिग्ध हालात में मिला पेंटर का शव

शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार: गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के फत्तेपुर गांव निवासी लाखन (46) पेशे से पेंटर था।

परिजनों के अनुसार वह बुधवार शाम काम से लौटकर घर आया और कुछ देर बाद साइकिल से बाहर निकल गया। लेकिन देररात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। शुक्रवार सुबह बेटे विवेक ने फैक्ट्री के पास उसकी साइकिल खड़ी देखी और पास में पिता का शव पड़ा मिला। यह देख वह घबरा गया और घर पहुंचकर परिजनों को बताया। इसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई। परिजनों ने हत्या की आशंका जता आरोप लगाया कि मृतक के गले व आंख पर चोट के निशान थे और हाथ में रस्सी बंधे होने के भी संकेत मिले हैं। वहीं मुंह को जलाने का भी प्रयास किया गया था। पुलिस ने जांच की और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डॉ. जितेंद्र सिंह व डॉ. विगनेश कुमार की मौजूदगी में वीडियोग्राफी के बीच पोस्टमार्टम कराया गया। रिपोर्ट में मौत का कारण हार्टअटैक बताया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

गमगीन बैठे परिजन व इनसेट में लाखन की फाइल फोटो। ● अमृत विचार

- **पुलिस ने वीडियोग्राफी के बीच कराया पोस्टमार्टम**

अंबिका स्कूल में हाईस्कूल के मेधावियों को किया गया सम्मानित। ● अमृत विचार

समारोह में कक्षा 10 के टॉपर्स का हुआ सम्मान

शुक्लागंज-उन्नाव, अमृत विचार: राजमार्ग स्थित अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में गुरुवार को कक्षा 10 के मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में समारोह आयोजित हुआ। इसका उद्देश्य छात्रों को उनकी मेहनत, लगन व अनुशासन के लिए प्रोत्साहित करना रहा। विद्यालय प्रबंधक अजय त्रिवेदी ने कहा कि विद्यार्थी देश की वास्तविक पूंजी हैं और उनका सम्मान समाज के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक है। उन्होंने छात्रों को निरंतर परिश्रम व उच्च लक्ष्य निर्धारित करने को प्रेरित किया। इस अवसर पर कक्षा 10 के टॉप-10 विद्यार्थियों में सार्थक त्रिवेदी, प्रियंका सोनी, वैष्णवी तिवारी, आराध्य बाजपेई, दीपांशु साहू, त्रिविशा त्रिवेदी, शौर्य सविता, आस्था गुप्ता, श्रद्धा कौशल व प्रियांशी सिंह को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। समारोह में अभिभावक व शिक्षक भी उपस्थित रहे और छात्रों की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया।

न्यूज ब्रीफ

संदिग्ध हालत में वृद्ध की हुई मौत

उन्नाव, अमृत विचार: सदर कोतवाली क्षेत्र के सिंगरोसी मोहल्ला निवासी राज कुमार यादव (72) पुत्र स्व. होरी लाल घर के पास एक विद्यालय चलाते थे। गुरुवार दोपहर वह किसी काम से शहर के मोहल्ला इंद्रानगर आए थे। तभी वहां कुआं वाली गली में अचानक साइकिल से गिरकर अचेत हो गए। उन्हें पड़ा देख लोगों की सूचना पर पहुंचे पीआरवी सिपाही उन्हें इमरजेंसी लाए। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मेमो पर पहुंची अस्पताल चौकी पुलिस ने जामातलाशी में मिले आधार कार्ड में दर्ज पते पर सूचना दी। इस पर उनके अधिवक्ता बेटे अमरेंद्र के पहचान करने पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें उनकी हार्टअटैक से मौत होने की पुष्टि हुई।

साइबर ठगों से 35.11 लाख कराए रिफंड

उन्नाव, अमृत विचार: सदर कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइंस मोहल्ला निवासी रिटायर्ड प्रोफेसर विनीता पत्नी डॉ. आरसी द्विवेदी ने नवंबर-2025 को मेट्रोमोनियल साइट पर बेटी के लिए रिश्ता देखा था। इस साइट पर रौनिक राय की प्रोफाइल जब काल की तो दूसरे पक्ष ने शादी के लिए हां कर दी। रौनिक के पिता विद्यासागर ने बेटी की कुंडली ली और गृह दोष दूर करने के नाम पर 5 लाख रुपये अपने अकाउंट में ट्रांसफर करा लिए। इसी तरह दिसंबर 2025 तक उनसे 75 लाख रुपये ऐंठ लिए गए। ठगी का एहसास होने पर जब विनीता रुपये वापस मांगे तो ठगों ने जान से मारने की धमकी देकर नंबर व साइट बंद कर दी। साइबर थाना टीम ने गुरुवार को साइबर टीम ने पीड़िता के खाते में 35.11 लाख रुपये वापस कराए हैं।

बैग व स्टेशनरी पाकर बच्चों के चेहरे खिले

बच्चों को बैग देती खंड शिक्षाधिकारी अनीता शाह।

उन्नाव, अमृत विचार: बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में विभिन्न शैक्षिक योजनाओं व सुविधाओं की जानकारी देते हुए बच्चों को नियमित स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड सफीपुर के कंपोजिट स्कूल रनियामऊ में खंड शिक्षाधिकारी अनीता साह ने स्कूल बैग, स्कूल ड्रेस व स्टेशनरी वितरित कर छात्रों को रोज विद्यालय आने का संकल्प दिलाया। शिक्षक अमित तिवारी ने बताया कि विद्यालय में निशुल्क शिक्षा के साथ स्मार्ट क्लास, खेलकूद का मैदान, मुफ्त किताबें, एमडीएम आदि सुविधाएं उपलब्ध हैं। स्कूल बैग व ड्रेस पाकर नौनिहालों के चेहरे खिल उठे और अभिभावकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने के लिए कहा गया।

छप्पर में लगी आग से मासूम बच्ची की जलकर मौत

नवाबगंज उन्नाव

लाडो की फाइल फोटो

अमृत विचार: ब्लॉक क्षेत्र के सुदर्शन खेड़ा गांव में छप्पर में लगी आग की चपेट में आकर एक 3 वर्षीय मासूम बच्ची गंभीर रूप से झुलस गई। उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

सोहरामऊ थानांतर्गत सुदर्शन खेड़ा गांव निवासी संदीप के घर में पड़े छप्पर में अचानक मंगलवार रात आग लग गई थी। इस समय संदीप की पत्नी लक्ष्मी 3 साल की बेटी लाडो को घर में सुलाकर मोहल्ले में छठी में शामिल गई थी। तभी वहां जल रही मोमबत्ती से छप्पर में आग लग गई। अचानक आग की लपटें व धुआं देख लोग दौड़े और काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक बिस्तर पर सो रही मासूम बच्ची आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस चुकी थी। आनन-फानन परिजन उसे अस्पताल ले गए और दवा लेकर घर आ गए। लेकिन गुरुवार को उसने दम तोड़ दिया।

छप्पर में लगी आग, नीचे बंधे पांच मवेशियों की हुई मौत

नवाबगंज, उन्नाव: अजगैन कोतवाली क्षेत्र के भवानीपुर गांव निवासी राम चरण पुत्र बचान के गांव में दो घर हैं। उसका दूसरा घर गांव किनारे है। जहां घर के पीछे मवेशियों के रहने की व्यवस्था है। रामचरण ने बताया कि बुधवार रात वह मवेशियों की देखभाल के बाद पुराने घर खाना खाने गया था। तभी मवेशियों के छप्पर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। ग्रामीणों की मदद से आग बुझाई गई लेकिन तब तक सब कुछ जल गया। आग में वहां बंधी एक भैंस, उसका पड़वा व 3 बकरियों की झुलसकर मौत हो गई। पीड़ित ने राजस्व विभाग को सूचना देकर मुआवजे की मांग की है। लेखपाल कृष्ण कुमार शुक्ला ने बताया कि आग में नुकसान का आंकलन कर आख्या अफसरों को भेजी गई है।

आग से जले मवेशियों को देखकर बिलखते पीड़ित।

पाइप लाइन को खोदा गड्ढा, राहगीर परेशान

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार: शहर के बड़े चौराहे के सुंदरीकरण व चौड़ीकरण कार्य के चलते पाइप लाइन को अंडर ग्राउंड करने के लिए सड़क के एक हिस्से को बंद करने से बुधवार को चौराहे पर घंटों भीषण जाम लगा रहा। इससे तेज धूप व गर्मी में लोग पसीने से तर-बतर नजर आए।

बता दें कि जिला प्रशासन द्वारा 7 लाख रुपये से बड़े चौराहे का कायाकल्प कराया जा रहा है। इसके तहत चौराहे का चौड़ीकरण कर रोटरी यानी गोलाकार निर्माण होगा। आवास विकास परिषद लखनऊ द्वारा यहां 4 फीट ऊंची भगवान शंकर की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। वर्तमान में जल निगम द्वारा करीब 30-35 मीटर क्षेत्र में पाइप लाइन को ढाई मीटर गहराई में दबाने का कार्य चल रहा है। पाइप लाइन शिफ्टिंग के लिए नगर पालिका तिराहे के पास बैरियर लगाकर एक तरफ का रास्ता बंद कर दिया गया। दोनों ओर का ट्रैफिक एक लेन से गुजरने से वाहनों की कतारें लग गईं। राहगीरों का कहना है कि जल निगम के कार्य में तेजी नहीं है। दिन में काम बंद रहता है और रात में भी कछुआ गति से हो रहा है। मामले पर जल निगम के एई अमित कुमार ने बताया कि दिन में अधिक भीड़ होने से काम करना संभव नहीं होता। इसलिए रात में खुदाई की जा रही है। ढाई मीटर की गहराई होने से बेहद सावधानी बरतनी पड़ रही है। हालांकि, एक सप्ताह में कार्य पूर्ण कर यातायात सामान्य कर दिया जाएगा।

बड़ा चौराहा पर लगा जाम। ● अमृत विचार

- **भीषण जाम से चिलचिलाती धूप में बेहाल हुए राहगीर**

डीसीए-ए ने दर्ज की धमाकेदार जीत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार: जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-14 जनपदीय क्रिकेट लीग के तीसरे मैच में डीसीए-ए ने डीसीए-सी को 7 विकेट से शिकस्त दी। शुक्लागंज के सप्रू क्रिकेट स्टेडियम में हुए इस मुकाबले में फ्रेंड्स हुसैन की गेंदबाजी व अंश राज की अर्धशतकीय पारी मैच का मुख्य आकर्षण रही।

डीसीए-ए के कप्तान ने टॉस जीत पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। जिसे उनके गेंदबाजों ने सही साबित किया। डीसीए-सी की टीम 30 ओवरों में मात्र 15 ओवर ही टिक सकी और 74 रनों पर ऑलआउट हो गई। कप्तान प्रिंस यादव ने सर्वाधिक 20, मेधांश मिश्रा ने 16 और असद मंसूरी ने 13 रन बनाए। डीसीए-ए की ओर से फ्रेंड्स हुसैन ने विपक्षी टीम को मात्र 8 रन देकर 5 विकेट हासिल किए। 75 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीसीए-ए की टीम ने सलामी बल्लेबाज अंश राज ने मात्र 43 गेंदों में 50 रनों की शानदार पारी खेलकर जीत की राह आसान कर दी। डीसीए-ए ने 12 ओवरों में 3 विकेट खोकर 76 रन बना लिए और 7 विकेट से मैच जीत लिया।

विजयी टीम के साथ मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- **फ्रेंड्स हुसैन की घातक गेंदबाजी रही आकर्षण का केंद्र**

बयान | पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को भारतीय लोकतंत्र के लिए एक युगांतरकारी कदम बताया

नारी शक्ति वंदन अधिनियम इतिहास में अजर-अमर

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार: पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व पद्मश्री से सम्मानित वरिष्ठ भाजपा नेता हृदय नारायण दीक्षित ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को भारतीय लोकतंत्र के लिए एक युगांतरकारी कदम बताया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस निश्चय की सराहना कर कहा कि यह अधिनियम भारतीय इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज होगा। उन्होंने कांग्रेस व सपा पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि महिला आरक्षण का विषय दशकों पुराना है। लेकिन पिछली सरकारों ने इसे लागू करने में कभी राजनीतिक ईमानदारी नहीं दिखाई। भारतीय मनीषा का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि हमारे ऋषियों ने सृष्टि के आरंभ से ही 'शक्ति' को केंद्र में रखा है। मंत्र 'या देवी सर्वभूतेषु, शक्ति रूपेण संस्थिता' का उल्लेख कर उन्होंने कहा कि यह कानून भारत की सांस्कृतिक नियति का घोषणापत्र है। भाजपा ने हमेशा स्त्री सम्मान की इसी प्राचीन धारा का अनुसरण किया है।

हृदय नारायण दीक्षित। ● अमृत विचार

बालिकाओं के अधिक नामांकन पर दिया गया जोर

बीघापुर, उन्नाव: ब्लॉक संसाधन केंद्र बीघापुर में खंड शिक्षाधिकारी शुचि गुप्ता के मार्गदर्शन में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम हुआ। इसका उद्देश्य बालिका शिक्षा व महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना था। इसकी शुरुआत मां सरस्वती के पूजन व दीप प्रज्वलन से हुई। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली 25 महिला शिक्षिकाओं व कर्मियों को प्रशस्तिपत्र व क्राउन पहनाकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने बालिका शिक्षा व महिलाओं की भागीदारी पर जोर दिया। अंत में खंड शिक्षाधिकारी ने बालिकाओं के अधिक नामांकन व उनके समग्र विकास के लिए सभी को प्रेरित किया।

सशक्त नारी, सशक्त समाज के संकल्प के साथ हुआ कार्यक्रम

बांगरमऊ, उन्नाव: रसूलपुर रूरी गांव स्थित श्री विशंभर दयाल त्रिपाठी महाविद्यालय प्रांगण में सशक्त नारी, सशक्त समाज के संकल्प के साथ नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अंतर्गत भव्य मानव श्रृंखला व जागरूकता कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत दुबे व संयोजक डॉ. कुलदीप शुक्ला व वरिष्ठ शिक्षिका डॉ. नवनीत कौर रहीं। आयोजन में डॉ. रजनीश यादव, डॉ. नलिन सिंह, डॉ. मनीषा बाजपेई, अमित प्रजापति, डॉ. अनुराग रावत, डॉ. अरविंद कनौजिया, विनीत कुमार, अनिल कुमार व अनूप सिंह भी रहे। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने नारी शक्ति वंदन दीवार पर हस्ताक्षर कर नारी सम्मान, समानता व सशक्तिकरण का संकल्प लिया।

जुआ खेलते 10 लोग गिरफ्तार, नकदी व मोबाइल बरामद

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार: गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को धनईया मोड़ के पास जुआं खेलने की सूचना पर छापेमार कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक अजय सिंह के नेतृत्व में पहुंची पुलिस ने वहां से 10 लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में नरेंद्र, राजकुमार, सुशील निषाद, धर्मेंद्र निषाद, अजय निषाद, शिवा निषाद, शिवम निषाद, विनीत रावत, राधेश्याम व अनिल शामिल हैं। जो विभिन्न गावों के निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने मौके से 68,300 रुपये की नगदी भी बरामद की। जबकि तलाशी में सभी के पास 18,530 रुपये मिले। वहीं, 11 मोबाइल व 3 ताश की गड्डियां भी जब्त की गईं। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि सभी के विरुद्ध कोतवाली में मामला दर्ज कर लिया गया है। सभी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

एमडीपीएस पांचवीं बार बना सिटी टॉपर

एमडीपीएस के मेधावी किए गए सम्मानित।

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार: सहजनी स्थित महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल ने इस वर्ष कक्षा 10 के परीक्षा परिणामों में शानदार प्रदर्शन कर लगातार पांचवीं बार सिटी टॉपर का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। विद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर एक बार फिर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। मेधावी छात्र तेजस गुप्ता ने 96.2 प्रतिशत अंक हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। वहीं अलीनाज़ अशरफ ने 95.8 प्रतिशत, आयुष प्रभाकर ने 95.4 प्रतिशत, मेघा गुप्ता ने 95 प्रतिशत व युगांक बाजपेयी ने 94.5 प्रतिशत अंक लाकर शानदार प्रदर्शन किया। वहीं 6 छात्रों ने कंप्यूटर में 100 में 100 अंक लाकर विशेष उपलब्धि पाई। इस सफलता पर प्रबंधक मयंक शुक्ला ने शिक्षकों के समर्पण व मेहनत को इसका श्रेय देते हुए सभी को बधाई देते हुए कहा कि निरंतर प्रयास व अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। विद्यालय ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मार्गदर्शन से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

माउंट लिट्रा-जी के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों के साथ प्रधानाचार्या।

उन्नाव, अमृत विचार: सीबीएसई की हाईस्कूल की परीक्षा में माउंट लिट्रा-जी स्कूल का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा में अंकिता वर्मा 97.8 प्रतिशत, शिप्रा यादव 96.60 प्रतिशत, अक्षर सिंह 96.20 प्रतिशत, कोमल वर्मा 95.40 प्रतिशत, शौर्य दीक्षित 95.20 प्रतिशत, इप्शा श्रीवास्तव 94.80 प्रतिशत, राजीव कुमार 94.20 प्रतिशत, कृतिका सिंह 93.60 प्रतिशत, दीपांश 91.60 प्रतिशत व अभिनव वर्मा 91.40 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्या दीपमाला सिंह ने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

जयपुरिया स्कूल के छात्रों ने नाम किया रोशन

शिक्षिका के साथ होनहार छात्र-छात्राएं।

उन्नाव, अमृत विचार: सीबीएसई की हाईस्कूल की परीक्षा में सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इसमें अनुभव जायसवाल ने 97.8 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान पाया। वहीं, विनायक जायसवाल ने 94.60 प्रतिशत, सूर्यांश मिश्रा ने 94 प्रतिशत, प्रशा यदुवंशी ने 93.60 प्रतिशत, मो. फहद ने 92.80 प्रतिशत, नैतिक श्रीवास्तव ने 91.8 प्रतिशत व अथर्व प्रताप सिंह ने 90.20 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। अनुभव जायसवाल ने इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी में 100, गणित में 98, हिंदी में 97 व विज्ञान में 96 अंक प्राप्त कर बहुआयामी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय चेयरमैन आनंद आहूजा, चेयर पर्सन रोमा आहूजा व प्रधानाचार्या निधि शर्मा ने सभी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

शत-प्रतिशत रहा पैट्रियाट शिक्षा संस्थान का रिजल्ट

खुशी जताते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

उन्नाव, अमृत विचार: सीबीएसई का हाईस्कूल का परीक्षाफल पैट्रीयाट शिक्षा संस्थान डीह उन्नाव का परिणाम इस वर्ष भी शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्था का नाम गौरवान्वित किया। होनहार छात्र आकर्षित मिश्रा ने 94 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान पाया। 93.4 प्रतिशत अंकों के साथ आयुष प्रजापति द्वितीय व 92.6 प्रतिशत अंक पाकर रिया यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वांसज 91.8 प्रतिशत, शिक्षा सिंह 91.6 प्रतिशत, रुद्र सिंह 91.6 प्रतिशत, श्रद्धा सिंह 91.6 प्रतिशत, एंजल सिंह 91 प्रतिशत, अंशी यादव 90.6 प्रतिशत, समृद्धि 88.6 प्रतिशत, अनोखी गुप्ता 88 प्रतिशत, प्रिंस पाल 88 प्रतिशत, अथर्व 86 प्रतिशत, खुशी चौरसिया 86 प्रतिशत, आशु 87.8 प्रतिशत, साक्षी 87.8 प्रतिशत, रुश्दा 84.8 व वत्सल 84.6 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का मान बढ़ाया। प्रबंधक स्वास्तिक मिश्रा व प्रधानाचार्या गीता मिश्रा ने सभी छात्र-छात्राओं को माला पहनाकर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान शिक्षक सुमित सिंह, अंशु, हरीश, वंदना विश्वकर्मा, विमलेश बाजपेयी, संदीप, संजीव, सागर, राजेश, विजया आदि ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

नवोदय के शत-प्रतिशत छात्रों ने पाई सफलता

ऋतिक रावत वैभवी

फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार: क्षेत्र के जहां जवाहर नवोदय विद्यालय काली मिट्टी के छात्रों ने सीबीएसई में कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन किया। इससे विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस उपलब्धि में वैभवी यादव ने 95.6 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में पहला स्थान हासिल किया। वहीं प्रतीक यादव व ऋतिक रावत ने 94.6 प्रतिशत अंक के साथ संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया इसके अलावा अक्षय दीप ने 94.4 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या प्रतिमा पुरी व उप प्राचार्य रोहित सिंह ने विद्यार्थियों व शिक्षकों को इस सफलता के लिए बधाई दी।

बेनहर इंटरनेशनल के सभी छात्रों ने पाई सफलता

बेनहर के सफल छात्र-छात्राएं।

उन्नाव, अमृत विचार: सीबीएसई की हाईस्कूल की परीक्षा में बेनहर इंटरनेशनल स्कूल अब्बास बाग के अमना 91.8 ने प्रतिशत, अनुराग 90.4 ने प्रतिशत, सक्षम वर्मा ने 90.4 प्रतिशत, अंकुर ने 89.4 प्रतिशत, आयुष बाजपेई ने 89.4 प्रतिशत, हर्षित ने 89.2 प्रतिशत व अभिनव 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्या पल्लवी हरमन ने बताया कि विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।

सुपर इंटरनेशनल ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की

उजमा खान नबीला बेगम मो. आबिद

उन्नाव, अमृत विचार: सुपर इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई की हाईस्कूल परीक्षा में उजमा खान ने 92.8 प्रतिशत, नबीला बेगम अरिशा ने 92.6 प्रतिशत व मो. आबिद ने 92 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रबंधक शमशेर आलम व प्रधानाचार्य निखत खान ने सभी को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

13.06 करोड़ से होगा सड़क व नाली का निर्माण

उन्नाव, अमृत विचार: शहर को जर्जर सड़कों व जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर पालिका ने विकास योजना तैयार की है। शासन से 13.06 करोड़ रुपये का बजट जारी होने के बाद अब निर्माण की बाधाएं दूर हो गई हैं। शहर के मुख्य मार्गों से गलियों तक की स्थिति काफी दयनीय थी। नालियों के अभाव में सड़कों पर जलभराव होना आम बात थी। इससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। नागरिकों की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए नगर पालिका प्रशासन ने शासन को विस्तृत प्रस्ताव भेजा था। नगर पालिका को इस कार्य योजना के लिए 15वें वित्त, स्टांप शुल्क व राज्य वित्त मद से 13.06 करोड़ की धनराशि मिली है। इससे शहर के विभिन्न वार्डों में 128 सड़क व नाली निर्माण होंगे। इसके लिए जरूरी टेंडर प्रक्रिया को पूरा कर लिया गया है। नगर पालिकाध्यक्ष श्वेता मिश्रा ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल ईंट-पत्थर का निर्माण कराना नहीं बल्कि शहर को एक सुव्यवस्थित, स्वच्छ व आधुनिक नगर के रूप में विकसित करना है। यह योजना इसी दिशा में एक मजबूत कदम है।

न्यूज ब्रीफ

महिला मोर्चा में 3 दिन में दूसरा इस्तीफा

बीघापुर उन्नाव, अमृत विचार : भाजपा के महिला मोर्चा में लगातार हो रही उठापटक ने संगठन में हलचल बढ़ा दी है। धानीखेड़ा मंडल की महिला मोर्चा उपाध्यक्ष अनुपमा सिंह निवासी खरझारा ने कार्यकर्ताओं की उपेक्षा का आरोप लगा अपने पद से इस्तीफा जिला अध्यक्ष को सौंप दिया। खास बात यह है कि 3 दिन में यह दूसरा इस्तीफा है। जिससे संगठन में असंतोष की चर्चा तेज हो गई है। बताया जा रहा है कि इससे पहले 14 अप्रैल को धानीखेड़ा मंडल की महिला मोर्चा अध्यक्ष पूनम पांडे ने भी उपेक्षा का आरोप लगा त्यागपत्र जिलाध्यक्ष को भेजा था। लगातार दो अहम पदाधिकारियों के इस्तीफे से महिला मोर्चा की आंतरिक स्थिति पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

कनकापुर उपद्रव कांड में 63 लोगों के खिलाफ एफआईआर हुई दर्ज

33 नामजद और 30 लोग अज्ञात शामिल, तीन उपद्रवियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार: सोमवार मंगलवार की मध्य रात्रि शाहाबाद कोतवाली के ग्राम कनकापुर में एक मुंडन संस्कार में हुए उपद्रव के बाद पुलिस ने 63 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है, जिनमें से तीन उपद्रवियों को गिरफ्तार भी किया गया।

प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बुधवार को शाम 4:00 बजे बताया उप निरीक्षक अमजद द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार 33 लोगों को नाम जद किया गया है और 30 लोगों को अज्ञात के रूप में दर्ज कराया गया है। गांव के अनिल पुत्र राम भरोसे के यहां मुंडन संस्कार का कार्यक्रम चल रहा था, जिसमें तेज आवाज में डीजे बज रहा था और नर्तकियां डांस कर रही थी। इसी कार्यक्रम में छोटे खां पुत्र इंदाज खान व अंकित कुमार पुत्र संतराम, अनिल पुत्र राम भरोसे, राम लड़ैते पुत्र राम भरोसे, उजाले पुत्र रामभरोंसे, संतराम पुत्र रामलाल, रामनिवास पुत्र रामलाल, बाबूराम पुत्र इतवारी निवासी कनकापुर के बीच कहां सुनी और मारपीट हुई। छोटे खां के साथ मारपीट हुई तो वह भाग गया। थोड़ी देर बाद दूसरे पक्ष द्वारा उसके घर जाकर मारपीट की गई। सूचना पाकर पुलिस पहुंची तो पुलिस के सामने भी उपद्रव काटा गया। पुलिस के साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया। इस संबंध में उप निरीक्षक अमजद ने 33 लोगों को नाम जद करते हुए 63 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने गुरुवार को शाम 4:00 बजे बताया केस दर्ज करने की बाद आरोपियों की तलाश की जा रही है।

जहरीले कीड़े के काटने से युवक की मौत

बीघापुर उन्नाव, अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के विक्रमपुर गांव निवासी रंजीत (40) पुत्र नंद किशोर लोगों के खेतों में मजदूरी कर जीवन यापन करता था। बुधवार शाम वह गांव के बाहर खेत में गेहूं कटाई के बाद बोझ बांध रहा था। तभी उसे जहरीले कीड़े ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे 100 बेड अस्पताल बीघापुर लाए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जिसमें सर्पदंश से उसकी मौत होने की पुष्टि हुई। कोतवाली प्रभारी राजपाल ने बताया परिजनो ने सांप काटने की जानकारी दी थी। जांच कर पोस्टमार्टम कराया गया है।

सभासदों को शपथ दिलाते एसडीएम बृजमोहन शुक्ला। ● अमृत विचार

नामित सभासदों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार : नगर पालिका कार्यालय सभागार में नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। इसमें एसडीएम बृजमोहन शुक्ला ने 5 नामित सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नव मनोनीत सभासद विमल चंद्र शुक्ला, अवधेश गुप्ता, सावित्री देवी, प्रदीप गुप्ता पप्पू व देवेन्द्र पटेल उर्फ बबलू ने शपथ ली। इसमें विधायक श्रीकांत कटियार के बेटे अंशुल कटियार व गंजमुरादाबाद प्रमुख प्रतिनिधि विवेक पटेल भी रहे। संचालन सुधीर मिश्र सद्धू ने किया। इसमें चेयरमैन रामजी गुप्ता, ईओ गुंजन गुप्ता, वरिष्ठ लिपिक रवींद्र कुमार ने निर्वाचित सभासदों को बधाई दी। इस दौरान हरिओम तिवारी, शैलेन्द्र शुक्ला एडवोकेट, विनोद दीक्षित, सुनील मिश्रा, राम मोहन सिंह, पूर्व सभासद ज्ञानेश द्विवेदी, पप्पू त्रिवेदी, राम नरेश सिंह, हरबंस तिवारी, वीरेंद्र अवस्थी, राकेश बाजपेई विजय गुप्ता बबलू आदि मौजूद रहे।

डीजे पर गाना बदलने को लेकर वर व वधू पक्ष में हुआ विवाद

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के गांव मेलाराम कुंवर निवासी अवधेश ने अपनी बेटी की शादी बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के सल्हा खेड़ा निवासी छोटेलाल के पुत्र अनूप से तय की है।

बीती बुधवार शाम अवधेश अपने रिश्तेदारों के साथ बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव सल्हा खेडा. गए थे। लड़की के पिता के अनुसार कार्यक्रम संपन्न होने के बाद सभी लोग घर लौटने की तैयारी कर रहे थे तभी वर पक्ष के घर के दरवाजे पर बज रहे डीजे पर गाना बदलने को लेकर दोनो पक्ष के युवकों में कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते मामला मारपीट में बदल गया। मारपीट में वधू के पिता अवधेश व उनके बेटे पंकज, सचिन व गांव के संजय कुमार पुत्र मुन्नूलाल, विवेक पुत्र अवधेश व रिश्तेदार वीरेंद्र पुत्र ईश्वरी प्रसाद निवासी कबीरपुर खम्भोली घायल हो गए। घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामूली बात को लेकर हुए विवाद से फिलहाल रिश्ते में दरार पड़ गई है। लड़की के पिता अवधेश के अनुसार रिश्ता लगभग टूटने के कगार पर है। एसओ बेहटा मुजावर राजकुमार ने बताया कि गाना बजाने को लेकर विवाद होने की जानकारी मिली है। घटना की जांच की जा रही है।

संदिग्ध परिस्थिति में हुई युवक की मौत

● परिजनों ने महिला पर लगाया एक माह पूर्व काटने का आरोप

विजय की फाइल फोटो

उन्नाव, अमृत विचार: कर्नाटक में आइसक्रीम बेचने वाले युवक की हालत बिगड़ गई। परिजन उसे इलाज के लिए उन्नाव ला रहा थे। तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। शव लेकर घर पहुंचे परिजनों की सूचना पर मौरावां पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं परिजनों का मौखिक आरोप है कि बीते एक माह पूर्व गांव में उसकी पड़ोसियों से मारपीट हुई थी। इसमें एक महिला ने उसे काट लिया था। इससे उसकी हालत बिगड़ गई और उसी से उसकी मौत हुई है।

मौरावां थानांतर्गत राजाखेड़ा गांव निवासी विजय (32) पुत्र जागेश्वर भाइयों के साथ कर्नाटक के भागलकोट शहर में आइसक्रीम बेचता था। जहां उसकी 3 दिन पहले हालत बिगड़ गई। इस पर भाई उसे उन्नाव ला रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। पत्नी विटोला की सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मोर्चरी में भाई मुनेश्वर ने बताया कि बीते दिनों बकरी घर में घुसने को लेकर उसका चचेरे भाइयों से विवाद के बाद मारपीट हुई थी। इसमें एक महिला ने उसके हाथ व नाजुक अंग में काट लिया था। तभी से उसका स्वास्थ्य खराब था। पति की मौत से पत्नी सहित भाई नेपाल, मुनेश्वर, जयपाल व हरिपाल बेहाल रहे। भाई के मुताबिक उसके 3 बच्चों में बेटे आजाद, आकाश व बेटी काजल हैं। पुलिस ने गुरुवार को उसका पोस्टमार्टम कराया। जिसमें मौत का कारण स्पष्ट न होने से बिसरा सुरक्षित किया गया है। एसओ कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि कर्नाटक में युवक की हालत बिगड़ी थी। लाते समय मौत हुई है। परिजनों ने बताया कि काफी समय पूर्व हुए झगड़े में पारिवारिक महिला ने उसे काटा था। लेकिन जांच में पता चला है कि उसे पूर्व में कुत्ते ने काटा था।

निजी अस्पताल की लापरवाही की सीएमओ से शिकायत

सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार: निजी अस्पताल की लापरवाही से एक प्रसूता की जान पर बन आई। परिजनों के मुताबिक इस समय वह लखनऊ में जीवन के लिए संघर्ष कर रही है। देवर ने इसकी शिकायत सीएचसी अधीक्षक व सीएमओ से की है।

आसीवन थानाक्षेत्र के पेसारी गांव निवासी अनुज ने सीएमओ व सफीपुर सीएचसी अधीक्षक को दिए शिकायतीपत्र में आरोप लगाया उसकी भाभी सोनी पत्नी अमन यादव को डिलीवरी के लिए बीती 29 मार्च सफीपुर कस्बा के श्री सिद्धि विनायक अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां डॉक्टर ने बिना जांच कराए आपरेशन कर दिया। इसके 2 घंटे बाद प्रसूता की हालत बिगड़ने पर अस्पताल संचालक ने बिना सहमति के उसे उन्नाव शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। जहां राहत न मिलने पर वह भाभी को लखनऊ के कई निजी अस्पताल ले गया। लेकिन सभी के हाथ खड़ा करने पर सोनी को ट्रामा सेंटर लखनऊ में भर्ती कराया। जहां वह जीवन के लिए संघर्ष कर रही है। आरोप है कि अस्पताल संचालक ने उससे 28 हजार रुपए भी जमा कराए। अनुज ने विभागीय अफसरों से इसकी शिकायत की है। सीएचसी अधीक्षक डा. रामसहोदर ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है। जांच कर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

आवश्यकता है

रामभरोसे सिंह महाविद्यालय

बजेहरा, हरदोई

संबद्ध लखनऊ विवि लखनऊ

सह आचार्य–इतिहास– 01 पद, हिंदी–01 पद, शिक्षाशास्त्र–01 पद, समाजशास्त्र –01 पद

योग्यता एवं वेतनमान– यूजीसी के मानकानुसार एवं लखनऊ विवि के मानकानुसार देय रहेगा।

इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र एक सप्ताह में महाविद्यालय के पते पर भेजें।

प्रबंधक

मो. नं. 9839409550

अलग-अलग हुई मारपीट की घटनाओं में चार लोग घायल

सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग गावों में हुई मारपीट में 4 लोग घायल हो गए। पुलिस ने तहरीरों के आधार पर 3 लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना में कोतवाली क्षेत्र के मवई लाल गांव निवासी सुमन पत्नी रामनिवास ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के कृपाशंकर आएदिन उससे व उसके पति से मारपीट करता है। आरोप है कि शनिवार देरशाम 9 बजे वह घर पर आया और गाली-गलौज करने लगा। पीड़िता ने बताया कि 13 अप्रैल को कोतवाली में शिकायत करने के बाद जब वह घर लौटी तो आरोपी को इसकी जानकारी हो गई और उसने फिर घर आकर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। महिला ने जान को खतरा बताया है। वहीं, दूसरी घटना में देवागांव के मजरा नयाखेड़ा निवासी राधेश्याम पुत्र हेमराज ने बताया कि गांव के सूरज ने थ्रेशर से गेहूं कटवाया था। लेकिन तय होने के बावजूद गेहूं घर नहीं पहुंचाया। जब उसने गेहूं उठाने को कहा तो सूरज व उसके साथी नीरज गाली देने लगे। आरोप है कि तभी सूरज ने लोहे की रॉड से राधेश्याम पर हमला कर दिया। जिससे उसकी नाक से खून निकलने लगा। बीच-बचाव करने आए उसके पिता हेमराज पर भी नीरज ने लाठी से वार कर दिया। इसमें वह गंभीर घायल हो गए।

एक ने जंगल और दूसरे युवक ने बाग में फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

संवाददाता, हरदोई

● अपनी-अपनी शर्ट से फंदा बनाकर लगाई फांसी, परिजनों में मचा कोहराम

अमृत विचार: बहन की ससुराल के लिए निकले भाई का शव जंगल में फांसी पर लटका देखा गया, वहीं पत्नी का साथ छूटने के बाद अकेले रह रहे पति ने बाग़ में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्ज़े में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया और आत्महत्या की वजह तलाश रही है।

बताया गया है कि कोतवाली देहात के पूराबहादुर निवासी 22 वर्षीय प्रेमलाल पुत्र राधेलाल अपने तीन भाइयों में छोटा था, वह दिल्ली में कपड़ों की कढ़ाई करता था, उसकी बहन हरियावां थाने के बेलहइया में ब्याही है। बड़े भाई प्यारे लाल ने बताया कि प्रेमलाल 13 अप्रैल को दिल्ली से घर आया हुआ था, वह बुधवार को बहन की ससुराल जाने के लिए निकला, लेकिन पहुंचा नहीं। उसे ढूंढा जा रहा था, उसी बीच गुरुवार की सुबह उसका शव हरियावां थाने के उतरा गांव के बाहर भैंसटा पुल के पास जंगल में शर्ट के सहारे लटका देखा गया। वहीं दूसरी तरफ सुरसा थाने के रामधाम मजरा म्योनी निवासी 25 वर्षीय पिंकल पुत्र मुनेश्वर का शव गुरुवार की सुबह गांव के किनारे एक बाग़ में फांसी पर लटका देखा गया। वहीं दूसरी तरफ सुरसा थाने के रामधान मजरा म्योनी निवासी 25 वर्षीय पिंकल पुत्र मुनेवर का शव गुरुवार की सुबह गांव के किनारे एक बाग में उसकी शर्ट से फांसी पर लटका देखा गया, इसका पता चलते ही पूरे गांव में कोहराम बरपा हो गया। पुलिस जांच कर रही है। जैसा कि बताते है कि पिंकल दिल्ली में नौकरी करता था, उसने सुरसा थाने के बजानी पुरवा मजरा फर्दापुर से अपनी मर्ज़ी की शादी की शादी, लेकिन पत्नी उसे छोड़ कर चली गई, तब से वह अकेला रहता था, वह कुछ दिनों पहले ही दिल्ली से गांव आया हुआ था।

तलाश गस्ती गुमशुदा

नाम गुमशुदा– **नरेश**

उम्र – लगभग 25 वर्ष पिता का नाम– स्व. राजाराम, पता– ग्राम समशेर का पुरवा मजरे आदमपुर, थाना मलंवा, जिला फतेहपुर, दिनांक घटना– 05/11/2025, दिनांक सूचना– 08/11/2025 हुलिया – रंग सांवला, इकहरा शरीर, आँख, नाक, कान औसत लम्बाई लगभग 5 फुट 02 इंच, पहनावा – हरे रंग का शर्ट व काले रंग की पैंट पहने हुए था। आप सभी को सूचित किया जाता है कि नरेश पुत्र स्व. राजाराम निवासी ग्राम समशेर का पुरवा मजरे आदमपुर, थाना मलंवा, जिला फतेहपुर दिनांक 05/10/2025 को घर से बिना बताये कही चला गया जिनकी तलाश की जा रही है यदि पता चलता है तो निम्न नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करे।

सूचनाकर्ता रमेश मो0: 9120939728 | उप निरीक्षक – रामसेवक थाना सरेनी, रायबरेली मो0: 7753918431

प्रभारी निरीक्षक – रमेश चन्द्र यादव थाना सरेनी, रायबरेली मो0नं0– 9454404144

प्रेमिका के धोखा देने पर प्रेमी ने दी जान

● शादी का झांसा देकर ऐंठे रुपये-पैसे, फिर कर दिया इंकार

संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार: चंडीगढ़ में नौकरी कर रहे युवक की वहां रह रही बिहार की एक युवती से दोस्ती हो गई, दोनों एक-दूसरे के काफी नज़दीक पहुंच गए, चूंकि शादी के पांच साल बाद भी कोई औलाद न होने पर उसने पत्नी की रज़ामंदी के बाद प्रेमिका के आगे शादी की बात रखी, उसने हां कर दिया और उसी के झांसे में रुपये-पैसे ऐंठे, लेकिन बाद में इंकार कर दिया, प्रेमिका के धोखे का शिकार हुए प्रेमी ने ज़हर निगल कर आत्महत्या कर ली। पुलिस जांच कर रही है।

बताया गया है कि लोनार थाने के नकटौरा जगतपुर निवासी 25 वर्षीय पवन पुत्र नथुन्नी अपने 6 भाइयों में छोटा था, उसकी शादी करीब पांच साल पहले बिलग्राम कोतवाली के बगलोहिया की आशा के साथ हुई थी, पवन चंडीगढ़ में नौकरी करता था, बिहार की राखी नाम की एक युवती वहां रहती थी, पहले उनके बीच दोस्ती हुई, उसके बाद दोनों एक-दूसरे के काफी नज़दीक पहुंच गए। पवन ने प्रेमिका के आगे शादी और व कोई औलाद न होने की बात रखी, लेकिन फिर भी वह शादी करने को राज़ी थी, इधर पवन ने पत्नी आशा को पूरी बात बताई, वह भी पति की दूसरी शादी के लिए रज़ामंदी हो गई। पवन राखी के झांसे में आ गया, उसने उससे रुपये-पैसे ऐंठे, उसके बाद इंकार कर दिया। पवन बुधवार को घर पहुंचा, लेकिन उससे पहले व्हाट्स-अप पर सारी बात शेयर कर दी, घर पहुंचते ही उसने ज़हर खा लिया, हालत बिगड़ने पर उसे सीएचसी बावन से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शार्टसर्किट से कपड़े की दुकान में लगी आग, लाखों की क्षति

फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार: नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी बाजार में श्याम जी वर्मा की ज्वेलर्स एंड साड़ी सेंटर की दुकान है। बुधवार रात वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। रात को नगर वासियों ने फोन पर सूचना दी कि उनकी दुकान में आग लग गई है। उन्होंने बताया कि दो मंजिल की दुकान के ऊपरी मंजिल में कपड़े का व्यवसाय होता है। जिसमें आग लग गई है। नगर वासियों ने मुश्किल से आग पर काबू पाया। सूचना पर फायर ब्रिगेड भी पहुंची। पीड़ित ने बताया कि आग शॉर्टसर्किट से लगी है। जिसमें कपड़ा सहित लाखों का नुकसान हुआ है।

अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मैंने अपने पुत्र रेहान के गलत आचरण एवं चाल चलन के चलते संबंध विच्छेद कर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **मु. परवेश पुत्र हनीफ, निवासी – नगरिया तहसील– बिधूना, जिला –औरैया।**

सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 1991 अनुक्रमांक 1721445 का अंकपत्र और प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **राजकरन पुत्र राजाराम ग्राम चरनगहिया बेलहा–बलरामपुर।**

सूचना

मैंने अपना नाम ZAKIR ALI से बदलकर MOHD ZAKIR ALI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **MOHD ZAKIR ALI S/O-NASIR ALI R/0-165/64KA, KACHCHA HATA AMINABAD, DIST-LUCKNOW-226018 (U.P)**

सूचना

मैं ABDUL LATIF पुत्र ABDUL AZIZ, निवासी – 312, ग्राम – मेवातीयान, गोण्डा, उ0प्र0 सबको सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर ABDUL LATIF SIDDIQUI रख लिया है, अतः आज से मुझे ABDUL LATIF SIDDIQUI के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

सूचना

सूचित हो कि मेरी पॉलिसी सं0– 215421673 में मेरा नाम शिवम श्रीवास्तव अंकित है जबकि मेरा सही नाम प्रखर श्रीवास्तव है जो कि मेरे सभी अभिलेखों में अंकित है। उपरोक्त दोनों नाम प्रखर श्रीवास्तव व शिवम श्रीवास्तव मेरे ही हैं। अतः मेरी उपरोक्त पॉलिसी में मेरा सही नाम प्रखर श्रीवास्तव अंकित किया जाये। **प्रखर श्रीवास्तव पुत्र तेग बहादुर श्रीवास्तव निवासी– कायस्थाना सतरिख तहसील नवाबगंज जिला बाराबंकी।**

सूचना

पहले मेरा नाम TRIPATHI ALOK GIRIJA SHANKER था अब मैंने बदलकर अपना नाम ALOK G TRIPATHI रख लिया है भविष्य में मुझे ALOK G TRIPATHI के नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O GIRIJASHANKAR DAYARAM TRIPATHI R/O KHERAWA JARUKHA SAYA, AMBEDKAR NAGAR.**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राजमणि त्रिपाठी पिता स्व0 जमुना प्रसाद त्रिपाठी निवासी श्री राम पंडित डीह, कूकनगर ग्रिंट, गोंडा 271312. यह शपथ करता हूं कि मेरी जमीन ग्राम– बुक्कूनपुर, तहसील मनकापुर जिसकी गाटा संख्या 179 मि. एवं 180 मि. के मूल बैनामा के दस्तावेज ग्राम– बुक्कनपुर से मसकनवा के रास्ते में कहीं गिर गए है।

हादसा | दो किसानों की मेहनत खाक में हुई तब्दील

आग की भेंट चढ़ी गेहूं की फसल

औरास उन्नाव

आग लगने के दौरान पास के खेतों में मौजूद ग्रामीण। ● अमृत विचार

अमृत विचार: तहसील क्षेत्र के बघौड़ा गांव में गुरुवार दोपहर अज्ञात कारणों से गेहूं की फसल में आग लग गई। इसमें दो किसानों की दो बीघे फसल जल गई।

बघौड़ा गांव के पास से निकली शारदा नहर किनारे गांव की मंगोला पत्नी मेवालाल व मीठेपुर निवासी मो. पुत्र सुभानी के खेत हैं। गुरुवार दोपहर अचानक खेत से लपटें उठती देख वहां काम कर रहे ग्रामीणों ने शोर मचाया और नहर से बाल्टियों में पानी भरकर आग बुझाने में जुट गए। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। लेकिन तब तक तैयार खड़ी फसल जल चुकी थी। फसल जलने से दोनों किसानों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। पीड़ितों ने बताया कि साल भर की मेहनत आखों के सामने जल गई। किसानों ने प्रशासन से नुकसान का सर्वे कराकर उचित आर्थिक सहायता की गुहार लगाई है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–गोण्डा

ई–प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना नोटिस

पत्रांक 2246/ग्रा0अ0वि0/ई–निविदा/निर्माण/2025–26 दिनांक 31.03.2026

महामहिम श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड–गोण्डा के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए,बी,सी, एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेन्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है।

1– कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नलिखित है।

क्र0 सं0	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत लाख रू0 में (जीएसटी छोडकर)	बिड सिक्योरिटी लाख में	निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी सहित	कार्य पूर्ण करने की अवधि(वर्षा ऋतु सहित)
1	2	3	4	5	6	7
		वित्तीय वर्ष 2025–26 त्वरित आर्थिक विकास योजनान्तर्गत विधान सभा क्षेत्र–गौरा।				
01	गोण्डा	रसूलपुर खान मुख्य रोड से मुन्नालाल यादव के गांव रसूलपुर खास तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य।	19.65	0.39	300+500+GST	चार माह
02	गोण्डा	बखरवा नारापार कठौवा पिच रोड से दलित बस्ती शशिकान्त भारती के घर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य।	24.03	0.48	300+500+GST	चार माह
03	गोण्डा	चन्द्रदीप घाट बस्तीखास मार्ग से बकुई गांव रामरूप तेली (गुप्ता) गांव तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य।	20.49	0.41	300+500+GST	चार माह
04	गोण्डा	मझौवातोग लोक निर्माण विभाग मार्ग से सबना स्व0 तिलक राम वर्मा के गांव तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य।	23.95	0.48	300+500+GST	चार माह
05	गोण्डा	खम्हरिया लोक निर्माण विभाग मार्ग से ईटवाखुर्द का अवशेष भाग पश्चिमडीह घनष्याम पाण्डेय के गांव तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य।	30.64	0.61	300+500+GST	चार माह
06	गोण्डा	कलेनिया मुख्य मार्ग पेट्रोल पम्प के सामने से कल्लू तिवारी के घर होते हुये पोखर भिटवा सम्पर्क मार्ग पर रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य।	20.25	0.41	300+500+GST	चार माह
07	गोण्डा	छपिया मन्दिर मार्ग से दीननगर बाबूलाल के घर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य।	24.03	0.48	300+500+GST	चार माह
08	गोण्डा	केषवनगर ग्रन्ट पी0एम0जी0एस0वाई0 मार्ग से चांदपुर पूर्व से भागीरथी पासवान के घर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य।	19.92	0.40	300+500+GST	चार माह
09	गोण्डा	बरहरपुर पिच रोड से कहारपुरवा मोल्हू के गांव तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य।	21.92	0.44	300+500+GST	चार माह
10	गोण्डा	कूकनगर ग्रन्ट नारापार पवन भट्ठा पिच रोड से छविलाल बढ़ईडीह तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य।	26.51	0.53	300+500+GST	चार माह
11	गोण्डा	कूकनगर ग्रन्ट हरदौनी चौराहा से सुखदेव डीह विजय मार्ग के गांव तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य।	19.95	0.40	300+500+GST	चार माह
12	गोण्डा	मोकलपुर पिच रोड से राम अभिलाख प्रधान गावं सीरापार तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य।	19.85	0.40	300+500+GST	चार माह
13	गोण्डा	दौलतपुर ग्रन्ट ओ0डी0आर0 मार्ग से दौलतपुर खास राजू निशाद के गांव तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य।	19.46	0.39	300+500+GST	चार माह
14	गोण्डा	बखरौली पिच रोड अनिल वर्मा के गांव भुईगांव तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य।	19.85	0.40	300+500+GST	चार माह
15	गोण्डा	कर्मा जू0 हाईस्कूल से यादवपुरवा होते हुये जिलेदार वर्मा के गांव तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य।	19.87	0.40	300+500+GST	चार माह
16	गोण्डा	सोनहवा पिच रोड से राजेन्द्र वर्मा लेखपाल के गांव तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य।	20.34	0.41	300+500+GST	चार माह
17	गोण्डा	बस्ती खास पिच रोड से लोनियनडीह रामपत्तर राजभार के गांव तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य।	24.17	0.48	300+500+GST	चार माह
18	गोण्डा	सिंसईरानी पिच रोड से बढ़ईपुरवा तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य।	19.44	0.39	300+500+GST	चार माह
19	गोण्डा	खुटिहन पी0एम0जी0एस0वाई0 मार्ग से बहेरी माफी अशोक मार्ग के गांव तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य।	22.06	0.44	300+500+GST	चार माह

2. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेंट की उपलब्धता 22.04.2026 से 30.04.2026 तक।
3. ई–निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समय–30.04.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक।
4. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय–30.04.2026 को अपरान्हन् 12.30 बजे।
5. निविदा आमत्रणकर्ता को आई0टी0बी0 के क्लास के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा सभी निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
6. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर लागिंन करें तथा डाक्यूमेंट को लोड करें।

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड–गोण्डा

UP-249861 दिनांक 15.04.2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

हर आधे घंटे पर तय जगह से होगा बसों का संचालन

जिलाधिकारी ने निजी बस स्वामियों एवं बस एसोसिएशन के सदस्यों के साथ बैठक में दिए आवश्यक निर्देश

संवाददाता, हरदोई,

अमृत विचार। निजी बस स्वामियों एवं बस एसोसिएशन सदस्यों के साथ शहर के बाहर से निर्धारित बस अड्ड़ो के संचालन के सम्बन्ध मे जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी बस मालिकों द्वारा आधे-आधे घंटे पर बसों का संचालन निर्धारित स्थानों से कराया जायेगा और वैद्व परमिट वाली बसों का चलेगी। बैठक में जिलाधिकारी ने एआरटीओ को निर्देश दिये कि समस्त मार्गो पर चलने वाली बसों पर तत्काल क्यूआर कोड लगवाना सुनिश्चित करायें। बस मालिकों द्वारा ट्रान्सपोर्ट नगर बनाये जाने की मांग पर जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही ट्रान्सपोर्ट नगर बनाने की व्यवस्था करायी जायेगी। उन्होने बस संचालक सभी मार्गो पर प्रत्येक दिन हर आधे घंटे पर चलने वाली बसों के नम्बर सहित सूची उपलब्ध करायें।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने कहा कि अवैध रूप से छोटे वाहनों में सवारियों को लेकर चलने वाले वाहन चालकों पर सख्ती की जायेगी और उन्हें नगर के अन्दर से नही चलने दिया जायेगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, नगर मजिस्टेट सुनील कुमार त्रिवेदी, एआरटीओ, परिवहन अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम व सीओ सिटी सहित बस स्वामी आदि उपस्थित रहे।

निजी बस स्वामियों एवं बस एसोसिएशन सदस्यों के साथबैठक करते डीएम अनुनय झा व एसपी अशोक कुमार मीणा।

जन सुनवाई में डीएम के सामने आईं 68 शिकायतें

हरदोई, अमृत विचार। कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई में गुरुवार को कुल 68 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्व और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। जनसुनवाई मे उपजिलाधिकारी न्यायिक सदर भूमिका यादव व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

किसानों की बनायी गयी फार्मर रजिस्ट्री

हरदोई, अमृत विचार। उपनिदेशक कृषि के निर्देशन में गुरुवार को ग्राम हरसिंगपुर ब्लाक बावन तहसील सदर में फार्मर रजिस्ट्री कैंप का आयोजन किया गया। कृषि विभाग द्वारा गांव-गांव में ऐसे शिविर लगाकर किसानों को सुविधा प्रदान की जा रही है। इस कैंप का उद्देश्य किसानों की खतौनी को आधार से जोड़कर उनकी फार्मर आईडी बनाना है। प्रदेश सरकार की इस पहल से किसानों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल सकेगा। यह कैंप उन किसानों के लिए आयोजित किया जा रहा है जिनकी फार्मर रजिस्ट्री अभी तक नहीं हुई है।

छात्र-छात्राएं करेंगे पुस्तकालयों का भ्रमण

हरदोई, अमृत विचार। विद्यार्थियों में शब्दों को ग्रहण करने की क्षमता, चिंतनशीलता विकसित करने तथा धाराप्रवाह संवाद आदि को सीखने के लिए विभिन्न विद्यालयों के बच्चे पुस्तकालयों का भ्रमण करेंगे। जिले के समस्त राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, स्ववित्त पोषित मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के बच्चे पठन संस्कृति को विकसित करने, कौशल क्षमता का विकास करने, शब्दों को ग्रहण करने की क्षमता बढ़ाने, चिंतनशीलता तथा धाराप्रवाह सीखने के उद्देश्य से राजकीय जिला पुस्तकालय का भ्रमण करेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक बाल मुकुंद ने सभी विद्यालयों को निर्देश देते हुए कहा कि रोस्टरवार 50-50 बच्चों के समूहों को पुस्तकालय का भ्रमण कराया जाए।

न्यूज ब्रीफ

तमंचा के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। मझिला पुलिस ने तमंचे के साथ सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने वाले युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सोमवार को उपनिरीक्षक विवेक कुमार द्वारा सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ फोटो वायरल किये जाने की सूचना मिली थी। इस संबंध में उपनिरीक्षक ने अतुल कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम बिजगवा को एक तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार में गुरुवार को गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है।

घरेलू कामगार चांदी व जेवर लेकर फरार

हरदोई, अमृत विचार। कामगार शिक्षिका के घर से चांदी और जेवलर लेकर फरार हो गई। मामला शहर के बिलग्राम चुंगी खुशीराम की बगिया के बगल का है। पुलिस ने दी गई तहरीर पर घरेलू कामगार के खिलाफ केस दर्ज करते हुए जांच शुरु कर दी है। फतेहपुर के राधानगर की नीतू अग्रवाल पत्नी मनोज कुमार अग्रहरि सुरसा ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय बंदनिया में शिक्षिका हैं और शहर के बिलग्राम चुंगी खुशीराम की बगिया के बगल में अतुल पाण्डेय के मकान में किराए पर रहती है, जबकि उनके पति फतेहपुर में शिक्षक हैं। नीतू अग्रवाल ने बताया है कि उसके घर अरवल थाने के बेहटा लाखी की पूनम पत्नी अवनीश उर्फ अमरीश धानुक जोकि नरेश पुत्र सूबेदार के मकान में किराए पर रहती है, घरेलू कामगार थी। 1 अप्रैल को घर के स्टोर में रखी एक किलो चांदी, सोने के एक जोड़ी कानों के कुण्डल और एक सोने की अंगूठी गायब हो गई। पुलिस ने पूनम के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच एसआई रोहित कुमार पाण्डेय को सौंपी गई है।

50 मीटर तक घिसटी बाइक, दो घायल

संवाददाता, पाली, हरदोई

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के बेगराजपुर गांव के पास तेज रफ्तार और लापरवाही के चलते एक बाइक हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में एक की हालत नाजुक बताई जा रही है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

कछेलिया गांव निवासी विकास गुरुवार को पाली कस्बा आया था। वापस लौटते समय बस अड्डे पर उसे पड़ोसी रिंकू लाल कश्यप मिल गया। दोनों बाइक से गांव जा रहे थे, रास्ते में बेगराजपुर गांव के पास अचानक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई और करीब 50 मीटर तक घिसटते हुए गिर गई। हादसे में दोनों युवक घायल हो गए। इसी दौरान मौके से गुजर रही एंबुलेंस के चालक प्रवेश कुमार और ईएमटी अवनीश कुमार ने सड़क पर तड़प रहे युवकों को देखा। उन्होंने तत्परता और मानवता का परिचय देते हुए एक राहगीर से इमरजेंसी नंबर पर कॉल करवाया और तत्काल दोनों घायलों को अपनी एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाली पहुंचाया। पीएचसी पाली में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल विकास की हालत चिंताजनक देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर कर दिया गया, वहीं डॉक्टरों के अनुसार दोनों युवक शराब के नशे में थे।

बाइक की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की मौत

हरदोई, अमृत विचार। बेटी की ससुराल जा रहे साइकिल को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार भी ज़ख्मी हो गया, साइकिल सवार को सीएचसी बावन से मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। लोनार थाने के धनेउली निवासी सुक्खा (83) पुत्र रग्घू बुधवार की शाम अपने बेटी की ससुराल जटौली जा रहा था। तेरिया के पास बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे उसके गहरी चोट पहुंची, वहीं बाइक भी बेकाबू हो कर दूर जा गिरी, जिससे उस पर सवार युवक भी ज़ख्मी हो गया। सुक्खा की मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। कोतवाली शहर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

अंतर्ध्वनि महिला विंग ने बैठक कर की चर्चा

हरदोई, अमृत विचार। नघेटा रोड स्थित एक रेस्टॉरेंट में अंतर्ध्वनि महिला विंग की वार्षिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। बैठक का शुभारंभ मंडल अध्यक्ष इला द्विवेदी एवं मंडल सचिव कालिन्द्री वैश्य ने किया। बैठक के दौरान ज़िलाध्यक्ष डॉ आशी गुप्ता ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल का विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए दीपिका मित्तल को सचिव तथा मानसी अग्रवाल और मीनू गुप्ता को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। बैठक में संगठन को और सशक्त बनाने तथा सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया।

वाहन पलटने से परिचालक की मौत

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

अमृत विचार। बुधवार रात गंगा एक्सप्रेस-वे के अंडरपास के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में बारात ले जा रहा वाहन पलट गया, जिसमें परिचालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा माधौगंज रोड स्थित सर्विस रोड पर हुआ, जहां अचानक वाहन अनियंत्रित होकर अंडरपास के नीचे पलट गया। मृतक की पहचान सुधीर उर्फ छोटे पुत्र इंदल (42) निवासी मोहल्ला बजरिया के रूप में हुई है। वह अविवाहित था और दो भाइयों में सबसे छोटा था। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार, एक बारात बेहटा गांव से गंज मुरादाबाद गांव की ओर जा रही थी। इसी दौरान अंडरपास के पास वाहन संतुलन खो बैठा और पलट गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने घटनास्थल का जायजा लिया और आवश्यक कानूनी कार्रवाई कराई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि वाहन की किसी ट्रैक्टर या भारी वाहन से टक्कर हुई थी, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है और मामले की गहन पड़ताल जारी है।

घटनास्थल का जायजा लेती पुलिस व मृतक सुधीर की फाइल फोटो।

खेत में मिली खून से लथपथ युवती मेडिकल कॉलेज में कराया गया भर्ती

हरदोई, अमृत विचार। खेत में खून से लथपथ युवती के पड़े होने की खबर से बावन कस्बे में हलचल मच गई। बस स्टैण्ड के पीछे खेत में संग्दिध हालात में घायल युवती के पड़े होने की खबर पर तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची और उसे सीएचसी बावन पहुंचाया, जहां से मेडिकल कालेज भेजा गया है। अनुमान लगाया जा रहा है कि बेरहमी से पिटाई करने के बाद उसे फेंका गया है। कुछ लोगों ने दुष्कर्म किए जाने की भी अटकले लगाईं, लेकिन फिलहाल डाक्टरों इससे इंकार किया है। एएसपी पूर्वी मार्तण्ड प्रताप सिंह का कहना है कि युवती फिलहाल कुछ बता नहीं पा रही है। छानबीन के अलावा वहां अगल-बगल लगे सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।

गुरुवार की सुबह लोनार थाने की बावन पुलिस पुलिस चौकी में खबर पहुंची कि बावन बस स्टैण्ड के पास स्टेट बैंक आफ इंडिया के पीछे करीब 20 वर्षीय युवती खून से लथपथ हालत में पड़ी है। ग्रामीणों के मुताबिक वह दर्द से तड़प रही थी। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस उसे उठाकर सीएचसी बावन लेकर पहुंची। जहां से उसे मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया।

युवती की हालत देखकर कहा जा रहा था कि बेरहमी से पिटाई कर उसे फेंका गया, साथ ही उसके साथ दुष्कर्म किए जाने की भी अटकलें लगाई जा रहीं है। युवती कुछ बता नहीं पा रही है, वह कौन है और कहां से आई? इस सवालों का जवाब नहीं मिल पा रहा है। एएसपी पूर्वी मार्तण्ड प्रताप सिंह का कहना है कि पूरे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है, जल्द ही सारी सच्चाई सामने आ जाएगी।

मुआवजे के लिए शव सड़क पर रखकर हंगामा

- बुधवार को बखारी की सफाई के दौरान दम घुटने से हो गई थी मौत

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई,

अमृत विचार। जलालपुर गांव में बखारी की सफाई के दौरान दम घुटने से हुई दो लोगों की मौत के बाद गुरुवार को हालात तनावपूर्ण हो गए। मृतक कैलाश के परिजनों ने प्रधान परिवार को घटना का जिम्मेदार ठहराते हुए मुआवजे की मांग को लेकर शव सड़क पर रखकर हंगामा किया और प्रशासन से तीखी नोकझोंक हुई। मंगलवार रात हुई इस घटना में प्रधान पति सुरेंद्र कुमार ने पड़ोसी कैलाश को बखारी साफ करने के लिए अंदर उतारा था। जहरीली गैस की चपेट में आने से कैलाश बेहोश हो गए। उन्हें बचाने के लिए अंदर गए सुरेंद्र कुमार भी अचेत हो गए और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद लौटे परिजनों ने अंतिम संस्कार रोक दिया और गुरुवार सुबह शव को गांव के संपर्क मार्ग पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। मौके पर प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। स्थिति बिगड़ती देख उपजिलाधिकारी एन. राम और क्षेत्राधिकारी रवि प्रकाश सिंह भी मौके पर पहुंचे। इस दौरान आक्रोशित भीड़ शव को प्रधान के घर ले जाने पर अड़ी रही। काफी मशक्कत और समझाने-बुझाने के बाद प्रशासन ने सरकारी मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। इसी बीच प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने मानवीय पहल करते हुए बताया कि पुलिस टीम भी अपने वेतन से मृतक के परिजनों को 1 लाख की आर्थिक सहायता देगी।

करीब चार घंटे चले हंगामे के बाद परिजन शांत हुए और शव को लेकर राजघाट के लिए रवाना हुए, जहां अंतिम संस्कार किया गया। वहीं, प्रधान पति सुरेंद्र कुमार का अंतिम संस्कार मेहंदी घाट पर किया गया। घटना के बाद गांव में तनाव बना हुआ है और पुलिस स्थिति पर नजर रखे हुए है।

हंगामा कर रहे मृतक के परिजनों को समझाते प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार।

ननिहाल में बच्ची की हुई मौत मां-नाना पर हत्या का आरोप

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। 16 महीने की बच्ची मां के साथ ननिहाल में थी, जबकि उसका पिता नोएडा में रह रहा था। बुधवार को बच्ची की मौत हो गई। पिता को सूचना देने पर उसने यूपी-112 पर खबर दी कि पत्नी ने उसकी बेटी की हत्या कर दी। ससुर पर साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सण्डीला कोतवाली के जसनपुर निवासी रामकिशोर की पुत्री मोहिनी सुभाष को ब्याही है, उसके एक बेटा विदान और एक 16 महीने की बेटी पायल थी। आपसी तकरार के चलते मोहिनी अपने दोनों बच्चों के साथ मायके आ कर रहने लगी, जबकि सुभाष नोएडा में ही रहता है। रामकिशोर ने बताया कि उसकी 16 महीनें की नातिन पायल बीमार चल रही थी, बुधवार को उसकी मौत हो गई, उसने सुभाष को सूचना दी, लेकिन उसने वहीं से यूपी-112 पर आरोप लगाते हुए सूचना दी कि पत्नी ने उसकी बेटी की हत्या कर दी, उसने ससुर रामकिशोर पर साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया है।

पायल की फाइल फोटो।

शिक्षा ग्रहण करना सभी का प्रमुख अधिकार

संवाददाता, संडीला, हरदोई

अमृत विचार। नगर के मदरसा माहदुल बशीर में विशिष्ट अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों के सम्मान में एक समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता मदरसा के संस्थापक हाजी जमील अहमद अंसारी ने की और मुफ्ती अब्दुल कादिर नदवी ने संचालन किया।

मुख्य अतिथि मौलाना मुती उर्ररहमान ओफ़ रहे। विशिष्ट अतिथि कुंवर वीरेंद्र सिंह रहे। दारुल उलूम नदवातुल उलमा सिकरोरी के मौलाना मुतीउर्रहमान औफ नदवी ने कहा कि शिक्षा एक रोशनी है। मदरसे धार्मिक शिक्षा से छात्रों के दिलों को रोशन करते हैं। मदरसे के छात्र, हाफ़िज़, आलिम शिक्षा प्राप्त करके लोगों के बीच ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं। उन्होंने कहा, अपने बच्चों को शिक्षा अवश्य दिलाएं शिक्षा ग्रहण करना सभी का अधिकार है।

इस अवसर पर मदरसा के संस्थापक हाजी जमील अहमद अंसारी ने सभी छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जिन छात्रों ने डिस्टिंक्शन मार्क्स प्राप्त किये हैं और पुरस्कार प्राप्त किया है, वह बधाई के पात्र हैं।

- मदरसा माहदुल बशीर में सम्मान समारोह का आयोजन

समारोह में सम्मानित मेधावी अभ्यर्थी। अमृत विचार

फोटो वायरल करने पर दर्ज कराया केस

हरदोई, अमृत विचार। इंस्टाग्राम पर गलत फोटो वायरल कर धमकाने और गाली-गलौज करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने महिला और एक अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। कोतवाली शहर के सीडीओ आवास, झबरापुरवा की भारती सिंह ने कछौना कोतवाली के उन्नवां गांव निवासी अशोक की पत्नी माया और एक अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है। भारती सिंह ने बताया कि पूनम ने उसका फोटो युवक के साथ एडिट कर उसे इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिया, उसके अलावा वह धमकाते हुए उसे गाली-गलौज करती है। केस की जांच इंस्पेक्टर ध्रुव कुमार को सौंपी गई है।

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व पूर्व ब्लॉक प्रमुख टड़ियावां रामकिशोर का निधन

संवाददाता, टड़ियावां, हरदोई

अमृत विचार। कस्बा निवासी भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष और पूर्व ब्लॉक प्रमुख रामकिशोर गुप्ता उर्फ गुड्डू का गुरुवार की देर रात लखनऊ के एक निजी हॉस्पिटल में निधन हो गया। वह करीब एक माह से गंभीर बीमारी से ग्रसित थे। उनके निधन की खबर आते ही राजनीतिक गलियारों में शोक छा गया।

पूर्व जिलाध्यक्ष श्री गुप्ता जिले के प्रतिष्ठित व्यवसाई के रूप में गिने जाते थे। वह अपने पीछे पत्नी सरिता गुप्ता और तीन पुत्रों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। दिवंगत श्री गुप्ता भाजपा के जिलाध्यक्ष पद के अलावा टड़ियावां के ब्लॉक प्रमुख रह चुके। इसके अलावा वह एक बार स्वयं ग्राम प्रधान रहे, तो एक बार पत्नी सरिता को प्रधान पद पर आसीन कराया। उनके निधन पर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, सांसद जयप्रकाश, ब्लॉक प्रमुख रवि प्रकाश, विधायक आशीष सिंह आशू, पूर्व प्रमुख राजेश सिंह, भाजपा नेता राजाबक्श सिंह, अमरेंद्र प्रताप सिंह, डॉ.अनुज गुप्ता, मनोज तिवारी, राम नरेश अवस्थी गौराडांडा आदि तमाम सियासी नेता और व्यापारियों ने शोक व्यक्त किया है।

रामकिशोर गुप्ता गुड्डू की फाइल फोटो।

- भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने जताया शोक

आयोजन अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वावधान में शिक्षा उन्नयन पर हुआ मंथन

शिक्षक समाज निर्माण के मजबूत स्तंभ : आलोक

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

अमृत विचार। कस्बे में अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वावधान में शिक्षा उन्नयन गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षा की गुणवत्ता सुधार और समाज निर्माण में शिक्षकों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष ब्रजमोहन कुशवाहा, मंत्री विनय कुमार, कोषाध्यक्ष आशीष तिवारी, उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह तथा अटेवा ब्लॉक अध्यक्ष राहुल शाक्य की देखरेख में संपन्न हुआ।

इस दौरान सेवानिवृत्त शिक्षक ओमप्रकाश शर्मा और मीनू गुप्ता को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। दोनों शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए नई पीढ़ी के शिक्षकों को समर्पण और नवाचार के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। गोष्ठी में जिलाध्यक्ष आलोक मिश्रा ने कहा कि शिक्षक में समाज निर्माण की अपार क्षमता होती है और वह राष्ट्र के भविष्य को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वहीं बीईओ गिरजेश कटियार ने कहा कि बच्चों को वैज्ञानिक और सामाजिक दृष्टिकोण से तैयार करना शिक्षकों की बड़ी जिम्मेदारी है।

बैठक में शिक्षकों ने शिक्षा को और अधिक गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए अपने विचार रखे। इस दौरान यह भी कहा गया कि कक्षा में ब्लैकबोर्ड पर खड़े होकर पढ़ाने से बच्चों की समझ बेहतर होती है। शिक्षकों से अपील की गई कि वे नए-नए तरीकों और नवाचारों के साथ छात्रों को शिक्षित करें।

कार्यक्रम में चेयरमैन अनिल राठौर, अनूप दीक्षित, धर्मेंद्र सिंह यादव, अखिलेंद्र यादव, सुभाष यादव, गजेंद्र सिंह, संघ प्रिय विजय, प्रियंका दीक्षित, अर्चना कुशवाहा, विनोद कटियार,, अशोक कुशवाहा तथा बाबा मंशानाथ इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अनुज यादव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में सम्मानित किए गए सेवानिवृत्त शिक्षक व शिक्षिकाएं। अमृत विचार

कार्यक्रम में पुस्तकों के साथ विद्यार्थी व साथ में प्राचार्य व शिक्षक। अमृत विचार

केंद्रीय विद्यालय में पुस्तकोपहार का किया गया आयोजन

संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में गुरुवार को 'पुस्तकोपहार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी पुरानी कक्षा की किताबें अपने से छोटी कक्षा के बच्चों को भेंट कीं। इस बार विद्यालय के बच्चों ने मिलकर कुल 1147 किताबों का आदान-प्रदान किया, जिससे अब ये किताबें नए बच्चों के पढ़ने के काम आएंगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद राशिद ने बच्चों को बहुत ही प्रेरणादायी संदेश दिया। उन्होंने कहा कि किताबें सबसे अच्छी मित्र होती हैं और इन्हें दूसरों को उपहार में देना बहुत नेक काम है। प्राचार्य ने इस अभियान के तकनीकी और पर्यावरणीय महत्व पर जोर देते हुए बताया कि कागज पेड़ों से बनता है और एक टन कागज तैयार करने के लिए लगभग 17 बड़े पेड़ों को काटना पड़ता है।

दूसरी शादी रचाने की तैयारी में लेखपाल

हरदोई, अमृत विचार। सहेली के माध्यम से हुए प्रेम प्रसंग के बाद युवक ने युवती से शादी कर ली। लेकिन अब वहीं लेखपाल दूसरी युवती के प्रेम में पड़ गया है और दूसरी शादी रचाने की तैयारी में है। सदर तहसील में तैनात लेखपाल की पत्नी ने यह आरोप लगाते हुए एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। फर्रुखाबाद की रहने वाली सरस्वती कटियार गुरुवार को एसपी की ड्यूढ़ी पर पहुंची। बताया कि सहेली के ज़रिए उसकी मुलाकात साण्डी थाने के गुर्रा निवासी अरुणेश यादव से हुई। 12 दिसंबर 2022 में आर्य समाज मंदिर में दोनों ने शादी कर ली। दोनों शहर के मोहल्ला सराय थोक में किराए पर रह रहे थे। सरस्वती का कहना है कि उसे पता चला कि उसका पति दूसरी शादी करना चाह ही नहीं रहा, बल्कि 3 मई को उसकी शादी है। लेखपाल की पत्नी ने इंसाफ मांगते हुए पति के खिलाफ केस दर्ज किए जाने की मांग की है।

बेजुबानों को मिली जुबां, नाम गौरी-शंकर

सीतापुर जनपद की महिला ने बेजुबानों के लिए खरीदा लाखों का फ्लैट, निराश्रित पशुओं की बनीं संरक्षक

जीशान कदीर, सीतापुर

अमृत विचार। यूपी के सीतापुर में एक महिला ने निराश्रित पशुओं के संरक्षण में ऐसा बीड़ा उठाया कि घर की गृहस्थी को तिलांजलि देकर लाखों का फ्लैट ही खरीद डाला, 16 वर्षों से गोवंशों की सेवा करने में लगा परिवार गौमाताओं के लिए पौष्टिक भोजन के साथ फल-सब्जी और पर्याप्त दवाओं की उपलब्धता भी करा रहा है।

काष्ठा फाउंडेशन की संचालिका भावना सक्सेना बताती हैं कि 16 वर्ष पूर्व उन्हें नंदी चोटिल मिला, सड़क किनारे दो गौमाताएं भी थीं। अधिक जख्म होने के कारण कोई आगे नहीं बढ़ा, परिवार के साथ मिलकर सभी को घर के करीब ले लाए, ताकि सेवा की जा सके। तमाम प्रयास के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका।

छांव के नीचे मौजूद गौवंश। अमृत विचार

कुत्ते के बच्चों का रेस्क्यू करतीं योशिता।

केला खाती बीमार गौमाता। अमृत विचार

तभी से मन बना लिया कि निराश्रित पशुओं के लिए छांव के साथ सारे इंतजाम करने हैं।

भावना बताती हैं कि परिवार के सहयोग से पैसे इकट्ठा किये, घर की ज्वैलरी भी बेंच दी, बाद में सड़क किनारे एक मकान खरीदा। फ्लैट में गौवंश के साथ 72 निराश्रितों का परिवार है।

ठीक होने के बाद लोगों ने अपनाए गौवंश: भावना सक्सेना की पुत्री योशिता निजी कंपनी में कार्यरत हैं। कहती हैं कि ठीक होने के बाद कई गौवंशों को अपनाने के लिए शहर और उसके आसपास के परिवार आगे आए, बताती हैं कि सड़क पर निकलते समय घायल व बीमार पशुओं को लाना दिनचर्या में है। अब तक एक लाख से अधिक गौवंशों की सेवा की जा चुकी है।

भण्डारा और अंतिम संस्कार के लिए परिवार एकजुट: भावना सक्सेना बताती हैं कि परिवार में पुत्र स्वरित और बहू निधि के अलावा पति मुकुल मोहन और पुत्री योशिता मिलकर गौवंशों और निराश्रित पशु (कुत्ता, बिल्ली आदि) के लिए भण्डारे का आयोजन करते हैं, शहर और उसके आसपास हादसे का शिकार पशुओं के अंतिम संस्कार का जिम्मा भी दैनिक दिनचर्या में है।

नाम पुकारते ही दौड़ पड़ते हैं गौवंश

महिला और उनके बच्चों ने हर गौवंश का नाम रखा गया है। राजा, गणेश, गौरी, शंकर, गौरा, यशोदा, ममता, मंत्र, काली, रघु, भरत, आदि, छोटू, चंदू, बिल्लो सहित अन्य नामों से पुकारे जाने वाले गौवंश नाम सुनते ही दौड़ पड़ते हैं।

न्यूज ब्रीफ

जूट उत्पाद प्रशिक्षण के प्रशिक्षणार्थियों को मिले प्रमाण-पत्र

सीतापुर, अमृत विचार। इण्डबैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित जूट प्रोडक्ट उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम' का समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि इण्डियन बैंक के अंचल प्रमुख आरपी दुबे ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान दुबे ने आरपी प्रशिक्षणार्थियों द्वारा बनाए गए जूट उत्पादों की सराहना की। उन्होंने बताया कि 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना' के तहत उद्यमी बनने के लिए 5 लाख रुपये तक का ऋण बिना ब्याज और बिना किसी गारंटी के उपलब्ध कराया जा रहा है। अग्रणी जिला प्रबंधक मनोज कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष आरसेटी ने उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कार्यक्रम में निदेशक अंकुश वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मण्डलीय कार्यालय के प्रबंधक अर्पित गुप्ता व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

ककरहा में दबंगों ने बकरियां चराने को लेकर की मारपीट

लहरपुर, सीतापुर। इलाके के ग्राम ककरहा में दबंगों ने एक ही परिवार के कई लोगों के साथ मारपीट की। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर मामले में केस दर्ज हो गया है। दिलीप कुमार का आरोप है कि अहिरन पुरवा निवासी कुछ लोग आए दिन उनकी फसल को बकरियों से चरवाकर नुकसान पहुंचाते हैं। शाम जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने घर में घुसकर दिलीप उनके भाइयों जुगल किशोर व सर्वेश और उनकी बहन को लाठी-डंडों से पीटा जिससे उन्हें गंभीर चोटे आई हैं।

मेधावी को सम्मानित करते अतिथिगण। अमृत विचार

सिद्धार्थ मेमोरियल स्कूल में मेधावियों का सम्मान

सांडा, सीतापुर। सिद्धार्थ मेमोरियल पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह आयोजित हुआ। शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक निर्मल वर्मा व विशिष्ट अतिथि बीईओ ओंकार सिंह ने किया। कक्षा 1 से 11 तक के उन छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया जिन्होंने वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया है। प्रथम स्थान पाने वालों में अंजली वर्मा, स्मिता राज, कविता व बरखा राज, अंशिका राज, नेहा वर्मा, शालू वर्मा, पिंकी वर्मा, शिवा राज, सार्थक राज, शिवानी और अक्षिता शामिल रहीं। विजेताओं को भी मेडल व शील्ड प्रदान की गई।

यक्ष ऐप से एक घंटे में हुई चोर की पहचान

सीतापुर, अमृत विचार। जिले में अपराधियों पर लगाम कसने के लिए अब पुलिस हाईटेक तकनीक का सहारा ले रही है। खैराबाद थाना क्षेत्र के एक मैरिज लॉन से चोरी हुई बाइक के मामले में पुलिस ने यक्ष एआई की मदद से मात्र एक घंटे के भीतर संदिग्ध अपराधी की शिनाख्त कर ली है। मामला 11 अप्रैल का है। रामपुर मथना निवासी अर्जुन मौर्या की बाइक एक लॉन के बाहर से चोरी हो गई थी। लॉन के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, तो उसमें दो संदिग्ध युवक दिखाई दिए। उनकी फोटो को उक्त ऐप पर अपलोड कर फेस सर्च किया, जिससे अपराधी का पूरा रिकॉर्ड और विवरण सामने आ गया।

पथ संचलन के दौरान भ्रमण करतीं सेविकाएं। अमृत विचार

राष्ट्र सेविका समिति ने निकाला पथ संचलन

बिसवां, सीतापुर। राष्ट्र सेविका समिति के प्रारंभिक प्रशिक्षण वर्ग में पथ संचलन का आयोजन किया गया। पथ संचलन का शुभारंभ पुरवारी टोला स्थित सरस्वती बालिका विद्या मंदिर से हुआ। घोष की धुन पर कदमताल करती सेविकाएं मिठउवा कुआं, आर्य समाज, बड़ा चौराहा एवं हजीरा रोड जैसे प्रमुख मार्गों से गुजरीं, जहां स्थानीय नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। संचलन पुन: विद्यालय परिसर में पहुंचकर संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. पारुल, सावित्री, लक्ष्मी, लक्ष्मी, उमा एवं मुख्य शिक्षिका रश्मि आदि स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहीं।

कोतवाली नगर पुलिस की गिरफ्त में ऑटोलिफ्टर। अमृत विचार

चोरी की छह बाइक बरामद, शातिर गिरफ्तार

सीतापुर, अमृत विचार। कोतवाली नगर पुलिस ने शातिर अंतरजनपदीय वाहन चोर को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 6 मोटरसाइकिलें बरामद हुई हैं। क्षेत्राधिकारी नगर कपूर कुमार के मुताबिक, कोतवाली नगर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर रसूलपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास से अन्नू सिंह उर्फ लक्ष्मेन्द्र सिंह निवासी सलाहपुर, थाना पिसावां को दबोचा। तलाशी और निशानदेही पर पुलिस ने 5 स्प्लेंडर और एक अपाचे बाइक बरामद की। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह हरदोई, शाहजहांपुर और लखीमपुर खीरी के विभिन्न कस्बों से बाइक चोरी करता था। पहचान छिपाने के लिए वह नंबर प्लेट हटा देता था और बाइक पर काली पन्नी व स्टिकर लगा देता था। शातिरों ने पिहानी हरदोई, जंग बहादुरगंज खीरी और शाहजहांपुर के ईदगाह इलाके से बाइक चोरी करने की बात कबूल की है। बरामद वाहनों के संबंध में विभिन्न जनपदों के थानों में पूर्व से ही मुकदमें दर्ज हैं।

पिकअप की टक्कर से महिला की मौत

लहरपुर, सीतापुर। लहरपुर-बिसवां मार्ग पर एक तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उसका देवर और मासूम भतीजी गंभीर रूप से घायल हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, सदरपुर थाना क्षेत्र के पट्टी सरैयां निवासी अंबुज (24) अपनी भाभी शिल्पी (30) और दो वर्षीय भतीजी वर्षा के साथ बाइक से लहरपुर सामान लेने आ रहे थे। अराइज स्कूल के पास पीछे से आ रही पिकअप ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। परिजनों ने बताया कि घायल अंबुज की आज ही बारात लहरपुर आनी थी। घर में टेंट-पंडाल लग चुके थे और उत्सव का माहौल था, लेकिन इस हादसे ने खुशियों को मातम में बदल दिया। हादसे की खबर मिलते ही शादी वाले घर में कोहराम मच गया और लगे हुए टेंट उखाड़ दिए गए। पुलिस चालक की तलाश कर रही है।

स्कूल चलो अभियान में उपस्थित छात्र-छात्राएं और शिक्षकगण। अमृत विचार

रैली निकाल शिक्षा के प्रति जगाई अलख

सीतापुर, अमृत विचार। शिक्षा के प्रति जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से संकुल धरैंचा के तत्वावधान में स्कूल चलो अभियान के तहत एक विशाल रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ पूर्व माध्यमिक विद्यालय पहाड़पुर से ब्लॉक प्रमुख अजय कुमार विश्वकर्मा व खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार मिश्र ने हरी झंडी दिखाकर किया। संकुल धरैंचा की ओर से बीईओ संतोष कुमार मिश्र को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं और लगन के लिए 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय अवार्ड 2026' से सम्मानित किया गया। ब्लॉक प्रमुख अजय विश्वकर्मा को भी स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बीईओ ने शिक्षकों को निर्देश दिया कि क्षेत्र में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जाए और कोई भी बच्चा 'आउट ऑफ स्कूल' न रहे। नोडल संकुल शिक्षक काजिम हुसैन के संचालन में निकली रैली में 23 विद्यालयों के ई-रिक्शा, दो दर्जन बाइक व स्कूटी सहित सौ से अधिक बच्चे शामिल हुए।

फेरबदल: सात बीडीओ के किए गए तबादले

सीतापुर अमृत विचार। जिले में प्रशासनिक फेरबदल का दौर जारी है। एसडीएम और तहसीलदारों के बाद अब जिलाधिकारी के अनुमोदन पर मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या ने सात खंड विकास अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। उपायुक्त स्वत: रोजगार कार्यालय से सम्बद्ध धनंजय सिंह को बिसवां का नया बीडीओ बनाया गया है। वहीं, बिसवां से सुमित सिंह को मछरेहटा, मछरेहटा से राजेश कुमार तिवारी को सिधौली और लहरपुर की कार्यक्रम अधिकारी प्रीति तिवारी को महोली भेजा गया है। इसके अलावा, विकास कुमार सिंह को पहला से पिसावां, अमित कुमार यादव को पिसावां से पहला तथा श्रीश गुप्ता को सक रन के साथ लहरपुर के कार्यक्रम अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। सीडीओ ने सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।

पुरानी रंजिश में घर में घुसकर मारपीट

सीतापुर, अमृत विचार। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कोर्ट कर्बला में पुरानी रंजिश के चलते पड़ोसियों के बीच हिंसक झड़प हो गई। आरोप है कि पड़ोसी युवकों ने एक घर में घुसकर महिला और उसके दो बेटों के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। पीड़िता सायरा बानो ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पड़ोसी लियाकत, रियासत, मुन्ना और बॉबी ने उनके घर पर हमला कर दिया। इस हमले में शायरा बानो और उनके बेटे फरीद व कदीर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

लाभार्थी को चेक देते बैंक अधिकारी। अमृत विचार

बिना गारंटी व ब्याज मिलेगा 5 लाख तक का ऋण

सीतापुर, अमृत विचार। इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी में आयोजित जूट प्रोडक्ट उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। इस अवसर पर इंडियन बैंक के अंचल प्रमुख आरपी दुबे ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि आरपी दुबे ने कहा कि संथान से हुनर सीखकर युवा न केवल स्वयं का रोजगार स्थापित करें, बल्कि दूसरों के लिए भी अवसर पैदा करें। अग्रणी जिला प्रबंधक एलडीएम मनोज कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष आरसेटी ने उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक युवाओं को प्रशिक्षित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस दौरान इंडियन बैंक मंडलीय कार्यालय के प्रबंधक अर्पित गुप्ता सहित अन्य अधिकारी व प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

वेतन और पीएफ भुगतान की मांग तेज

महमूदाबाद, सीतापुर। नगरपालिका परिषद महमूदाबाद में सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब सफाई कर्मचारी सुबह 6 बजे से ही धरना-प्रदर्शन पर बैठ गए। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि उनका पीएफ का पैसा वर्ष 2011 से 2026 तक उनके खातों में नहीं आया है, साथ ही पिछले दो महीनों से वेतन भी नहीं मिला है। धरने पर बैठे कर्मचारियों ने कहा कि आर्थिक तंगी के कारण उनके बच्चों की स्कूल फीस तक जमा नहीं हो पा रही है। इतना ही नहीं, घरों की बिजली का बिल न भर पाने के कारण कनेक्शन कटने की नौबत आ गई है, जिससे परिवारों को परेशानी हुई। मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी अंजलि सिंह, अधिशासी अधिकारी पवन किशोर और नगर लेखपाल पुरेन्द्र प्रकाश ने कर्मचारियों को समझाने का प्रयास किया। बाद में धरना स्थल पर विद्यालय आशा मौर्या पहुंचीं और कर्मचारियों को शांत कराया।

कार्यक्रम में प्रमाण-पत्र के साथ बच्चे। अमृत विचार

बच्चों के आधार अपडेट के लिए विशेष अभियान

सीतापुर, अमृत विचार। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण यूआईडीएआई क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से स्कूलों में बच्चों के आधार में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट एमबीयू के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में लखनऊ पब्लिक स्कूल में पहली अप्रैल से आयोजित कैंप में अब तक 300 बच्चों ने आधार अपडेट कराया है। एलपीएस में जागरूकता के लिए पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में उपनिदेशक आदित्य प्रकाश वाजपेयी और प्रधानाचार्या रश्मी वर्मा ने बच्चों को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया। उपनिदेशक ने बताया कि अगले माह से नवीन चौक के पास 16 आधार किटों का केंद्र संचालित हो जाएगा जिससे जनता को सुविधाएं सुलभ होंगी। अभियान में सहयोग के लिए एलपीएस और एनजीओ 'आदर्श शिक्षा सदन सेवा समिति' को सम्मानित किया गया।

काली मंदिर हटाने की नोटिस पर भड़का विहिप

ज्ञापन सौंपते विहिप सदस्य। अमृत विचार

सिधौली, सीतापुर। कस्बे के प्राचीन काली माता मंदिर को हटाने के लिए एनएचएआई द्वारा दिए गए नोटिस के बाद विवाद गरमा गया है। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी बालकृष्ण सिंह से मुलाकात कर इस कार्रवाई के विरोध में ज्ञापन सौंपा। विहिप पदाधिकारियों का कहना है कि हाईवे चौड़ीकरण के नाम पर वर्षों पुराने आस्था के केंद्र को अवैध कब्जा बताकर हटाने का नोटिस देना पूरी तरह गलत है। इससे श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। ज्ञापन में कहा गया कि धार्मिक स्थलों के विस्थापन को लेकर सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट दिशा-निर्देश हैं। इस अवसर पर शिवम मिश्रा, बच्चे प्रसाद बाजपेई, अमनदीप, आरसी पांडे, धीरज मिश्रा, विनोद दीक्षित, राकेश गुप्ता, अर्पित मिश्रा आदि मौजूद रहे।

ढीले तारों से बढ़ी किसानों की मुसीबत

आबादी के बीच उलझे और लटकते बिजली के तार। अमृत विचार

महमूदाबाद, सीतापुर। रामपुर मथुरा ब्लॉक के बहादुरपुर गांव में बिजली के झूलते तार किसानों के लिए काल बन गए हैं। ढीले तारों के कारण खेती-बाड़ी ठप है और आए दिन हादसे की आशंका बनी रहती है। हाल ही में 15 अप्रैल को एक बड़ा हादसा तब टल गया, जब एक किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर खेत जा रहा था और बिजली के तार की चपेट में आने से बाल-बाल बचा। किसान किशोरी, बृजलाल, प्रेम कुमार और राजेश कुमार ने बताया कि तार इतने नीचे लटक रहे हैं कि खेतों की जुताई और गेहूं की कटाई के लिए कृषि मशीनें ले जाना मुमकिन नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक, इन तारों से न सिर्फ इंसानों बल्कि नीलगाय और अन्य पशुओं को भी खतरा है। गर्मी के मौसम में ढीले तारों से होने वाली स्पार्किंग के कारण खड़ी फसलों में आग लगने का डर बना रहता है।

थ्रेसर में धोती फंसने से महिला घायल

सीतापुर, अमृत विचार। सिधौली तहसील क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव में गेहूं की खंदाई के दौरान एक महिला थ्रेसर मशीन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव निवासी सोनेश्वरी (45) पत्नी बालक राम के मुताबिक, वो खेत में गेहूं की खंदाई करा रही थीं। इसी दौरान अचानक उनकी धोती थ्रेसर मशीन के शाफ्ट में फंस गई। जब तक मशीन बंद की जाती, वह गंभीर रूप से चोटिल हो चुकी थीं। घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

नारी शक्ति को सिखाए सुरक्षा के गुर

महिलाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी देती पुलिस टीम। अमृत विचार

सीतापुर, अमृत विचार। जनपद के विभिन्न थानों में 'मिशन शक्ति 5.0' के द्वितीय चरण के अंतर्गत एक क्लास-पुलिस के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस टीमों ने ग्रामीण क्षेत्रों और स्कूलों में जाकर महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। अभियान के तहत थाना रामपुर कलां की टीम ने एसकेपी गुरुकुल कंदुनी और महोली पुलिस ने रामप्रसाद जूनियर स्कूल में पुलिस पाठशाला लगाई। इस दौरान छात्राओं को वूमेन पावर हेल्पलाइन (1090), मुख्यमंत्री हेल्पलाइन (1076), चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) और साइबर हेल्प (1930) जैसे आपातकालीन नंबरों की विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं, थाना संदना, रेउसा और बिसवां की टीमों ने ग्राम चौपालों के माध्यम से महिलाओं को कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। मिश्रिख पुलिस ने रेलवे स्टेशन पर बालिकाओं को 'गुड टच-बैड टच' के प्रति जागरूक किया।

कटौती से नाराज किसानों का हाईवे जाम

प्रदर्शन के दौरान उपस्थित किसान संगठन के पदाधिकारी और सदस्य।

महमूदाबाद, सीतापुर। भाकियू (टिकैत) के बैनर तले किसानों ने विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली के विरोध में मंगलवार को लखनऊ हाईवे जाम कर उग्र प्रदर्शन किया। मामला सरैया और देवरिया पावर हाउस से जुड़ा है, जहां किसानों ने विभागीय कर्मचारियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। किसानों का कहना है कि 11 अप्रैल की सुबह जेई द्वारा बिना किसी ठोस कारण के किसानों के घरों के बिजली के तार काट दिए गए, जो कि सरासर गलत है। आक्रोशित किसान पहले विद्युत उपकेंद्र परिसर में धरने पर बैठे, लेकिन जब अधिशासी अभियंता ने वार्ता नहीं की, तो किसानों ने रेलवे स्टेशन के पास हाईवे पर जाम लगा दिया। हाईवे जाम होने से घंटों यातायात बाधित रहा और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्थिति को बिगड़ता देख तहसीलदार उमाशंकर, कोतवाल अनिल सिंह और अधिशासी अभियंता एसके वर्मा मौके पर पहुंचे। भाकियू पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हुआ, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

डीएम ने परखे बड़ी मालियत के लेखपत्र

स्थलीय निरीक्षण करते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर। अमृत विचार

सीतापुर, अमृत विचार। डीएम ने तहसील सदर क्षेत्र के अंतर्गत बड़ी मालियत वाले लेखपत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अभिलेखों के मिलान के साथ ही मौके पर जाकर संपत्तियों की भौतिक स्थिति को भी परखा। जिलाधिकारी ने सहायक महानिरीक्षक निबन्धन के साथ तहसील सदर के ग्राम सरैया मल्हुही लेखपत्र सं0 2497/2026 एवं ग्राम झारिया लेखपत्र संख्या 2323/2026 में अंतरित संपत्तियों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सरकारी राजस्व की सुरक्षा और नियमों का पालन सुनिश्चित करना प्राथमिकता है।

अग्निकांड रोकने को आपदा मित्रों ने संभाली कमान

सीतापुर, अमृत विचार। गर्मी के बढ़ते प्रकोप और तेज पछुआ हवाओं के चलते फसलों को आग से बचाने के लिए जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में तहसील सदर के आपदा मित्रों ने ग्रामीण क्षेत्रों में मोर्चा संभालते हुए किसानों को सतर्क करना शुरू कर दिया है। तहसील सदर के ग्राम रखौना में आपदा मित्रों की सतर्कता से एक बड़ा हादसा टल गया। आपदा मित्र मनोहर लाल, महेंद्र कुमार और रवि कुमार की टीम ने किसान रघुनाथ के खेत का निरीक्षण किया, जहां गेहूं की फसल के ठीक ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही थी। शॉर्ट सर्किट के खतरे को देखते हुए आपदा मित्रों ने तत्काल किसान को सचेत किया, जिसके बाद किसान ने प्राथमिकता पर फसल की कटाई कर संभावित नुकसान को टाल दिया।

किसानों को सलाह: जिला आपदा विशेषज्ञ हीरालाल ने किसानों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि जिन खेतों के ऊपर से बिजली के तार गुजर रहे हैं, वहां की कटाई सबसे पहले करें। साथ ही खेतों के पास बीड़ी, सिगरेट या अन्य ज्वलनशील वस्तुओं का प्रयोग न करें।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर सम्मेलन आयोजित

सीतापुर, बिसवां और महोली में आंबेडकर जयंती पर गोष्ठियों का हुआ आयोजन

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे अभियानों के क्रम में खैराबाद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधानसभा सम्मेलन आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु ने कहा कि 33 प्रतिशत आरक्षण आने के बाद महिलाएं भारत की भाग्य विधाता बनेंगी। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर ने भी केंद्र सरकार की योजनाओं की सराहना की। कार्यक्रम में रेखा वर्मा, कंचन प्रभा पांडे, इंदू सिंह और कुसुम सिंह ने भी विचार रखे।

कार्यक्रम को संबोधित करते जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला। अमृत विचार

महोली में बाबा साहेब को किया नमन: महोली विधानसभा में आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित गोष्ठी में कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही ने बाबा साहब के संघर्षों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार उनके आदर्शों पर चलते हुए उनके सपनों को पूरा कर रही है।

बिसवां में पंच तीर्थों का बखान: बिसवां में विधायक निर्मल वर्मा ने कहा कि बाबा साहब के गौरवपूर्ण योगदान से ही देश को दुनिया का सबसे न्यायपूर्ण संविधान मिला है।

उन्होंने भाजपा सरकार द्वारा विकसित 'पंच तीर्थ' का वर्णन करते हुए कार्यकर्ताओं से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। इस दौरान जिला महामंत्री सुधाकर शुक्ला व कार्यक्रम संयोजिका जया सिंह सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

माता-पिता पर बेटी को बेचने का लगा आरोप

ऊंचाहार, रायबरेली। एक किशोरी ने अपने माता-पिता पर उसे बेचने का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। प्रतापगढ़ के मानिकपुर की रहने वाली किशोरी किसी तरह भागकर ऊंचाहार पहुंची। आरोप है कि क्षेत्र के खुचकलापुर गांव का एक युवक उसके माता-पिता से मिलकर उसका सौदा इटावा निवासी व्यक्ति से कर चुका था और उसे जबरन ले जाया जा रहा था, लेकिन वह मौका पाकर भाग निकली। किशोरी ने यह भी दावा किया कि उक्त युवक लड़कियों की तस्करी करता है और उसकी बहन को भी बेचा जा चुका है। वह अपने घर जाने से डर रही है और हमीदपुर बड़ा गांव स्थित मौसी के यहां रहना चाहती है, जबकि आरोपी युवक उसका पीछा कर रहा है। मामले में कोतवाल अजय कुमार राय ने बताया कि मानिकपुर पुलिस से संपर्क कर जांच की जा रही है। आरोप सही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बाइक सवार को बचाने में ट्रैक्टर-ट्राली नहर किनारे लटकी

बछरावां, रायबरेली। बांदा-बहराइच मार्ग पर शारदा नहर के पास तेज रफ्तार बाइक सवार को बचाने के प्रयास में गेहूं लदी ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर नहर की बाउंड्री वाल तोड़ते हुए किनारे लटक गई। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार अमावा निवासी राजकुमार (45) बाइक से नहर पटरी मार्ग से गुजर रहे थे। जैसे ही वह मुख्य मार्ग पार करने लगे, तभी सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली चालक ने उन्हें बचाने की कोशिश की, जिससे वाहन अनियंत्रित हो गया। घटना में बाइक सवार सड़क पर गिरकर मामूली रूप से घायल हो गया, जिसे स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाकर उपचार कराया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जाम खुलवाकर यातायात बहाल कराया। प्रत्यक्षदर्शियों ने तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे की मुख्य वजह बताया।

युवक पर दुष्कर्म के प्रयास का आरोप

खीरों, रायबरेली। थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने अपने ही गांव के एक युवक पर गिराकर छेड़छाड़ करने और दुष्कर्म का प्रयास करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने घटना के तीन दिन बाद नामजद आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

न्यू स्टैंडर्ड और निमिषा में मेधावियों ने जमकर मनाया जश्न

सीबीएसई 10वीं के परीक्षा परिणाम में बेटियां अव्वल

संवाददाता, सलोन, रायबरेली

अमृत विचार। सीबीएसई की दसवीं बोर्ड की परीक्षा में एक बार फिर बेटियों ने बाजी मारी है। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल और निमिषा कान्वेंट में जश्न का माहौल रहा। न्यू स्टैंडर्ड के छात्र श्रेयांश मिश्रा ने 98.6 प्रतिशत अंक हासिल कर जिला टाप किया है। रवि पटेल और राजकुमार साहू ने 98 प्रतिशत, वैदिता त्रिपाठी 97.2, शिवांश तिवारी, कायनात खान 96, वैष्णवी पांडेय 95, आराध्य जायसवाल 94, प्रिया साहू 93, सोमिल मौर्य, आदेश यादव 93.2, रुचि और निधि तिवारी 92.8, अखिल मिश्रा 92.4, अर्जित किया है। विद्यालय प्रधानाचार्या कामाक्षा सिंह ने विद्यार्थियों को उनकी बेहतर सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा कि बच्चों की इस तरह की बेहतरीन सफलता के पीछे शिक्षकों का अमिट योगदान रहता है, जो अभिभावकों के सहयोग से ही उल्लेखनीय स्वरूप को प्राप्त होती है।

वहीं निमिषा कांवेंट स्कूल के छात्र छात्राओं ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। छात्रा रिया मौर्या ने 97, यश कुमार 96.4, शुभी गुप्ता 95, अंशी ओझा 92, आर्या त्रिपाठी, इशिता त्रिपाठी 92, प्राची वर्मा, स्वप्निल सिंह ने 91, विकास वर्मा 90, अबूजर सिद्दीकी 89, प्रतिज्ञा 84.4, अनामिका सिंह 88.2, अंश विश्वकर्मा 88, शुभी मिश्रा 87.4, रौनक 86, कार्तिक अग्रहरि 85.4, शौर्य 85, मनु 85, नैतिक गुप्ता 85, त्रिशा सिंह 84.4, नवीन शुक्ला 83.8, अलवरा अजीज 83.6, कृष्णा सिंह 83, आयुषी सिंह 82.2, निर्भय सिंह 82, अंश प्रताप सिंह 81, श्रेया मौर्या 80.4 और, श्रेया जायसवाल 80.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल के प्रबंधक विवेक शुक्ल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन और सफलता प्राप्त करने वाले सभी छात्र छात्राओं को हार्दिक बधाई दी। प्राचार्या रीना मिश्रा के ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के प्रोत्साहन का सुखद परिणाम हैं।

निमिषा कांवेंट स्कूल में सम्मानित किए गए परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले बच्चे।

टॉपर छात्र को मिठाई खिलाती प्रधानाचार्य कामाक्षा सिंह। अमृत विचार

अभितांश।

शगुन।

जान्वी यादव।

आराध्या यादव।

रिद्धिमा सिंह।

सीबीएसई परीक्षा में चमके एसजेएस के मेधावी

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। एसजेएस पब्लिक स्कूल लालगंज एक बार पुन: अपनी प्रतिभा के बल पर तहसील स्तर पर सफलता के चरम शिखर पर कायम है। सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इसमें अभितांस सिंह ने 97 .60 प्रतिशत अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया। इसी तरह शगुन 97 .40 प्रतिशत, जानवी यादव और आराध्या यादव ने 96 .80 प्रतिशत, रिद्धिमा सिंह 96 .40 प्रतिशत, रिया यादव ने 95 .60 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। वहीं विद्यालय में 31 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक और 96 छात्रों ने विशेष योग्यता के साथ 75 प्रतिशत से अधिक और 131 छात्रों ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक रमेश बहादुर सिंह, प्रबंधक अग्रज सिंह व सह-प्रबंधिका डॉ अनुश्री सिंह ने इस शानदार परीक्षा परिणाम का श्रेय छात्रों की लगन व उनके द्वारा किये गए परिश्रम को दिया। वहीं विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजू सिंह ने शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के आपसी सामंजस्य को दिया।

एसएम सिंह सरस्वती विद्या मंदिर में छात्र सम्मानित

सरेनी, रायबरेली। एसएम सिंह सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र अवनीश कुमार अवस्थी ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले में चौथा स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सम्मान समारोह में प्रधानाचार्य मंजय सिंह एवं व्यवस्थापक अंजय सिंह ने छात्र को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। शिक्षकों ने अवनीश की मेहनत, अनुशासन और लगन की सराहना करते हुए इसे अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा बताया। समारोह में महेंद्र, गायत्री, सावित्री, जितेंद्र, रोशन, सविता, आंचल, सेजल, अनामिका, प्रियांशी, अंजली, साक्षी, अकबाल, शिवम आदि मौजूद रहे।

बेहतर शिक्षण माहौल से आया अच्छा परीक्षा परिणाम : सुनील

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। सीबीएसई कक्षा-10 बोर्ड परीक्षा में बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज के बच्चों ने एक बार फिर अपना परचम लहराया है। विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। विद्यालय की छात्रा दृष्टि सिंह ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ अंशु कुमारी 96 .5 प्रतिशत, अगस्त यादव 96 .5, हिमांशु मीणा 96, सौरभ कुमार 95 .4, अंजली सिंह 93 .5, नाविका गुप्ता 93, यशिका श्रीवास्तव, सैफ अख्तर, सलोनी और सिद्धांत श्रीवास्तव 93-93 प्रतिशत, तेजस जायसवाल, श्लोक प्रजापति ने 92 प्रतिशत, अभिमान सिंह, श्रेयांश वर्मा, शिखा भारती ने 91 प्रतिशत, दीवेश चौधरी, अपर्णा बाजपेई ने 90 प्रतिशत, जीनत फातिमा, कुमार नैतिक 89 प्रतिशत, विनायक सिंह 88, अर्पित पाल, अद्विक राठौर, शिवांशु सिंह 88-88 प्रतिशत, अभिनव श्रीवास्तव, वैभव सिंह, निकिता कुमारी, कीर्ति साहू 87-87 प्रतिशत, शशांक, अंजली सिंह, उज्जवल त्रिपाठी, प्रतीक यादव, अनुष्का वर्मा 86-86 प्रतिशत, नैंसी 85, आराध्या शुक्ल 84 प्रतिशत अंक हासिल किया। प्रशासनिक सचिव सिद्धार्थ सिंह ने सभी मेधावियों का मुंह मीठा कराकर व माला पहना कर अपना आशीर्वाद दिया। प्रबंधक शांतनु सिंह, सह प्रशासनिक सचिव शालिनी सिंह, प्रधानाचार्य अभिषेक रंजन, परीक्षा प्रभारी मृत्युंजय सिंह, अर्चना सिंह, प्रशांत दुबे, बीएन यादव, सरिता सिंह, प्रीति श्रीवास्तव, संगीत सिंह, प्रदीप सिंह, विष्णु सिंह, शिवम शुक्ला, श्रवण तिवारी, अविनाश साहू, संदीप सिंह, विकास सिंह, रवींद्र सिंह, अंजू श्रीवास्तव, एमपी सिंह, पीआरओ यशबहादुर यादव आदि मौजूद रहे।

सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के मेधावी बच्चे।

दो बाइकों की टक्कर में तीन घायल, दो की हालत गंभीर

संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली

- सेहगों-पिण्डौली मोड़ के पास हुआ हादसा, दो जिला अस्पताल रेफर

अमृम विचार। थाना क्षेत्र के शिवगढ़ रजबहा स्थित सेहगों-पिण्डौली मोड़ के पास गुरुवार को दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में तीन युवक घायल हो गए। जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों में संदीप कुमार (22) निवासी गणेशगंज, विश्राम (19) निवासी बलेथा मजरे देहली और नीरज कुमार निवासी बाजितपुर शामिल हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सीएचसी शिवगढ़ पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने संदीप और विश्राम की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं नीरज बिना इलाज कराए ही अस्पताल से चला गया।

संदीप ने बताया कि वह अपने बड़े पिता राधेलाल के इलाज के लिए पैसे लेकर पीजीआई जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे विश्राम की बाइक ने टक्कर मार दी। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले ही राधेलाल भी सड़क हादसे में घायल होकर लखनऊ में भर्ती हैं। चिकित्सक अनुराग तिवारी के अनुसार विश्राम के पैर में फ्रैक्चर है। थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है, शिकायत मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

डंपर ने बाइक सवार सब्जी कारोबारी को रौंदा, मौत

संवाददाता, सलोन, रायबरेली,

अमृत विचार। कोतवाली अंतर्गत सलोन-परशदेपुर मार्ग पर सड़क निर्माण में लगी डंपर ने बाइक सवार सब्जी कारोबारी को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वही दुर्घटना को अंजाम देने के बाद डंपर चालक गाड़ी छोड़कर भाग निकला। हादसे के बाद घटनास्थल पर सैकड़ों लोगों ने शव सड़क पर रखकर मार्ग जाम कर दिया। कोतवाल ने किसी तरह लोगों को समझा जाम बहाल कराया।

नगर पंचायत परशदेपुर के मोहल्ला कजियाना निवासी मोहम्मद अयाज (48) पुत्र स्व. नूर मोहम्मद सलोन कस्बे के नवीन कृषि मंडी में फुटकर सब्जी का कारोबार करता है। गुरुवार की सुबह वह सब्जी बेचकर बाइक से घर लौट रहा था। सलोन-परशदेपुर मार्ग स्थित गद्दीपुर गांव के समीप सड़क निर्माण कार्य में लगी अनियंत्रित तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिसके चलते बाइक सवार डंपर के टायर के नीचे आ गया और मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना परिजनों को होते ही कोहराम मच गया। वहीं सड़क पर ही शव रखकर परिजनों ने मार्ग जाम कर दिया। घटना की सूचना पर पहले हल्का पुलिस परिजनों को समझाने पहुंची, लेकिन आक्रोशित परिजनों के आगे पुलिस की एक न चली। मौके पर पहुंचे कोतवाल और सम्भ्रांत लोगों की वार्ता के बाद जाम खुल सका। इस दौरान लगभग एक घण्टे तक दोनों तरफ गाड़ियों का लंबा काफिला लगा रहा। कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम ने बताया कि डंपर की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हुई है। तहरीर के आधार पर वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। गाड़ी पुलिस ने कब्जे में ले ली है। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।

- हादसे के बाद लोगों ने शव सड़क पर रखकर लगाया जाम

सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन करते लोग व मृतक कारोबारी की फाइल फोटो (इनसेट में)। अमृत विचार

यातायात संकेतक न होने से खतरा

सलोन। निर्माणाधीन सलोन-जायस मार्ग पर सड़क निर्माण कंपनी की लापरवाही से आवगमन कठिन हो गया है। वाहन चालक की एक चूक सीधे यमराज को आमंत्रण देने जैसी हो गई है। निर्माण कंपनी सुरक्षा के नाम पर केवल खानापूर्ति कर रही है। कहीं संकेतक तक नहीं लगाए गए हैं।

कृष्णा नर्सिंग होम के नए भवन का उद्घाटन करते पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष।

कृष्णा नर्सिंग होम के नए भवन का हुआ उद्घाटन

शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार। नगर पंचायत क्षेत्र के भवानीगढ़ चौराहे पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अवधेश सिंह ने फीता काटकर कृष्णा नर्सिंग होम के नए भवन का उद्घाटन किया। इस मौके पर क्षेत्रीय लोगों में उत्साह देखा गया। कृष्णा नर्सिंग होम कई वर्षों से बेड़ारु रोड पर संचालित हो रहा था, जिसे अब शिवगढ़ रजबहा की पटरी पर बने आधुनिक भवन में स्थानांतरित किया गया है। नर्सिंग होम के एमडी रत्नेश वर्मा ने बताया कि नए भवन में मरीजों को आधुनिक सुविधाओं के साथ बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि यहां 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी तथा एक ही छत के नीचे लैब, मेडिकल स्टोर सहित अन्य जरूरी सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी। समारोह में जिला पंचायत सदस्य एवं प्रतिनिधि विनय वर्मा, कृष्णकान्त उर्फ दउवा शुक्ला, अनिल यादव, अंकित वर्मा, रवींद्र वर्मा, रामकिशोर मौर्य, चंद्र मोहन दीक्षित, राज किशोर बाजपेई, अमर सिंह, संजय वर्मा, दिनेश कुमार गौतम और आशू वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

दावत खाने के बाद 40 लोग बीमार

शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार। तिलक समारोह में शामिल 40 लोग बीमार हो गए। सभी को आनन फ़ानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचाया गया, जहां इमरजेंसी में तैनात डॉ. अनिल ने इलाज कर घर भेज दिया।

शिवगढ़ कस्बे के रहने वाले सुशील गुप्ता पुत्र राजन गुप्ता का बुधवार को तिलक था, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोग आए थे। बछरावां एक हॉल में आयोजित तिलक समारोह में सब लोगों ने खाना खाया और देर रात करीब साढ़े बारह बजे कई लोगों की हालत बिगड़ने लगी। हालत बिगड़ता देख उन्हें आनन-फ़ानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचाया गया, जहां इमरजेंसी में तैनात डॉ. अनिल और प्रमोद पाण्डेय ने तीन दर्जन से अधिक लोगों का इलाज किया। उन्होंने बताया कि फ़ूड प्वाइजनिंग के चलते सबको उल्टियां हो रही थी। सबको दवा देकर घर भेज दिया है। बीमार लोगों में सुमन (30), आदर्श (17), प्रेमा (65), शकीला (46), कुसुम लता (65), ज्ञानेंद्र (35), अजय जायसवाल (36), वर्षा (10), प्रदीप सिंह (32), कुदरत अली (48), मुराद (18), सोनू (50), अंकुश (15), सानवी (6), सचिन (15), साधना (29), दुर्गेश (37) आदि 40 लोग शामिल हैं। वहीं गुरुवार की सुबह से लेकर प्रातः 10:30 बजे तक उल्टी दस्त से पीड़ित कई लोग अस्पताल पहुंचे जिन्होंने बताया कि तिलक समारोह में खाना खाने के बाद अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि सभी की हालत खतरे से बाहर है किसी को रेफर नहीं किया गया है।

- सीएचसी में उपचार के बाद सभी को घर भेजा गया

अस्पताल में भर्ती बीमार लोग। अमृत विचार

रेलवे लाइन किनारे बेहोश मिला युवक

बछरावा, रायबरेली, अमृत विचार। कस्बा क्षेत्र में लखनऊ-रायबरेली रेलवे खंड के लालगंज रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास एक युवक बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। काफी देर तक युवक के न उठने पर राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस युवक को अपने साथ ले गई। जानकारी के अनुसार युवक की पहचान मोहित पुत्र खुशीराम निवासी बगाही मजरे विशुनपुर के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वह नशे की हालत में काफी देर से रेलवे लाइन किनारे बेसुध पड़ा था, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते युवक पर नजर पड़ गई, जिससे संभावित दुर्घटना टल गई। बताया जा रहा है कि युवक एक ट्रैक्टर चालक है।

मारपीट व फायरिंग करने में केस दर्ज, एक गिरफ्तार

जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के चंदौली मजरे धर्मदासपुर गांव में गुरुवार सुबह दबंगों ने घर में घुसकर मारपीट कर दी। इस दौरान फायरिंग का भी प्रयास किया गया, हालांकि गोली नहीं चली। घटना में कई लोग घायल हो गए।

पीड़िता मीनू सिंह पत्नी अशोक सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार सुबह करीब 6 बजे विकास सिंह, मोनू सिंह, आंशू सिंह सहित अन्य लोग उनके घर में घुस आए। विकास सिंह ने पिस्टल से उनके पुत्र विपुल सिंह पर जान से मारने की नीयत से फायर किया, लेकिन गोली नहीं चली। इसके बाद आरोपियों ने लोहे की रॉड व पिस्टल के बट से मारपीट शुरू कर दी, जिसमें विपुल सिंह सहित कई लोग घायल हो गए। शोर सुनकर बचाव करने पहुंचे पड़ोसी वीरेंद्र सिंह पर भी हमला कर दिया गया, जिससे वह घायल हो गए। घायलों का इलाज सीएचसी जगतपुर में चल रहा है। पीड़िता का आरोप है कि एक दिन पहले भी आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट की थी, जिसकी सूचना पुलिस व डायल 112 को दी गई थी। उसी मामले में गुरुवार सुबह थाने बुलाया गया था, लेकिन उससे पहले ही आरोपियों ने दोबारा हमला कर दिया। थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि विकास सिंह, मोनू सिंह, अंशू सिंह, मंजू सिंह, संजू सिंह निवासी चंदौली मजरे धर्मदासपुर खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरोपी विकास सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

9 किसानों की 31 बीघा गेहूं की फसल जली

संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली

अमृत विचार। ब्लाक क्षेत्र के खेरवा गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग से नौ किसानों की 21 बीघा गेहूं की फसल जल कर राख हो गई। आग की लपटें उठती देख आसपास के किसानों ने पेड़ों की डाल, झाड़ी आदि की मदद से आग पर काबू पाने का जब तक प्रयास करते आग ने बिकराल रूप धारण कर लिया। आग को आगे बढ़ने से रोकने के लिए कुछ किसानों ने अपने खेतों को बचाने के कई जतन तो किए पर बचा नही पाए। ग्रामीणों की सूचना पर दमकल टीम भी पहुंची लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मौके पर डायल पुलिस व प्रशासनिक टीम भी पहुंची। हल्का लेखपाल प्रीति गुप्ता ने बताया तेज बहादुर सिंह के चौदह बीघा, द्वारिका सिंह का डेढ़ बीघा, मिलन का दो बीघा उदय प्रताप का बारह बीघा व राज सिंह, महेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, राम प्रताप, भानु प्रताप समेत नौ किसानों की डेढ़ बीघा गेंहू की फसल जली है। उपजिलाधिकारी गौतम सिंह ने बताया कि लेखपाल से रिपोर्ट मांगी गई है। आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी।

महराजगंज के खेरवा गांव में गेहूं की फसल में लगी भीषण आग को बाल्टी से पानी डालकर बुझाने का प्रयास करता किसान।

विद्युत शार्ट-सर्किट से गेहूं की फसल स्वाहा

सरेनी, रायबरेली। शॉर्ट-सर्किट से लगी आग से एक बीघे गेहूं की फसल जल गई। ग्रामीण कड़ी मशक्कत कर आग बुझा पाने में सफल रहे। थाना क्षेत्र के रावतपुर कला गांव के रहने वाले राजकुमार सिंह की गेहूं की फसल में बीती रात शॉर्ट-सर्किट से आग लग गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग काबू किया, लेकिन राजकुमार की एक बीघे गेहूं की फसल आग से नहीं बचा सके।

कार की टक्कर से मां-बेटे हुए घायल

शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के महराजगंज मजरे जगदीशपुर के पास एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार राजापुर मजरे पड़रिया निवासी अर्चित कुमार (18) अपनी मां तारावती (45) को बाइक से लेकर शिवगढ़ से घर लौट रहे थे। आरोप है कि आगे चल रहा वैगनआर कार चालक लापरवाही से वाहन चला रहा था। काफी देर बाद पास देने के बाद अचानक कार ने बाइक में साइड से टक्कर मार दी। हादसे में दोनों सड़क पर गिर गए और बाइक कार में फंसकर कुछ दूर तक घिसटती चली गई, जिससे मां-बेटे घायल हो गए।

महिलाओं को किया गया जागरूक

सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार। नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण कानून) के तहत महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए पदयात्रा, बाइक/स्कूटी रैली और टाउन हॉल सम्मेलनों जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कमला नेहरू पीजी कॉलेज तेजगांव में पदयात्रा, मानव श्रृंखला, हस्ताक्षर अभियान आदि कार्यक्रम 15 एवं 16 अप्रैल को आयोजित किए गए। मिशन शक्ति के पांचवें चरण के अंतर्गत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सारिका गौतम ने छात्र-छात्राओं को महिला सशक्तिकरण का सन्देश देते हुए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से अवगत कराया।

कमला नेहरू पीजी कॉलेज तेजगांव में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पदयात्रा निकालते लोग।

'कोई न छूटे अबकी बार, शिक्षा है सबका अधिकार'

डीह, रायबरेली, अमृत विचार। डीह ब्लॉक सभागार में "स्कूल चलो अभियान" के तहत जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक अशोक कुमार ने "कोई न छूटे अबकी बार, शिक्षा है सबका अधिकार" नारे के साथ हरी झंडी दिखाकर किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जा रहा है। इस अवसर पर सरकारी व गैर-सरकारी विद्यालयों के बच्चों और शिक्षकों ने रैली निकालकर अभिभावकों को जागरूक किया।

न्यूज ब्रीफ

महिला से छेड़छाड़, रेप करने की दी धमकी

टिकैतनगर, बाराबंकी। थाना क्षेत्र में एक महिला से लगातार छेड़छाड़ कर रहे दरियाबाद निवासी अभिषेक यादव ने दुष्कर्म करने की धमकी दी है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोपी बार-बार महिला से मोबाइल नंबर मांगता था और मना करने पर अभद्र भाषा का प्रयोग करता है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

महिला की संदिग्ध हालात में मौत

निन्दूरा, बाराबंकी। घुंघटेर थाना क्षेत्र में एक महिला की संदिग्ध दशा में मौत हो गई। पति के अनुसार महिला ने जहर खाया जबकि मायके पक्ष ने पीट पीटकर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र की ग्राम सभा धौरहरा निवासी शीला देवी (45) पत्नी रमेश गौतम की बुधवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

युवक अचानक लापता, गुमशुदगी दर्ज

निन्दूरा, बाराबंकी। बड्डूपुर थाना क्षेत्र में एक युवक के लापता होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार ग्राम मौलाबाद पोस्ट कतुरी कला निन्दूरा निवासी सुमित्रा देवी ने अपने बेटे विवेक सिंह 21 के गुम होने की रिपोर्ट कोतवाली बड्डूपुर में दर्ज कराई है। परिजनों के मुताबिक, विवेक सिंह 13 अप्रैल को घर से मोबाइल बनवाने के लिए निकला था, लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं लग सका, जिसके बाद परिवार ने पुलिस की शरण ली।

सूरतगंज में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

सूरतगंज, बाराबंकी। जनगणना के प्रथम चरण में होने वाली मकान गणना को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरुवार से बीआरजी पब्लिक स्कूल बरैय्या में शुरू हो गया। इसमें बड़ी संख्या में सुपरवाइजर और प्रगणकों ने भाग लिया। तहसीलदार विपुल सिंह और खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने संयुक्त रूप से प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। मास्टर ट्रेनरों ने 86 कर्मचारियों को घर-घर सर्वेक्षण, आंकड़ों के सही संकलन, प्रपत्रों के उपयोग और ऑनलाइन डाटा फीडिंग की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने कर्मियों को निर्देश दिया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और सतर्कता से करें, ताकि जनगणना कार्य में किसी प्रकार की त्रुटि न हो।

युवती की हत्या मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

प्रेम प्रसंग में दिया वारदात को अंजाम, अपने मित्र के साथ मिलकर की हत्या

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। गौरीगंज थाना क्षेत्र में युवती की हत्या के मामले का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। इस सनसनीखेज वारदात में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त चाकू और मृतका का मोबाइल फोन बरामद किया है। मामला बुधवार सुबह जब ग्राम चतुरीपुर मजरे मऊ निवासी ओमप्रकाश द्विवेदी ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनकी 24 वर्षीय बहन अमिता देवी की गांव के ही एक युवक ने हत्या कर दी है।

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

सूचना के आधार पर थाना गौरीगंज में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देश पर टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी सनोज (20 वर्ष) और उसके साथी दुर्गेश्वरी गुप्ता (19 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सनोज ने बताया कि वह और अमिता एक ही स्कूल में पढ़ते थे और दोनों के बीच बातचीत होती थी। कुछ समय पहले वह काम के सिलसिले में फरीदाबाद चला गया था, लेकिन दोनों संपर्क में बने हुए थे। सनोज को शक था कि अमिता किसी अन्य व्यक्ति से भी बात कर रही है, जिससे नाराज होकर उसने अपने मित्र के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू और मृतका का मोबाइल बरामद कर लिया है।

रोजगार सेवकों ने की कलमबंद हड़ताल की घोषणा

शिवगढ़, रायबरेली। विकास खंड शिवगढ़ में तैनात रोजगार सेवकों ने प्रांतीय आह्वान पर 16 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक कलमबंद हड़ताल पर रहने की घोषणा की है। गुरुवार को रोजगार सेवकों ने खंड विकास अधिकारी को संबोधित ज्ञापन एडीओ आईएसबी धनेंद्र सिंह को सौंपा। ज्ञापन में उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक पंचायत मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के निर्देश का उल्लेख करते हुए बताया गया कि सभी रोजगार सेवक निर्धारित अवधि में कार्य का बहिष्कार करेंगे। रोजगार सेवकों ने स्पष्ट किया कि उनकी लंबित समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वे बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। एडीओ आईएसबी धनेंद्र सिंह ने पुष्टि की कि हड़ताल से संबंधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को प्रेषित कर दिया गया है।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत

सतांव, रायबरेली

अमृत विचारः गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के मानपुर गांव में प्रेम प्रसंग से जुड़ा एक मामला सामने आया है। जिसमें विवाद के बाद एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के मानपुर गांव अखिलेश (22) का खीरो थाना क्षेत्र के बसहावन खेड़ा गांव की रहने वाली नीतू के साथ पिछले लगभग एक वर्ष से प्रेम सम्बन्ध था। बुधवार की शाम करीब 8 बजे अखिलेश और नीतू के बीच पारिवारिक बातों को लेकर कहासुनी हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार विवाद इतना बढ़ गया कि अखिलेश ने नीतू के साथ मारपीट की, जिससे वह घायल हो गई। इसके बाद अखिलेश ने 108 एम्बुलेंस की मदद से नीतू को सीएचसी जतुवा टप्पा पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में भर्ती के दौरान बिना किसी को सूचित किए उसे निजी अस्पताल ले जाया जा रहा था, तभी रास्ते में नीतू की मौत हो गई।

संदिग्ध परिस्थितियों में दुकानदार की मौत

अमेठी। संदिग्ध परिस्थितियों में एक रेहड़ी दुकानदार की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार किराए पर रहकर पानी पूरी की रेडी लगाकर अपना जीवन यापन करता था। मृतक की पहचान गुड्डू सन ऑफ हरिराम निवासी दशहरी गांव थाना आटा जनपद जालौन के रूप में हुई है। मृतक गुड्डू अपने रिश्ते में लगने वाले साले के साथ महमूदपुर फायर ब्रिगेड के समीप एक शादी मैरिज लॉन के पास किराए पर कमरा लेकर रहता था। इसी कमरे से वह अपनी पानी पूरी बनाकर बाजार में दुकान लगाता था।

बंग समाज ने मनाया बंगला नववर्ष

संवाददाता, रायबरेली)

बंगला नववर्ष पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

अमृत विचार। बंग समाज की ओर से सारस होटल में संतोष डे की अध्यक्षता में बंगला नव वर्ष पहला बैसाख पर्व बड़े धूम धाम से मनाया गया। उक्त अवसर पर बंगाली परिवार के बालकों, बालिकाओं एवं महिलाओं द्वारा नृत्य, गायन एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यकम का संचालन बंग समाज के मंत्री उदयदित्य राय द्वारा किया गया। सास्कृतिक कार्यक्रम का संचालय महिला प्रकोष्ठ की प्रमुख अनीता मुखर्जी ने किया। पुरस्कार वितरण बंग समाज के सरंक्षक डीबी दास, डा. रुकुन बोस, उपाध्यक्ष सपन बनर्जी द्वारा किया गया। इस मौके पर डा. रजत शुभ्रा दास, डा. राजीव षडंगी, डा. रवीन्द्र सिकदार, अजय भट्टाचार्य, सरोज मुकर्जी, सोमेन्द्र चटर्जी, अमित मलिक, एम्स रायबरेली के डा. अमित जोरहाट, पेट्रोलियम संस्था जायस के डा. कुन्डू, आईटीआई रायबरेली के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

कई एडीजे और न्यायिक अधिकारियों की पीठ बदली

अयोध्या कार्यालय

- एससी एसटी एक्ट के जज रहे राकेश कुमार का गैर जनपद तबादला

अमृत विचारः हाईकोर्ट के आदेश के क्रम में जिला जज ने अयोध्या में कई अपर जिला जजों और न्यायिक अधिकारियों की पीठ में बदलाव किया है। इसमें कन्नौज से आए अपर जिला जज हरेंद्र नाथ अपर जिला जज फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम बनाए गए हैं। इस स्थान पर रहे प्रदीप कुमार सिंह अपर जिला जज कोर्ट नंबर सात बनाए गए।

मऊ जिले से स्थानांतरित होकर आए जनार्दन प्रसाद यादव को अपर जिला जज तृतीय, इस पद पर रहे दीपक यादव को विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट के स्थान पर रखा गया है। एससी एसटी एक्ट के जज रहे राकेश कुमार का तबादला गैर जनपद हो गया है। फतेहपुर से स्थानांतरित होकर आए अभिजीत भूषण को अपर जिला जज फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय नंबर, इस पद पर रहे रवि कुमार गुप्ता को अपर जिला जज अष्टम बनाया गया है।

गाजियाबाद से आईं दीपिका तिवारी को अपर जिला जज छह, जिले में रही प्रतिभा नारायण को विशेष न्यायाधीश इसी एक्ट बनाया गया है। आजमगढ़ से स्थानांतरित होकर आईं मृणाल वर्मा को सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट का जज बनाया गया है। लखनऊ से आईं एसीजेएम प्रिया सक्सेना को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव बनाया गया है। सचिव रही रंजिनी शुक्ला को एसीजेएम तृतीय बनाया गया है। लखनऊ से स्थानांतरित होकर आए पीयूष त्रिपाठी को सिविल जज सीनियर डिवीजन बनाया गया है। मनीषा गुप्ता को किशोर न्याय बोर्ड का प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। इस स्थान पर रही शिवांगी त्रिपाठी को उच्च न्यायालय ने सिविल जज जूनियर डिवीजन हवेली के पद पर स्थानांतरित किया था। मथुरा से आए सत्य प्रकाश नारायण तिवारी को सिविल जज जूनियर डिवीजन सदर, कानपुर नगर से आए आशुतोष सिंह को अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन प्रथम तथा गाजियाबाद से स्थानांतरित होकर आईं मंजरी रावल को न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय बनाया गया है। कानपुर नगर से आए नवनीत कुमार सिंह को ग्राम न्यायालय बीकापुर का न्यायाधिकारी प्रयागराज से आईं आकांक्षा जायसवाल को मिल्कीपुर तहसील का ग्राम न्यायालय का न्यायाधिकारी बनाया गया है।

रॉयल इंटरनेशनल स्कूल का शत प्रतिशत परिणाम

रॉयल इंटरनेशनल स्कूल शाहपुर नौबस्ता में खुशी जताते मेधावी छात्र छात्राएं। अमृत विचार

प्रतापगढ़ अमृत विचार : रॉयल इंटरनेशनल स्कूल शाहपुर नौबस्ता का सीबीएसई हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत एवं शानदार रहा। अभिषेक सिंह 91 प्रतिशत अंकों के साथ अव्वल रहे। लक्ष्मी तिवारी 89,वीर प्रताप सिंह 87,अनन्या यादव 86,पलक सिंह,सचिन पटेल, अंशू यादव, लक्ष्य जायसवाल एवं रागिनी सिंह को 85 फीसदी अंक मिले जबकि दिशांत यादव 83 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में दसवें स्थान पर रहे। प्रबंधक संजय सिंह ने बच्चों की सफलता पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्रिंसिपल दीपा सिंह एवं क्वार्डिनेटर आशीष सिंह ने बच्चों का मुंह मीठा कराकर सम्मानित किया। इस दौरान राम अवध यादव,प्रसून सिंह,सुरेश शुक्ल,शिवम पांडेय,घनश्याम शुक्ल, रैना सिंह,आरती सिंह,श्रद्धा मिश्रा, निशा सिंह,प्रीति चौरसिया,शक्ति सिंह, आशीष विश्वकर्मा,अनुभव पाल,शिखर उपाध्याय मौजूद रहे।

महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए पदयात्रा निकाली

पीबीपीजी कॉलेज सिटी से निकाली गई नारी शक्ति पदयात्रा में शामिल छात्राएं। अमृत विचार

प्रतापगढ़ अमृत विचार : पीबीपीजी कॉलेज सिटी में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नारी शक्ति पदयात्रा निकाली गई। प्राचार्य प्रो.अमित कुमार श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। पदयात्रा महाविद्यालय परिसर से पीबी इंटर कॉलेज,कटरा रोड से सिटी कस्बा होते हुए महाविद्यालय के खेल के मैदान में समाप्त हुए। महाविद्यालय के शिक्षक, छात्राएं एवं एनसीसी कैडेट्स इस पदयात्रा में शामिल हुए। हांथ में बैनर लिए छात्राओं एवं एनसीसी कैडेट्स ने नारों के द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में जागरूकता का संदेश दिया। प्रो. श्रद्धा श्रीवास्तव ने कहा कि इस अधिनियम से महिलाओं को राजनीतिक और सामाजिक हक को बढ़ावा मिलेगा। संचालन मिशन शक्ति प्रभारी डॉ.वंदना सिंह ने किया। डॉ. प्रीति श्रीवास्तव,डॉ. रेनू सिंह,रचना सिंह, प्रिया सिंह,प्राची भट्ट,चंद्रमा सिंह,ज्योत्सना सिंह आदि मौजूद रहे।

बीएसएस एकेडमी में मेधावियों का अभिनंदन

बीएसएस एकेडमी फुलवारी में सम्मानित किए गए हाईस्कूल के मेधावी। अमृत विचार

प्रतापगढ़ अमृत विचार : कटरा रोड फुलवारी स्थित बीएसएस एकेडमी का हाईस्कूल परीक्षा परिणाम शानदार रहा। मेधावी छात्र - छात्राओं को विद्यालय में सम्मान से नवाजा गया। काव्या सिंह 95.2 प्रतिशत अंको के साथ अव्वल रहीं। श्रेयश सिंह 94.2,शोभित पांडेय 93.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय,तृतीय रहे। नंदिनी 93.4,सोनाक्षी सरोज एवं आकृति सरोज 91.8,हर्षिता मिश्रा 91.4,सौम्या तिवारी 91.4,ऐंजल गुप्ता 91,आश्रेया जायसवाल 90 और पीहू सोनी 89.8 फीसदी अंक प्राप्त कर दसवें स्थान पर रही। सामाजिक विज्ञान में शोभित पांडेय ने 100 में से 99 अंक प्राप्त किया। विद्यालय के निदेशक विनोद सिंह, प्रबंधक धर्मेन्द्र सिंह,प्रधानाचार्य विनय सिंह ने बच्चों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान धर्मराज मौर्य,संजीव शुक्ल,अमित , हिमांशु श्रीवास्तव, हर्ष शर्मा, विशाल, नीरज के अलावा सीमा मिश्रा,संगम लाल गुप्ता, संतोष कुमार, मनोज कुमार, अनीता सरोज, प्रवीण सिंह अभिभावक रहे।

संस्कार ग्लोबल स्कूल का शानदार प्रदर्शन



संस्कार ग्लोबल स्कूल गौरीगंज में बेहतर परिणाम आने के बाद खुशी जताते बच्चे एवं शिक्षक। अमृत विचार

गौरीगंज, अमेठी अमृत विचार : संस्कार ग्लोबल स्कूल धनी जलालपुर,गौरीगंज का सीबीएसई की दसवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। अनामिका मौर्या 96 प्रतिशत अंकों के साथ अव्वल रहीं। अंजली अग्रहरी 95 प्रतिशत,अन्नत दुबे 95 प्रतिशत,यश वर्मा 94 प्रतिशत,आदर्श मिश्रा 92 प्रतिशत,अमन मिश्रा 92 प्रतिशत,हरिप्रिया मिश्रा 91 प्रतिशत, अलंकृता पांडेय,90.2, अथर्व सिंह 90 फीसदी अंक प्राप्त किये। चेयरपर्सन डॉ. अजंना सिंह सेंगर ने सफलता का श्रेय बच्चों की लगन एवं शिक्षकों की मेहनत को दिया। निदेशक रंजन सिंह एवं प्रधानाचार्य अंकिता सिंह ने बच्चों को बधाई दी। इस दौरान चित्रकेतु सिंह, मंजू सिंह,विमल सिंह, अभिषेक शुक्ल, संत लाल,अनिल मिश्रा, रोहित तिवारी, दीपेन्द्र शुक्ल, अनुरूद्ध गिरी, रघुराज प्रताप सिंह, देशराज मौर्य, धर्मेंद्र कुमार,अमन सिंह, मोहित शर्मा आदि मौजूद रहे।

डॉ.वैशाली का लोगों ने किया अभिनंदन

प्रतापगढ़, अमृत विचार : मानधाता बाजार निवासी भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के सहसंयोजक डा .रमेश अग्रहरि एवं अनीता अग्रहरि की पुत्री ने डॉ .वैशाली अग्रहरि एमबीबीएस की पढ़ाई पूर्ण कर गुरुवार को घर पहुंची। परिजनों के अलावा क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने डा .वैशाली अग्रहरि का स्वागत अभिनंदन किया। शांतनु तालाब के तट पर स्थित पौराणिक हनुमान मंदिर पर डा .वैशाली अग्रहरि ने माता-पिता एवं चाचा राजकुमार अग्रहरि के साथ दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लिया। वरिष्ठ भाजपा नेता शिवाकांत द्विवेदी, दिवाकर सिंह,पूर्व प्रधान हरिराम मोदनवाल, अतुल सिंह, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष शोभनाथ शर्मा,भाजपा महामंत्री नितिन मिश्र,नीरज मोर्य, नारायण सरोज,भाजयुमो मंडल अध्यक्ष शिव अग्रहरि,राहुल वैश्य, मकदूम अग्रहरि,गुलाबचंद अग्रहरि, हरिश्चंद्र अग्रहरि,कोमल, हीरा गुप्ता,अभिषेक फूलचंद आदि मौजूद रहे।

युवती को भगा ले गया गैर समुदाय का युवक

कुंडा, प्रतापगढ़ अमृत विचार : महेशगंज थाना क्षेत्र के एक गांव के युवक ने पुलिस को तहरीर दी। उसकी 23 वर्षीय बहन को गांव का ही एक शादीशुदा गैरसमुदाय का युवक 13 अप्रैल को भगा ले गया। पीड़ित ने मामले में नामजद तहरीर पुलिस को दी है। पीड़ित युवक का आरोप है कि गैर समुदाय का युवक बीते छह वर्षों से उसकी बहन के साथ छेड़खानी करते हुए परेशान करता रहा। उसने बहन को मुम्बई भेज दिया, वहां से ननिहाल आई तो युवक फिर उसे फोन करके परेशान करता रहा। पीड़ित ने युवक के खिलाफ नामजद तहरीर देते हुए कार्रवाई करने की मांग की।

बीजेपी मंडल अध्यक्ष का हुआ स्वागत

बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी बछरावां मंडल के नवनियुक्त/वर्तमान मंडल अध्यक्ष मान सिंह रावत के सम्मान में आयोजित भव्य स्वागत समारोह ने क्षेत्र में एनडीए गठबंधन की एकजुटता और सांगठनिक शक्ति का लोहा मनवा दिया। स्थानीय स्तर पर पार्टी के मंडल कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा और अपना दल (एस) के दिग्गज नेताओं सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लेकर मंडल अध्यक्ष का अभूतपूर्व अभिनंदन किया। समारोह के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप यादव रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में अपना दल (एस) के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रत्याशी लक्ष्मीकांत रावत ने भी शिरकत की। कार्यक्रम में वीरेंद्र गौतम, सरोज गौतम, हरिओम चतुर्वेदी, मान सिंह पटेल, साहबदीन, नागेंद्र, विजय पटेल आदि उपस्थित रहे।

बुलेट और ट्रक की टक्कर तीन युवक गंभीर घायल

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के ताला खजूरी स्थित केंद्रीय विद्यालय अमेठी के पास गुरुवार को लगभग 12 बजे तेज रफ्तार के चलते बुलेट मोटरसाइकिल और ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली अमेठी प्रभारी रवि सिंह डायल 112 टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए ट्रक संख्या JH 02 BQ 9623 को कब्जे में लेकर कोतवाली भिजवा दिया। इसी दौरान पुलिस लाइन में तैनात एक सिपाही, जो गौरीगंज जा रहा था, मानवता का परिचय देते हुए मौके पर रुका और घायलों की सहायता में जुट गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को निजी वाहन से जिला अस्पताल अमेठी पहुंचाया गया। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए घायलों को एम्स रायबरेली रेफर कर दिया। घायलों की पहचान विकास सिंह (24) निवासी टीकर माफी, शशांक प्रताप सिंह निवासी वेघौरा तथा पवन यादव उर्फ गोलू निवासी भागलपुर, थाना संग्रामपुर के रूप में हुई है। दुर्घटनाग्रस्त बुलेट मोटरसाइकिल का बताया गया है। पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

अधूरे विकास कार्यों पर भड़के किसान, सौंपा ज्ञापन

शुकुल बाजार, अमेठी। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के बैनर तले गुरुवार को क्षेत्र के किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर खंड विकास अधिकारी को मांगपत्र सौंपा। जिला संरक्षक देवी दयाल शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान ब्लॉक परिसर पहुंचे और पंचायत स्तर की समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की।

किसानों ने बताया कि कई ग्राम सभाओं में वर्षों से विकास कार्य अधूरे पड़े हैं। निधियावा, लाहांगमी, देवसी, पूरे फत्ते व व्याजीपुर ग्राम सभा के जिरहीगढ़ में आरसीसी सड़क और नाली निर्माण का कार्य लंबे समय से लंबित है। इसके चलते जलभराव और कीचड़ की समस्या बनी रहती है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रहमतगढ़ क्षेत्र के प्रेमरेवती दास मार्ग पर अतिक्रमण की समस्या भी प्रमुखता से उठाई गई। किसानों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद अब तक रास्ता अतिक्रमण मुक्त नहीं कराया गया, जिससे आवागमन बाधित है। वहीं महोना पश्चिम में बने इंटर कॉलेज भवन के एक वर्ष से तैयार होने के बावजूद संचालन शुरू न होने पर भी किसानों ने नाराजगी जताई। उनका कहना है कि स्कूल चालू न होने से क्षेत्र के युवाओं की शिक्षा प्रभावित हो रही है।

खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपते किसान यूनियन नेता। अमृत विचार

जागरुकता कार्यक्रम में महिला सुरक्षा पर दिया जोर

रायबरेली, अमृत विचार। शहर के पुलिस लाइन में डीएम हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने मिशन शिक्त अभियान फेज-5.0 के तहत जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में जिले भर से आए सामाजिक संगठनों एवं शिक्षण संस्थानों से जुड़े लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर चलाए जा रहे अभियान पर प्रतिभागियों ने अपने सुझाव रखे। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने महिला सुरक्षा, जागरूकता एवं सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

घमंड से सब कुछ बर्बाद हो जाता है। घमंड से बचें और सेवा करें। तभी जीवन में सुख-शांति आ सकती है।
-गुरु नानक देव

दूरगामी विधायी पहल

संसद में पेश किए जा रहे तीन अहम विधेयक— विशेषकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम, परिसीमन से जुड़े प्रावधान और केंद्र शासित प्रदेशों में प्रतिनिधित्व संशोधन, सिर्फ विधायी पहल नहीं, बल्कि आने वाले दशक की भारतीय राजनीति की दिशा तय करने वाले अत्यंत निर्णायक कदम हैं। इनकी महत्ता जितनी व्यापक है, विवाद भी उतना ही गहरा है। इसके लिए राज्यों में चुनावों के बीच अचानक बुलाए विशेष सत्र की 'हड़बड़ी' पर विपक्ष सवाल उठाते हुए इसे असामान्य और चुनावी नैरेटिव सेट करने की रणनीति के रूप में देख रहा है। महिला आरक्षण जैसे लोकप्रिय और नैतिक रूप से अजेय मुद्दे को केंद्र में रखकर सत्ता पक्ष द्वारा राजनीतिक बढ़त लेना कहीं से अनुचित नहीं, ऐसे में विपक्ष द्वारा इसे 'टाइमिंग की राजनीति' कहकर सवाल उठाना बहुत तार्किक नहीं लगता।

महिला आरक्षण विधेयक का मूल प्रस्ताव, लोकसभा और विधानसभा में 33 फीसद सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करना, सैद्धांतिक रूप से सर्वसम्मति का विषय है, पर इसके लागू होने को ताजा जनगणना और परिसीमन से जोड़ देना इसे विवादास्पद बनाता है। विपक्ष का आरोप है कि यह शर्त आरक्षण को अनिश्चितकाल तक टालने का माध्यम बन सकती है। प्रस्ताव में ताजा जनगणना का आशय 2011 की जनगणना से लिया जा रहा है, इसे आधार बना कर महिला आरक्षण को लागू करना तर्कसंगत नहीं है, क्योंकि पिछले 15 वर्षों में जनसंख्या, शहरीकरण और सामाजिक संरचना में भारी बदलाव आया है। बेहतर विकल्प यही प्रतीत होता है कि 2027 के आसपास नई जनगणना के बाद परिसीमन हो जाने के बाद इस आरक्षण को लागू किया जाए, लेकिन इससे सरकार के लिए तत्काल राजनीतिक लाभ की संभावना समाप्त हो जाती है। महिला आरक्षण को बिना परिसीमन समाप्त हुए अगले चुनाव से भी लागू किया जा सकता है, सही है कि इससे सीटों के रोटेशन और प्रतिनिधित्व में असमानता के प्रश्न खड़े होंगे फिर भी, इसे अंतरिम व्यवस्था के रूप में तो अपनाया ही जा सकता है, जिसकी उम्मीद नहीं है। आरक्षण के बाद संसद में महिलाओं की संख्या 283 तक पहुंचने से भारतीय लोकतंत्र में ऐतिहासिक बदलाव होगा। नीति-निर्माण में लैंगिक दृष्टिकोण मजबूत होगा, विशेषकर शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में, लेकिन केवल सीटें बढ़ाने से महिलाओं की समस्याएं हल नहीं होंगी। राजनीतिक सशक्तीकरण के साथ सामाजिक और आर्थिक सशक्तीकरण भी जरूरी है। पंचायत स्तर पर आरक्षण के अनुभव बताते हैं कि वास्तविक प्रभाव तब आता है, जब महिलाओं को निर्णय लेने की स्वतंत्रता और संसाधन मिलते हैं।

फिलहाल इस विधेयक को पारित कराने के लिए सरकार को व्यापक समर्थन जुटाना होगा। संविधान संशोधन के लिए दो-तिहाई बहुमत जरूरी है। महिला आरक्षण के नैतिक दबाव के कारण विपक्ष के लिए खुला विरोध करना कठिन है, इसलिए इस विधेयक का पारित होना संभव दिखता है, भले ही उसके क्रियान्वयन की समय सीमा पर अस्पष्टता बनी रहे। महिला आरक्षण भारतीय लोकतंत्र को अधिक समावेशी बनाने की दिशा में ऐतिहासिक अवश्य है, परंतु इसे परिसीमन और जनगणना से जोड़ना इसकी समय सीमा को अनिश्चित बना देगा और यह पहल त्वरित और प्रभावी क्रियान्वयन तक शीघ्र नहीं पहुंच सकेगी।

प्रसंगवश

समाजवाद के पहरुआ थे युवा तुर्क चंद्रशेखर

समाजवाद के प्रखर अनुयायी चंद्रशेखर का स्पष्ट मानना था कि गैर-बराबरी को खत्म किए बिना समतामूलक समाज का निर्माण संभव नहीं है। इसके लिए उन्होंने पूंजीवादी व्यवस्था को खत्म कर समाजवादी व्यवस्था की स्थापना पर बल दिया। वे डॉ. लोहिया के इस विचार से पूरी तरह सहमत थे कि पूंजीवाद कम्युनिज्म की तरह ही जुआ, अपव्यय और बुराई है और दो तिहाई विश्व में पूंजीवाद पूंजी का निर्माण नहीं कर सकता। वह केवल खरीद-फरोख्त ही कर सकता है, जो हमारी स्थितियों में महज मुनाफाखोरी और कालाबाजारी है। सच कहें तो चंद्रशेखर राष्ट्रवादी होने के साथ-साथ मानवतावादी भी थे।

उनकी अवधारणा एक ऐसे समाजवादी समाज के निर्माण की थी, जहां भय, भूख और भ्रष्टाचार न हो। चतुर्दिक सुख और समृद्धि का प्रसार हो। सैकड़ों साल बाद भारतीय समाज का स्वरूप, चरित्र एवं चिंतन की व्याख्या का दायरा और उसके मूल्यों को मापने व परखने का मापदंड क्या होगा, इसकी भविष्यवाणी आज संभव नहीं है, लेकिन जब भी असमानता और अन्याय पर आधारित समाज के खिलाफ तनकर खड़े होने वाले शिल्पकारों का इतिहासपरक मूल्यांकन होगा, उस परिधि में समाजवाद के महानायक चंद्रशेखर सहज रूप से याद आएंगे। चंद्रशेखर का जन्म 1927 में पूर्वी उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के इब्राहिमपट्टी के एक किसान परिवार में हुआ। उनकी स्कूली शिक्षा भीमपूरा के रामकरन इंटर कालेज में हुई। उन्होंने स्नातकोत्तर की शिक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पूरी की।

अरविंद जयतिलक
लेखक

युवा तुर्क कहे जाने वाले चंद्रशेखर विद्यार्थी राजनीति जीवन के समय ही एक फायरब्रांड नेता के रूप में स्थापित हो चुके थे। वे कॉलेज के दिनों से ही सामाजिक-राजनीतिक आंदोलनों में हिस्सा लेते थे और आगे बढ़कर उसकी अगुवाई करते थे। प्रारंभ से ही उनका रूझान समाजवाद की ओर था। नतीजतन वे शीध्र ही छात्र जीवन के बरअक्स समाजवादी राजनीति की धुरी बन गए।

1951 में वे सोशलिस्ट पार्टी के वर्कर बन गए, लेकिन जब सोशलिस्ट पार्टी में फूट पड़ी तो वे कांग्रेस में चले गए। वे 1962 से 1977 तक राज्यसभा के सदस्य रहे। 1984 में भारत की पदयात्रा कर भारत की चिरंतन संस्कृति और सभ्यता को समझने की कोशिश की। उनकी इस पदयात्रा ने देश के तमाम शीर्षस्थ नेताओं के मन में हलचल पैदा कर दी।

इमर्जेंसी के बाद जब 1977 में जनता पार्टी की सरकार बनी, तो सभी दिग्गज नेताओं ने मंत्रिपद स्वीकारा, लेकिन चंद्रशेखर ने मंत्री पद नहीं लिया। उन्होंने जनता पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद लेना स्वीकार किया। उनका मकसद जनसेवा के जरिए समाज में समाजवादी चेतना का विकास करना था। वे पहली बार 1977 में बलिया जिले से लोकसभा के सदस्य चुने गए। वर्ष 1990 में उन्हें प्रधानमंत्री बनने का मौका मिला, जब उनकी ही पार्टी के विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार भाजपा के समर्थन वापस लेने के उपरांत अल्पमत में आ गई। चंद्रशेखर के नेतृत्व में जनता दल में दो फाड़ हो गया। 64 सांसदों का धड़ा अलग हुआ। राजीव गांधी ने चंद्रशेखर को प्रधानमंत्री बनने का प्रस्ताव दिया। कांग्रेस ने सात महीने बाद ही उनकी सरकार से समर्थन वापस ले लिया। कहा जाता है कि उन्होंने प्रधानमंत्री रहते हुए कभी भी सरकारी घर 7 रेसकोर्स रोड पर नहीं रहे। वे या तो तीन साउथ रेवेन्यू वाले घर में रहते या भोड़सी के भारत यात्रा आश्रम में। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

नीतीश के भरोसे की विरासत संभाल पाएंगे 'सम्राट'!

योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

बिहार की राजनीति में सत्ता का शिखर छूना जितना कठिन है, उससे कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण है, उस शिखर पर टिके रहकर अपनी सर्वमान्यता सिद्ध करना। सम्राट चौधरी का बिहार के 24वें मुख्यमंत्री के रूप में उदय राज्य के सियासी इतिहास में एक नए युग का सूत्रपात माना जा रहा है। यह केवल एक व्यक्ति का मुख्यमंत्री बनना नहीं है, बल्कि भारतीय जनता पार्टी का बिहार में उस 'बड़े भाई' की भूमिका को आधिकारिक रूप से स्वीकार करना है, जिसका इंतजार पार्टी कार्यकर्ता दशकों से कर रहे थे। नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बाद पैदा हुए राजनीतिक शून्य को भरने की जिम्मेदारी अब सम्राट चौधरी के कंधों पर है, लेकिन सवाल यह है कि क्या वह नीतीश कुमार की उस लंबी और गहरी छाया से बाहर निकल पाएंगे, जिसने पिछले दो दशकों से बिहार की राजनीति को परिभाषित किया है? यही वह कसौटी है, जिस पर अब सम्राट चौधरी को परखा जाएगा।

सम्राट चौधरी का राजनीतिक उदय कोई आकस्मिक घटना नहीं है। यह उनके पिता शकुनि चौधरी की विरासत और उनके स्वयं के आक्रामक संघर्ष, दशकों की राजनीतिक यात्रा, रणनीतिक धैर्य और समयानुकूल निर्णयों का परिणाम है। 16 नवंबर 1968 को मुंगेर के लखनपुर में जन्मे सम्राट ने बहुत कम उम्र में ही सत्ता का स्वाद चख लिया था। 1999 में राबड़ी देवी सरकार में सबसे कम उम्र के मंत्री बनने से लेकर आज मुख्यमंत्री की कुर्सी तक का सफर वैचारिक बदलावों और रणनीतिक फैसलों से भरा रहा है।

राजद और जदयू जैसी क्षेत्रीय शक्तियों के साथ काम करने के बाद 2017 में भाजपा का दामन थामना उनके करियर का सबसे निर्णायक मोड़ साबित हुआ। भाजपा ने उनमें एक ऐसे पिछड़ा नेतृत्व (ओबीसी) को देखा, जो न केवल संगठन में जान फूंक सकता था, बल्कि राजद के 'माई' (एमवाई) समीकरण के सामने एनडीए के 'लव-कुश' समीकरण को मजबूती दे सकता था। विशेषकर कुशवाहा समुदाय से आने के कारण सम्राट चौधरी भाजपा के लिए सामाजिक संतुलन का सबसे सटीक मोहरा साबित हुए। भाजपा ने उन्हें न केवल स्वीकार किया, बल्कि प्रदेश अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद देकर उनकी नेतृत्व क्षमता पर भरोसा भी जताया। यही भरोसा आज उन्हें मुख्यमंत्री पद तक ले आया है।

मुख्यमंत्री के रूप में सम्राट चौधरी की नियुक्ति के साथ ही बिहार की राजनीति में एक दुर्लभ संयोग भी जुड़ा है। जननायक कर्पूरी ठाकुर के बाद वह दूसरे ऐसे नेता बने हैं, जिन्होंने पहले उपमुख्यमंत्री की जिम्मेदारी संभाली और बाद में मुख्यमंत्री के पद तक पहुंचे। यह उपलब्धि उनके कद को तो बढ़ाती है, लेकिन इसके साथ आने वाली अपेक्षाएं उनके लिए हिमालयी चुनौतियों जैसी हैं। नीतीश कुमार केवल एक राजनेता नहीं थे, बल्कि वह बिहार के लिए एक 'इंस्टीट्यूशन' बन चुके थे। उनके 20 वर्षों के शासनकाल ने राज्य में सुशासन की एक ऐसी परिभाषा गढ़ी, जिसमें महिला सुरक्षा, सड़कें, बिजली और शराबबंदी जैसे मुद्दे हर घर से जुड़े थे। सम्राट चौधरी के लिए सबसे बड़ी परीक्षा यही होगी कि वे स्वयं को नीतीश कुमार के विकल्प के रूप में पेश करते हैं या एक ऐसी नई पहचान गढ़ते हैं, जो नीतीश के 'विकास' और भाजपा की 'वैचारिक प्रखरता' का संगम हो।

अधिकांश राजनीतिक विश्लेषक इस बात पर एकमत हैं कि नीतीश कुमार जैसा सर्वमान्य नेता बनना सम्राट चौधरी के लिए रातों-रात संभव नहीं होगा। नीतीश कुमार की स्वीकार्यता समाज के हर वर्ग, चाहे वह महादलित हो, अति पिछड़ा हो या आधी आबादी (महिलाएं) हो, में गहराई तक थी। सम्राट चौधरी के पास फिलहाल एक मजबूत सांगठनिक ढांचा और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आशीर्वाद है, लेकिन उन्हें अपनी 'आक्रामक छवि' को अब 'प्रशासकीय संयम' में बदलना होगा। मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठने के बाद अब उनके हर फैसले की तुलना नीतीश कुमार के मानकों से की जाएगी। क्या वह उसी सहजता से महादलितों और अति पिछड़ों के हितों की रक्षा कर पाएंगे? क्या वह शराबबंदी जैसी पेचीदा नीतियों को लेकर जनता के बीच अपना स्पष्ट नजरिया रख पाएंगे? ये कुछ ऐसे सवाल हैं, जिनका उत्तर उनके कार्यकाल के शुरुआती सौ दिन ही तय करेंगे।

चुनौतियां केवल बाहर ही नहीं, गठबंधन के भीतर भी हैं। नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बाद जदयू के भविष्य और निशांत कुमार के सक्रिय राजनीति में प्रवेश ने नई चर्चाओं को जन्म दिया है। जदयू के भीतर इस बदलाव को लेकर एक दबी हुई छटपटाहट है। सम्राट चौधरी को यह सुनिश्चित करना होगा कि गठबंधन के सहयोगी दल खुद को उपेक्षित महसूस न करें। साथ ही, उन्हें भाजपा के भीतर भी उन वरिष्ठ नेताओं को विश्वास में लेना होगा, जो मुख्यमंत्री पद की दौड़ में पीछे रह गए। सम्राट चौधरी पर उनके पुराने विवादों, जैसे कम उम्र में मंत्री पद से हटाए जाने की घटना और उनके शैक्षणिक पहलुओं को लेकर विपक्ष हमलावर रहेगा। एक मुख्यमंत्री के रूप में उनकी पेशेवर छवि और शुचिता पर उठने वाले सवालों का सामना उन्हें अपनी कार्यशैली से ही करना होगा।

बिहार में 2025 का जनादेश एक तरह से 'फेयरवेल मैंडेट' जैसा रहा है, जहां जनता बदलाव की मानसिक तैयारी कर चुकी थी। सम्राट चौधरी के लिए सबसे बड़ी ताकत उनका ओबीसी समुदाय से होना और भाजपा आलाकमान का पूर्ण समर्थन है, लेकिन उनकी राह का सबसे बड़ा कांटा 'नीतीश कुमार का औरा' है। भाजपा ने अब तक बिहार में नीतीश कुमार के साये में राजनीति की है, अब उसे अपनी स्वतंत्र इमारत खड़ी करनी है, जिसकी नींव सम्राट चौधरी को रखनी है। यह सफर कांटों भरा है, क्योंकि उन्हें न केवल विकास की रफ्तार बनाए रखनी है, बल्कि बिहार की उस जटिल सामाजिक संरचना को भी साधे रखना है, जहां जाति की राजनीति कभी खत्म नहीं होती।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बाद पैदा हुए राजनीतिक शून्य को भरने की जिम्मेदारी अब सम्राट चौधरी के कंधों पर है। सवाल यह है कि क्या वह नीतीश कुमार की उस लंबी और गहरी छाया से बाहर निकल पाएंगे?

आमने सामने

हाईकोर्ट की डेडलाइन खत्म हो चुकी है, लेकिन सरकार निकाय चुनाव नहीं करा रही है। कानून का लगातार उल्लंघन हो रहा है और संविधान की मूल भावना को चोट पहुंचाई जा रही है। राष्ट्रपति को दखल देना चाहिए और राज्यपाल से बात कर सुनिश्चित करना चाहिए कि चुनाव समय पर हों।

-अशोक गहलोत
पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बौखलाए हुए हैं और बचकानी बातें कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी हमेशा कानून और न्यायालयों का सम्मान करती है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी ओबीसी आयोग की रिर्पोट की सिफारिशों की अनुपालना के पश्चात ही चुनाव करवाए जाने के लिए निर्देशित किया है।

-मदन दिलावर
शिक्षा मंत्री, राजस्थान

दोबारा बातचीत से पूर्व विश्वास बहाली की जरूरत

अमित नारायन
राजनीतिक विश्लेषक

इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच हुई शांति वार्ता फिलहाल बिना किसी नतीजे के खत्म हो गई। जब वार्ता शुरू हुई थी, तभी यह कयास लगाए जा रहे थे कि इसमें कोई हल नहीं निकलेगा। यह आशंका सच साबित हुई। अमेरिका अपनी मांगों पर अड़ा हुआ है और ईरान अपनी मांग को लेकर। युद्ध विराम अभी जारी है। ट्रंप ने पुनः पाकिस्तान की धरती पर ईरान से वार्ता के संकेत दिए हैं। अब देखना यह है कि वार्ता कब होती है और दोनों देश क्या शर्तें रखते हैं। ईरान की सबसे बड़ी शर्त है कि उसे युद्ध में हुए नुकसान का मुआवजा मिले और होर्मुज जलडमरूमध्य में टोल वसूली का अधिकार मिले, लेकिन अमेरिका उसे यह छूट देने को तैयार नहीं है।

अमेरिका चाहता है कि ईरान अपनी लंबी दूरी की मिसाइलों पर कैपिंग करे और परमाणु बम बनाने की जिद छोड़ दे, पर ईरान इस शर्त पर राजी नहीं है। अब सवाल यही है कि जब दोनों देश अपनी-अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं, तो वार्ता कैसे सफल होगी और युद्ध विराम कब तक टिकेगा, हालांकि अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य को घेर रखा है और उसकी सेना ने तो तेल लेकर जा रहे ईरानी जहाजों को भी रोक दिया है। अब उसकी इस कार्रवाई को उकसावा माना जा रहा है।

इस युद्ध का खामियाजा पूरी दुनिया भुगत रही है। युद्ध में शामिल न होने के बाद भी ईरान के हमले में सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, बहरीन जैसे देशों के तेल डिपो, बड़े-बड़े औद्योगिक कारखाने, पेयजल के स्रोत, हवाई अड्डे तबाह हो गए। उनके नागरिकों की मौत भी हुई। अब अमेरिका इन देशों के इंफ्रास्ट्रक्चर को दुरुस्त करने के नाम पर बड़े पैमाने पर कमाई करेगा। उसकी कंपनियां वहां निवेश करेंगी। साथ ही डोनाल्ड ट्रंप इन देशों को बड़े पैमाने पर हथियार भी बेचेंगे। युद्ध में हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई इन्हीं देशों से करेंगे।

ईरान से संघर्ष में अमेरिका को 20 बिलियन डॉलर से अधिक का आर्थिक नुकसान हुआ है, जबकि इससे कहीं ज्यादा का नुकसान खाड़ी में उसके सहयोगी देशों ने ईरानी हमले से झेला है। दुनिया के तमाम देशों में कच्चे तेल और गैस के लिए त्राहि- त्राहि मची हुई है। ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य में बारूदी सुरंगे बिछाकर तमाम देशों के तेल और गैस से भरे जहाजों को रोक रखा है। सिर्फ कुछ मित्र देशों के जहाजों को ही उसने अनुमति दी है, वहां से गुजरने के लिए। ऐसे में तीन हजार से अधिक जहाज वहां तेल और गैस भरकर खड़े हैं। इस मौके का फायदा भी अमेरिका ही उठा रहा है। उसने तमाम देशों को तेल बेचने का ऑफर भी दे दिया है।

अमेरिका ने होर्मुज पर कब्जे की अपनी मंशा जाहिर कर दी है और उसे घेर कर यह घोषणा कर दी है कि जो देश ईरान को टोल देंगे, उनके जहाज को वह वहां से नहीं जाने देगा। चीन इस घेरेबंदी के बाद भी वहां से निकला, जबकि यह स्पष्ट नहीं हो सका कि उसने ईरान को टोल दिया था या नहीं। उधर, तेल भरे जहाज रोके जाने से ईरान नाराज है और उसने कड़ी प्रतिक्रया दी है। अब पाकिस्तान फिर से चीन की अंदरूनी मदद से ईरान को वार्ता के लिए मना रहा है. लेकिन विदेशी मामलों के जानकार मान रहे हैं कि दोबारा वार्ता तभी सफल होगी जब खुले मन से दोनों देश वार्ता की मेज पर बैठेंगे। दोनों पक्षों को अपनी- अपनी शर्तों में कुछ ढील देनी होगी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भले ही पुनः वार्ता के संकेत दे रहे हैं, लेकिन उनके अड़ियल रुख से वार्ता की सफलता पर हर किसी को संदेह है। खाड़ी देशों और इजरायल में भारी तबाही मचाने के साथ ही अमेरिकी लड़ाकू विमानों और ड्रोन को गिराकर अपनी ताकत का अहसास कराने वाला ईरान अमेरिकी शर्तों पर झुकने को तैयार नहीं है। हां, उसने इस बात के संकेत जरूर दिए हैं कि अमेरिका कुछ झुकेगा तो वह भी झुकने को तैयार है। ईरान चाहता है कि उसे होर्मुज में टैक्स वसूली का अधिकार मिले। उसके यहां जो क्षति हुई है उसका मुआवजा मिले। साथ ही उसके ऊपर लगाए गए आर्थिक प्रतिबंध हटें। यह शर्तें मानना अमेरिका के लिए कठिन है, क्योंकि इन शर्तों को मानने के बाद ट्रंप अपने देश की जनता के सामने हारे हुए योद्धा से कम नहीं दिखेंगे जो वह दिखना नहीं चाहते हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मई माह में चीन का दौरा करने वाले हैं। इस दौरे से पहले वे ईरान पर निर्णायक जीत चाहते हैं, इसीलिए वे वार्ता के लिए दोबारा उतावले हैं। अगर ईरान उनकी शर्तें मान लेता है, तो ट्रंप आसानी से घोषित कर पाएंगे कि अमेरिका और उसके सहयोगी इजरायल ने यह युद्ध जीत लिया है, लेकिन ईरान आसानी से उन्हें इस युद्ध से बाहर नहीं निकालने देगा। ट्रंप यदि युद्ध जीत कर आते हैं, तो चीन पर वार्ता से पहले बड़ा दबाव होता वे खुद को जीते हुए योद्धा की तरह वहां पेश करते, लेकिन अब दबाव ट्रंप पर है, क्योंकि वे यहां बहुत लंबी-लंबी बातें नहीं कर पाएंगे।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

ट्रंप ने पुनः पाकिस्तान की धरती पर ईरान से वार्ता के संकेत दिए हैं। अब देखना यह है कि वार्ता कब होती है और दोनों देश क्या शर्तें रखते हैं।

सोशल फोरम

कन्फ्यूशियस की सलाह

ली वेई नाम का एक बूढ़ा आदमी महान दार्शनिक कन्फ्यूशियस के पास एक सवाल लेकर गया, जो आज भी बहुत से बुज़ुर्गों को परेशान करता है। अपनी पूरी ज़िंदगी औलाद के लिए लगा देने के बाद भी, हम बुढ़ापे में खुद को अकेला क्यों महसूस करते हैं?

ली वेई ने अपनी औलाद के लिए सब कुछ कुर्बान कर दिया।

सुनील सिंह
ब्लॉगर

उसने बहुत मेहनत की ताकि उन्हें कभी किसी चीज़ की कमी न हो। जब बच्चे बड़े हो गए और अपनी ज़िंदगी जीने लगे, तो ली वेई ने अपना घर बेच दिया और बेटे के पास रहने चला गया। यह सोचकर कि अब वह प्यार और अपनापन पाएगा, लेकिन उसे वह खुशी नहीं मिली। वे उसकी बातें आधे मन से सुनते, उसके सुझावों से चिढ़ जाते और उसकी मौजूदगी को बोझ समझने लगे।

ली वेई ने कन्फ्यूशियस से अपना दुख कह सुनाया, "गुरुजी! मैंने अपनी ज़िंदगी बच्चों के लिए दे दी। सोचा था उनके साथ रहकर सुकून मिलेगा, लेकिन मैं खुद को उनके बीच नापसंद महसूस करता हूं। ऐसा क्यों?"

कन्फ्यूशियस ने उसे तीन आसान सबक़ सिखाए।

पहला सबक- उन्होंने एक बर्तन को पानी से भर दिया और पूछा कि अगर इसमें और पानी डालूं तो क्या होगा?"

ली वेई ने कहा कि यह छलक जाएगा।

कन्फ्यूशियस बोले, "बिल्कुल, रिश्ते भी ऐसे ही होते हैं। जब हम खुद को ज़बरदस्ती किसी ऐसी जगह डालते हैं जो पहले से भरी हो, तो संतुलन बिगड़ जाता है।"

तुम अपने बच्चों के घर में फिर से केंद्र बनना चाहते हो, लेकिन अब उनकी ज़िंदगी और उनके बच्चे ही उनका केंद्र हैं।

दूसरा सबक- उन्होंने पास के दो पेड़ों की ओर इशारा किया। जब पेड़ बहुत पास-पास होते हैं तो क्या होता है?

ली ने कहा, "वे एक-दूसरे को रोकते हैं और कमजोर हो जाते हैं।"

कन्फ्यूशियस ने कहा, "ज़िंदगी में भी यही होता है। ज़्यादा नज़दीकी भी समस्या बन जाती है। बढ़ने के लिए जगह ज़रूरी है।"

तीसरा सबक- कन्फ्यूशियस ने रेत को कसकर मुट्ठी में पकड़ा। अब क्या होगा?

ली वेई ने कहा, "रेत फिसल जाएगी।"

कन्फ्यूशियस ने कहा, "रिश्ते भी ऐसे ही होते हैं। प्यार दबाव से नहीं टिकता। जितना तुम पकड़ने की कोशिश करोगे, वह उतना दूर जाएगा। आज़ादी दो, तो वह खुद तुम्हारे पास रहेगा।"

-फेसबुक वाल से

सामयिकी

भारत के कुपोषण मुक्त होने में हैं कई चुनौतियां

भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में बच्चों और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाना हमेशा से एक बड़ी चुनौती रहा है, जिसका समाधान खोजने के उद्देश्य से साल 1975 में केंद्र सरकार ने समेकित बाल विकास सेवा योजना की शुरुआत की थी, इसके अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना की गई, जिसका मकसद था कि छह वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती और धात्री महिलाओं को पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं और प्रारंभिक शिक्षा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा सके। बहुत हद तक यह योजना सफल भी रही है, लेकिन पिछले 50 वर्षों से अधिक समय बीत जाने के बाद भी हम यह दावे के साथ नहीं कह सकते कि यह योजना शत-प्रतिशत सफल रही है।

इस समय देशभर में लगभग 13.9 लाख आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहे हैं, जो दुनिया की सबसे बड़ी प्रारंभिक बाल देखभाल और पोषण व्यवस्था मानी जाती है। यह करीब आठ करोड़ से अधिक लाभार्थियों तक सेवाएं पहुंचा रही है। इस योजना के तहत छह प्रमुख सेवाएं प्रदान की जाती हैं, जिनमें पूरक पोषण, पूर्व-प्राथमिक शिक्षा, स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा और जरूरत पड़ने पर रेफरल सेवाएं शामिल हैं। इन सेवाओं के माध्यम से यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया कि बच्चे जीवन के पहले छह वर्षों में शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ विकसित हों और गर्भवती महिलाओं को उचित पोषण मिल सके।

अल्पना कुमारी
एक्टिविस्ट

भारत में कुपोषण की समस्या लंबे समय से गंभीर रही है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS-5) के अनुसार, आज भी देश में 35.5 प्रतिशत बच्चे कम कद, 32.1 प्रतिशत कम वजन वाले और 19.3 प्रतिशत अत्यधिक दुबले पाए जाते हैं। ये आंकड़े इस बात की ओर संकेत करते हैं कि समस्या अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है, लेकिन पिछले दशकों में इसमें कुछ सुधार अवश्य हुआ है। यदि पिछले तीन दशकों के आंकड़ों पर नजर डालें, तो यह स्पष्ट होता है कि आंगनबाड़ी प्रणाली ने कुपोषण की स्थिति में धीरे-धीरे सुधार लाने में भूमिका निभाई है। वर्ष 1992-93 में जहां बच्चों में कम कद की दर लगभग 52 प्रतिशत थी, वहीं 2019-21 तक यह घटकर 35.5 प्रतिशत रह गई। इसी प्रकार कम वजन वाले बच्चों की संख्या 53.4 प्रतिशत से घटकर 32.1 प्रतिशत तक पहुंची है।

इन उपलब्धियों के बावजूद चुनौतियां भी कम नहीं हैं। कई अध्ययनों से पता चलता है कि आंगनबाड़ी सेवाओं का लाभ सभी जरूरतमंद लोगों तक पूरी तरह नहीं पहुंच पा रहा है। देश में आंगनबाड़ी सेवाओं का उपयोग बढ़ा है, लेकिन 2016 से 2021 के बीच कुपोषण में जो कमी आई, उसमें आंगनबाड़ी सेवाओं का योगदान लगभग 9-12 प्रतिशत ही माना गया है। जो यह दर्शाता है कि योजना ने सकारात्मक प्रभाव डाला है, लेकिन इसे और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता है।

हाल के वर्षों में सरकार ने आंगनबाड़ी व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कई नई पहलें शुरू की हैं। सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण 2.0 योजना के तहत देशभर में लगभग दो लाख आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने की प्रक्रिया चल रही है। इनमें इंटरनेट सुविधा, डिजिटल उपकरण और स्वच्छ पेयजल जैसी व्यवस्थाएं शामिल की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त, मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को पूर्ण केंद्रो में परिवर्तित करने की भी योजना बनाई गई है, जिससे सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होने की उम्मीद है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 25/16-ए, जापलिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

यूरेका

खोज

ऐसे हुआ वेल्क्रो का आविष्कार

वेल्क्रो का आविष्कार किसी बड़ी प्रयोगशाला में नहीं, बल्कि एक साधारण सैर के दौरान हुआ और यही इसे खास बनाता है। साल 1940 के दशक में स्विट्जरलैंड के इंजीनियर जॉर्ज डे मेस्ट्रल अपने कुत्ते के साथ जंगल में घूमने निकले। लौटकर उन्होंने देखा कि उनके कपड़ों और कुत्ते के बालों पर छोटे-छोटे कांटेदार बीज चिपके हुए हैं। आमतौर पर लोग इन्हें झटककर फेंक देते, लेकिन मेस्ट्रल ने ऐसा नहीं किया। उनकी जिज्ञासा जाग उठी-आखिर ये बीज इतनी मजबूती से चिपकते कैसे हैं?

उन्होंने इन बीजों को माइक्रोस्कोप से देखा और जो सामने आया, वह चौंकाने वाला था। बीजों पर बहुत बारीक हुक (कांटे) थे, जो कपड़े और बालों के रेशों में फंस जाते थे। बस, यहीं से एक अनोखा विचार जन्मा-क्या इसी सिद्धांत पर कोई कृत्रिम चीज बनाई जा सकती है? कई सालों की मेहनत और प्रयोगों के बाद उन्होंने 'हुक और लूप' प्रणाली पर आधारित एक फास्टनर तैयार किया। एक सतह पर छोटे-छोटे हुक और दूसरी पर मुलायम लूप दोनों को दबाते ही वे चिपक जाते और खींचते ही अलग हो जाते। 1955 में इस आविष्कार का पेटेंट हुआ और इसका नाम रखा गया 'वेल्क्रो'। शुरुआत में लोगों ने इसे ज्यादा गंभीरता से नहीं लिया, लेकिन जब नासा ने अंतरिक्ष मिशनों में इसका उपयोग किया, तब इसकी उपयोगिता दुनिया के सामने आई। आज वेल्क्रो जूतों, बैगों और कपड़ों से लेकर अंतरिक्ष तकनीक तक हर जगह इस्तेमाल हो रहा है-सिर्फ एक जिज्ञासा भरे सवाल की वजह से।

वैज्ञानिक के बारे में

जॉर्ज डे मेस्ट्रल का जन्म 1907 में स्विट्ज़रलैंड में हुआ था। वे बचपन से ही जिज्ञासु और आविष्कारशील स्वभाव के थे। केवल 12 वर्ष की उम्र में उन्होंने अपना पहला पेटेंट हासिल कर लिया था, जो उनके वैज्ञानिक रुझान को दर्शाता है। उन्होंने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और प्रकृति से प्रेरणा लेकर नए विचार विकसित किए। उनका जीवन साधारण लेकिन प्रयोगधर्मी था, जहां वे रोज़मर्रा की चीजों में भी नवाचार के अवसर खोजते थे। वे अपने परिवार के साथ शांत जीवन बिताते हुए शोध और प्रयोगों में लगे रहे और 1990 में उनका निधन हो गया।

धूमकेतु के लिए रोमांचक माह अप्रैल



डॉ. इरफान ह्यूमन
विज्ञान लेखक

अप्रैल माह धूमकेतु दर्शन के लिए एक रोमांचक समय होगा, क्योंकि इस महीने में कम से कम दो प्रमुख धूमकेतु नग्न आंखों से या दूरबीन की मदद से दिखाई दे सकते हैं। ये धूमकेतु लंबी अवधि के (लॉन्ग-पिरियड) और आवर्ती (पिरियडिक) प्रकार के हैं। मुख्य रूप से दो धूमकेतु सी/2026 ए1 (मैप्स) और सी/2025 आर3 (पैनस्टार्स), जिनकी चमक अपेक्षाकृत अधिक होने की संभावना है। इसके अलावा, 10पी/टेम्पेल 2 जैसे अन्य धूमकेतु दूरबीन से दिखाई दे सकते हैं, लेकिन वे कम चमकीले होंगे। ध्यान दें कि धूमकेतु की चमक मौसम, वायुमंडलीय स्थितियों और उनके व्यवहार पर निर्भर करती है, इसलिए पूर्वानुमान बदल सकते हैं। भारत (उत्तर गोलार्ध) से देखने के लिए सामान्य दिशा और समय पर फोकस करना आवश्यक है।

सी/2026 ए1 (मैप्स)- संग्रेजिंग धूमकेतु

यह धूमकेतु 13 जनवरी, 2026 को चिली के अमैक्स1 वेधशाला में चार खगोलशास्त्रियों द्वारा खोजा गया। यह क्रूट्ज संग्रेजर समूह का सदस्य है, जो सूर्य के बहुत निकट से गुज़रने वाले धूमकेतु हैं। यह अब तक का सबसे पहले खोजा गया इनबाउंड क्रूट्ज धूमकेतु है (पेरिहेलियन से 11.5 सप्ताह पहले)। पेरिहेलियन एक खगोलीय अवधारणा है, जो सूर्य-केंद्रित कक्षाओं (जैसे ग्रहों, धूमकेतुओं या अन्य वस्तुओं की कक्षा) से संबंधित है। यह वह बिंदु है, जहां कोई वस्तु (जैसे पृथ्वी या धूमकेतु) अपनी कक्षा में सूर्य के सबसे निकट पहुंचती है। पेरी का अर्थ सबसे निकट और हेलियन का अर्थ सूर्य होता है। अर्थात सूर्य के चारों ओर घूमने वाली वस्तुओं की कक्षा आमतौर पर अंडाकार (एलिप्टिकल) होती है, न कि पूरी तरह गोलाकार। इसलिए इन पिंडों की दूरी हमेशा एक समान नहीं रहती।

संग्रेजिंग धूमकेतु के पेरिहेलियन की बात करें, तो 4 अप्रैल, 2026 को यह सूर्य की सतह से मात्र 7,48,000 किलोमीटर (4,65,000 मील) की दूरी पर रहेगा। यह सूर्य के व्यास का आधा हिस्सा जितना निकट है। इसकी अपेक्षित चमक की बात करें, तो यदि यह टूटा नहीं, तो इसकी चमक-4 मैग्निट्यूड तक पहुंच सकती है (शुक्र ग्रह जितनी चमकीली)। इससे पहले मार्च के अंत में बड़े शौकिया दूरबीनों से 13 मैग्निट्यूड पर दिखाई देगी, लेकिन अप्रैल में तेजी से चमक बढ़ेगी। लंबी पूंछ विकसित हो सकती है। अप्रैल में सूर्यास्त के बाद पश्चिम दिशा में मध्य-ट्वाइलाइट (अर्ध-अंधेरे) में दिखाई दे सकता है। दक्षिणी गोलार्ध में मार्च के अंत से ही दिखना शुरू हो सकता है, लेकिन उत्तर भारत से अप्रैल में पश्चिम क्षितिज पर निम्न ऊंचाई पर रहेगा। अप्रैल के मध्य के बाद यह सूर्य के करीब होने के कारण इसे देखना कठिन हो जाएगा।



सूर्यास्त के तुरंत बाद (लगभग 6-7 बजे आईएसटी) पश्चिम की ओर देखें, जहां यह शुक्र ग्रह के आसपास होगा। 8 अप्रैल को शुक्र के बहुत पास दिखाई दिया। नग्न आंखों से या छोटी दूरबीन से पूंछ दिख सकती है, लेकिन सूर्य के करीब होने से इसका दृश्यावलोकन कठिन होगा। इसे देखने के लिए अवरोध-रहित क्षितिज चुनें। यदि इस धूमकेतु की चमक-4 तक पहुंची, तो दिन के उजाले में भी दिख सकता है। संभावित जोखिम यह है कि सूर्य के निकट गर्मी और गुरुत्वाकर्षण से यह पूरी तरह टूट सकता है। यदि ऐसा हुआ, तो चमक कम हो जाएगी। फिर भी यदि बचा रहा, तो सूर्य के करीब होने से इसे देखना चुनौतीपूर्ण रहेगा।

अन्य धूमकेतु (दूरबीन आवश्यक)

10 पी/टेंपेल 2 एक आवर्ती धूमकेतु है, जिसकी कक्षीय अवधि 5 .5 वर्ष है। इसकी चमक 12 मैग्निट्यूड, शाम और सुबह के आकाश में (ऊंचाई 11-44 डिग्री) पर ओफ्यूकस तारामंडल में दिखाई देगा। यह दूरबीन से ही दिखेगा, नग्न आंखों से नहीं, क्योंकि इसका चरम अगस्त 2026 में होगा। इसे देखने के लिए शाम को पश्चिम या सुबह पूर्व दिखा में खोजें। एक अन्य धमकेतु सी/2024 ई1 (विएरझोस), जिसका 10 मैग्निट्यूड होगा, शाम में दिखाई देगा, लेकिन ये कम उल्लेखनीय हैं और शौकिया खगोलविदों के लिए यह भी दूरबीनों से दृष्टिगोचर होगा।

सी/2025 आर3 (पैनस्टार्स) - संभावित 'ग्रेट धूमकेतु'

2025 में पैनस्टार्स टेलीस्कोप द्वारा खोजा गया। यह धमकेतु 2026 की शुरुआत में चर्चा में आया। इसके पेरिहेलियन की बात करें, तो 19 अप्रैल, 2026 को सूर्य के सबसे निकट होगा। यह 3 से 7 मैग्निट्यूड के बीच चमकेगा। यदि 3 मैग्निट्यूड, तो नग्न आंखों से आसानी से दिखेगा। अप्रैल 2026 के मध्य (26 अप्रैल तक) सबसे अच्छा दिखाई देगा। यह पृथ्वी के सबसे निकट 26 अप्रैल को (73.2 मिलियन किमी दूर) होगा और सुबह के आकाश में दिखेगा। अप्रैल 11-12 को सूर्योदय से पहले पेगासस तारामंडल के पास दिखाई दिया था। वहीं अप्रैल 15 को यह ग्रेट स्क्वायर ऑफ पेगासस के निकट था। यह दक्षिणी गोलार्ध में अप्रैल के अंत में सूर्यास्त के बाद पश्चिम क्षितिज पर दिखाई देगा। इस धमकेतु को सूर्योदय से 1-2 घंटे पहले (लगभग 4-5 बजे आईएसटी) पूर्व दिशा में देखें। इसे पेगासस के आकाशगंगाओं के पास ढूंढें। दूरबीन या बाइनोकुलर के उपयोगी से इसे देखा जा सकता है, लेकिन यदि चमक 3 मैग्निट्यूड रही तो इसे नग्न आंखों से भी देखा जा सकेगा। नया चंद्रमा (17 अप्रैल के आसपास) के समय आकाश अंधेरा होगा, जो इसे देखने में बहुत आसानी रहेगी। इसे 2026 का ग्रेट धूमकेतु इसलिए कहा जा रहा है, क्योंकि यह धूमकेतु लंबी अवधि का है और चमकदार हो सकता है, लेकिन सूर्य के बीच से गुजरने (पृथ्वी और सूर्य के बीच) से चमक प्रभावित हो सकती है।

मरीन लाइफ

जेलीफिशः प्रकृति का पारदर्शी चमत्कार

जेलीफिश का शरीर बेहद मुलायम, पारदर्शी और जेल जैसा होता है, जिससे इन्हें 'समुद्री जेली' भी कहा जाता है। इनका शरीर लगभग 95 प्रतिशत पानी से बना होता है, इसलिए ये बहुत हल्की होती हैं और समुद्र की लहरों के साथ आसानी से तैरती रहती हैं। जेलीफिश की सबसे खास बात यह है कि इनमें दिल, दिमाग और हड्डियां नहीं होतीं, फिर भी ये लाखों वर्षों से पृथ्वी पर जीवित हैं।

जेलीफिश को दिल की आवश्यकता इसलिए नहीं होती, क्योंकि इनके शरीर में रक्त संचार (ब्लड सर्कुलेशन) की जटिल प्रणाली नहीं होती। इनके शरीर की संरचना इतनी सरल होती है कि पानी सीधे इनके ऊतकों

(टिश्यू) के बीच से गुजरता है। इसी पानी के माध्यम से ऑक्सीजन और पोषक तत्व शरीर के सभी हिस्सों तक पहुंच जाते हैं। इस प्रक्रिया को डिफ्यूजन कहा जाता है, जिससे ये बिना दिल और ब्लड वेसल्स के भी आसानी से जीवित रह पाती हैं। इनका शरीर मुख्य रूप से एक घंटी के आकार का होता है, जिसके नीचे लटकती हुई टेंटेकल्स होती हैं। इन टेंटेकल्स में सूक्ष्म डंक होते हैं, जिन्हें नेमाटोसिस्ट कहा जाता है। ये डंक शिकार को पकड़ने और खुद की रक्षा करने में मदद करते हैं। कुछ जेलीफिश का डंक इंसानों के लिए भी खतरनाक हो सकता है। जेलीफिश का अपना कोई विकसित दिमाग नहीं होता, लेकिन इनके पास एक सरल तंत्रिका जाल (nerve net) होता है, जो इन्हें अपने आसपास के वातावरण को महसूस करने में मदद करता है। ये प्रकाश और स्पर्श के प्रति प्रतिक्रिया कर सकती हैं, जिससे ये दिशा बदलने या खतरे से बचने में सक्षम होती हैं। एक और रोचक तथ्य यह है कि कुछ जेलीफ़िश प्रजातियां, जैसे कि 'अमर जेलीफिश', अपनी उम्र को वापस शुरुआती अवस्था में ले जाने की क्षमता रखती हैं, जिससे वे सैद्धांतिक रूप से अमर मानी जाती हैं। जेलीफिश समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ये छोटे जीवों को खाकर संतुलन बनाए रखती हैं और खुद भी कई बड़े समुद्री जीवों के भोजन का स्रोत होती हैं। इस तरह, अपनी सरल संरचना के बावजूद, जेलीफिश समुद्र के जीवन चक्र में एक अहम कड़ी हैं।

वैज्ञानिक फैक्ट

क्यों दिखाई पड़ता है आकाश का रंग नीला

साफ और धूप वाले दिन जब हम आसमान की ओर देखते हैं, तो वह हमें चमकीला नीला दिखाई देता है, जबकि शाम के समय वही आकाश लाल, नारंगी और गुलाबी रंगों में बदल जाता है। यह परिवर्तन प्रकृति के एक बेहद रोचक वैज्ञानिक सिद्धांत पर आधारित है, जिसे समझने के लिए हमें प्रकाश और वायुमंडल की भूमिका जाननी होती है। सूर्य से आने वाला प्रकाश देखने में भले ही सफेद लगता हो, लेकिन वास्तव में यह कई रंगों लाल, नारंगी, पीला, हरा, नीला, जामुनी (इंडिगो) और बैंगनी का मिश्रण होता है। इन सभी रंगों की तरंगदैर्ध्य अलग-अलग होती है। लाल रंग की तरंगदैर्ध्य सबसे अधिक होती है, जबकि नीले और बैंगनी रंग की सबसे कम। कम तरंगदैर्ध्य वाले रंगों में ऊर्जा अधिक होती है और वे वातावरण में अधिक बिखरते हैं। जब सूर्य का प्रकाश पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करता है, तो वह गैसों (जैसे ऑक्सीजन और नाइट्रोजन), धूलकणों और जलवाष्प से टकराता है। इस टकराव के कारण प्रकाश का बिखराव होता है, जिसे वैज्ञानिक भाषा में "रेले प्रकीर्णन" कहा जाता है। इस प्रक्रिया में नीले और बैंगनी रंग की तरंगें सबसे अधिक बिखरती हैं। हालांकि बैंगनी रंग का बिखराव अधिक होता है, फिर भी हमें आकाश नीला दिखाई देता है। इसका कारण यह है कि हमारी आंखें नीले रंग के प्रति अधिक संवेदनशील होती हैं और सूर्य से भी नीले प्रकाश की मात्रा अपेक्षाकृत अधिक पहुंचती है।

दिन के समय सूर्य सिर के ऊपर होता है, जिससे प्रकाश को कम दूरी तय करनी पड़ती है और नीला प्रकाश हर दिशा में बिखरकर पूरे आकाश को नीला बना देता है, लेकिन सूर्योदय और सूर्यास्त के समय सूर्य क्षितिज के पास होता है, जिससे प्रकाश को अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। इस दौरान नीला और बैंगनी प्रकाश रास्ते में ही बिखर जाता है और हमारी आंखों तक मुख्यत: लाल, नारंगी और पीले रंग की किरणें पहुंचती हैं, जिससे आकाश का रंग बदल जाता है। ऊंचाई बढ़ने पर आकाश का रंग और गहरा नीला दिखाई देता है, क्योंकि वहां वायुमंडल पतला होता है और बिखराव कम होता है। अंतरिक्ष में तो लगभग कोई वायुमंडल नहीं होता, इसलिए वहां आकाश काला दिखाई देता है। इस प्रकार, आकाश का नीला रंग प्रकृति की एक सुंदर वैज्ञानिक प्रक्रिया का परिणाम है, जो हमें हर दिन एक नया और आकर्षक दृश्य प्रदान करती है।

सर्पविष का विज्ञान: संरचना और प्रभाव

भारत में आदिकाल से सांप से संबंधित फोकलोर और वैज्ञानिक साहित्य उपलब्ध है। आयुर्वेद में विष चिकित्सा में इनका वर्णन है। अंग्रेजों के समय में भारत उपमहाद्वीप ही नहीं, बल्कि श्रीलंका और बर्मा में पाए जाने वाले सांपों की प्रजातियों और इनके जहर के बारे में विशेष अध्ययन और डॉक्यूमेंटेशन वर्क हुआ था। इन पुस्तकों में सभी किस्म सांपों के हाथ से बनाए गए रंगीन चित्र दिए गए हैं। इनके बारे में बहुत सा अध्ययन ब्रिटेन की लैब्स में उन दिनों अंग्रेज वैज्ञानिकों ने किया था और मनुष्य में सांप के काटने के बाद शरीर में फैलने वाले इन जहरों को बे-असर करने के उपाय विकसित किए गए थे। आधुनिक मॉलिक्यूलर बायोलॉजीकल अध्ययनों से विभिन्न जहरीले सांपों के जहर की विस्मित करने वाली संरचनाएं सामने आईं हैं। दवा उद्योग में सांपों के विभिन्न प्रकार के जहर की बड़ी मांग है, क्योंकि इस पर अरबों रुपये का उद्योग खड़ा किया गया है।



रणबीर सिंह
विज्ञान लेखक

मनुष्य और पालतू पशुओं की जान बचाने के लिए या एन्वीनोमिंग के लिए जो एंटीबाडीज और अन्य उत्पाद दवा फैक्ट्रीज में बनाए जाए हैं, उससे पहले इन पर व्यापक अध्ययन किया जाता है और खास तरह की प्रोसस्सेस को विकसित किया जाता है। अब सांप के काटे का टीका बनाने के लिए घोड़ों का इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि बायोटेक्नोलॉजी और केमिकल विधियों से इन्हें बड़ी मात्रा में निर्मित करना सिद्ध किया जा चुका है।

लोग सांप के प्रति एक ही प्रकार का नजरिया रखते हैं: मार देना। यह बिल्कुल प्रकृति विरुद्ध काम है। सांपों के परिवेश अर्थात हैबिटैट और व्यवहार का अध्ययन करने वाले कुछ और कहते हैं। भारत में सांपों की करीब 300 किस्में हैं और इनके रंग और हैबिटैट भी अलग है। इनमें से नाग अर्थात कोबरा, वाईपर की दो किस्में और करात ही जहरीले हैं। सांप प्रजातियों की खुराक अलग-अलग होती है। भारत में सभी सांप जहरीले नहीं हैं। इनमें चार प्रकार के जहर होते हैं। ये एक प्रकार के कुदरती एंजाइम अथवा प्रोटीन होते हैं और इनकी रासायनिक और मॉलिक्यूलर संरचना अलग-अलग तरह की होती है। ज्यादातर जहर चार प्रकार के असर वाले यथा न्यूरोटॉक्सिक, साइटोटॉक्सिक, हीमोटॉक्सिक और मायोटॉक्सिक हैं। अर्थात कोई जहर शरीर के नर्वस सिस्टम, दूसरा, रक्त कोशिकाओं, तीसरा शरीर के उत्तकों की कोशिकाओं और चौथा मांशपेशियों की कोशिकाओं को नष्ट करता है। सांप अपने शरीर में जहर का निर्माण अथवा सिंथेसिस शिकार को बेदम करने के लिए और अपनी रक्षा करने के लिए करते हैं। इन चारों किस्म के जहर का निर्माण करने के लिए सांप के शरीर में विशेष कोशिकाएं/ग्रंथियां होती हैं। विष का उत्पादन अत्यधिक विशिष्ट लार स्रावी ग्रंथियों के भीतर होता है। रूपांतरित ग्रंथियां अथवा एपिथीलियल कोशिकाएं विभिन्न प्रोटीन घटकों का संश्लेषण करती हैं। सांपों के जहर की एक बड़ी

वैरायटी फोस्फोलायीपेज ए-2 डाइजेस्टिव एंजाइम से 'तेज विकास' की प्रक्रिया के जरिए विकसित हुई है। इन जहरों के अलग-अलग टिश्यू टारगेट, मेम्ब्रेन रिसेप्टर और सेल प्लाज्मा मेम्ब्रेन को बदलने के अलग-अलग तरीके होते हैं। जहर जैसे असरात दिखाने वाले फोस्फोलायीपेज ए-2 की किस्मों से होने वाले दो सबसे आम असर हैं न्यूरोटॉक्सिसिटी और मायोटॉक्सिसिटी।

विभिन्नताओं के बावजूद, सांप का जहर एक जैसा सेल्यूलर घाव कैसे पैदा करते हैं, जो विकास के नजरिए से बहुत ज्यादा सुरक्षित है। वे शुरू में प्लाज्मा मेम्ब्रेन में गड़बड़ी पैदा करते हैं, जिससे साइटोसोलिक कैल्शियम आयन $Ca2+$ की मात्रा में भारी बढ़ोतरी होती है, जिससे सेल का क्षरण होता है। यह प्रक्रिया उन तरीकों से होती है, जिसमें मांसपेशियों के सेल्स और न्यूरोमस्कुलर जंक्शन प्रभावित होते हैं। उक्त कैल्शियम आयन एक धनात्मक आवेश वाला आयन है और कई जैविक तथा शारीरिक प्रक्रियाओं के लिए जरूरी है। यह एक द्विसंयोजी धनायन है, जिसका मतलब है कि जब एक उदासीन कैल्शियम परमाणु अपने दो सबसे बाहरी इलेक्ट्रॉन खो देता है, तो उस पर +2 का आवेश आ जाता है।

इस धनात्मक आवेश के कारण यह ऋणात्मक आवेश वाले आयनों (ऋणायनों)-जैसे कि फॉस्फेट और कार्बोनेट, के साथ आयनिक बंध बना पाता है। यह प्रक्रिया कैल्शियम लवणों के निर्माण और हड्डियों के खनिजीकरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जहरों से होने वाले अलग-अलग सिस्टमिक पैथोफिजियोलॉजिकल नतीजे सेल टॉक्सिसिटी के अलग-अलग तरीकों की वजह से नहीं होते, बल्कि टारगेट किए गए टिश्यू और सेल्स की अंदरूनी शारीरिक और जैविक विशेषताओं की वजह से होते हैं। फोस्फोलायीपेज ए-2 एक ऐसा एंजाइम है, जो फॉस्फोलिपिड्स के हाइड्रोलिसिस को उत्प्रेरित करता है।

टॉक्सिन्स का अध्ययन

वाइपर सांप की किस्म के विष के मामले में, फोस्फोलायीपेज ए-2 द्वारा पैदा की गई स्थानीय विकृति अन्य विषाक्त घटकों -मुख्य रूप से जिंक-निर्भर मेटालोप्रोटीनेज, की क्रिया से और भी अधिक जटिल हो जाती है। ये घटक रक्तस्राव, फफोले और अन्य ऐसे बदलाव पैदा करते हैं, जो ऊतकों को व्यापक नुकसान पहुंचाने और ऊतकों के खराब पुनर्निर्माण के कारण होने वाले दीर्घकालिक परिणामों अर्थात सीक्वेली के लिए जिम्मेदार होते हैं। इसके अलावा, विषाक्त पदार्थों के कारण ऊतकों को होने वाला नुकसान बैक्टीरिया के संक्रमण के लिए अनुकूल परिस्थितियां पैदा करता है। यह संक्रमण स्थानीय विकृति को और भी अधिक जटिल बना देता है और अंतत: गैंग्रीन तथा ऊतकों के नष्ट होने का कारण बन सकता है, जिसके परिणामस्वरूप प्रभावित अंग को काटकर अलग करने की आवश्यकता पड़ सकती है। इन फोस्फोलायीपेज ए-2 टॉक्सिन्स के समूह का गहन अध्ययन किया जाता है, क्योंकि कई देशों में सर्पदंश से मरने वाले लोगों की बड़ी संख्या बहुत गंभीर है। टॉक्सिन्स का अध्ययन इसलिए भी किया जाता है, क्योंकि वे ऊतकों और कोशिकाओं की कार्यप्रणाली के अज्ञात पहलुओं को उजागर करने में मदद कर सकते हैं।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	77,988.68	24,196.75
गिरावट	122.56	34.55
प्रतिशत में	0.16	0.14

सोना 1,57,800 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,58,700 प्रति किलो

अमृत विचार
लखनऊ, शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com

बिजनेस ब्रीफ

डीसीएम श्रीराम ने बेची पॉलीटेक की अपनी 50 फीसदी हिस्सेदारी

नयी दिल्ली। डीसीएम श्रीराम ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह अपनी अनुषंगी कंपनी श्रीराम पॉलीटेक लिमिटेड (एसपीएल) में अपनी आधी हिस्सेदारी नीदरलैंड की कंपनी टेक्नॉर एपेक्स बी वी को 56 लाख डॉलर में बेचेगी। इससे यह इकाई एक संयुक्त उद्यम में बदल जाएगी। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि डीसीएम श्रीराम के बोर्ड ने इस सौदे को मंजूरी दे दी है, जिसके 23 अप्रैल तक पूरा होने की उम्मीद है। इस लेनदेन से एसपीएल में डीसीएम श्रीराम की हिस्सेदारी 100 प्रतिशत से घटकर 50 प्रतिशत रह जाएगी।

भारत-न्यूजीलैंड 27 को करेंगे एफटीए पर हस्ताक्षर

नई दिल्ली। भारत और न्यूजीलैंड 27 अप्रैल को मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करेंगे। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस मुक्त व्यापार समझौते का उद्देश्य घरेलू निर्यातकों के सामान को न्यूजीलैंड के बाजार में बिना किसी शुल्क के प्रवेश दिलाना है। साथ ही इससे अगले 15 साल में 20 अरब डॉलर का निवेश आएगा। दोनों देशों ने पिछले साल 22 दिसंबर को व्यापार समझौते के लिए बातचीत पूरी होने की घोषणा की थी। इसका लक्ष्य अगले पांच साल में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना कर पांच अरब डॉलर तक पहुंचाना है।

वाहनों के दाम एक लाख रुपये तक बढ़ाएगी वोल्वो

मुंबई। स्वीडन की लक्जरी कार विनिर्माता वोल्वो कार्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह भारत में अपने वाहनों की कीमतों में एक मई से एक लाख रुपये तक की बढ़ोतरी करेगी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में लगातार व्यवधान आने और विदेशी मुद्रा विनिमय दरों में उतार-चढ़ाव के चलते उसे कीमतों में यह सीमित बदलाव करना पड़ रहा है। इसके साथ ही वोल्वो कार्स इंडिया ने संकेत दिए कि वैश्विक भू-राजनीतिक और आर्थिक परिस्थितियां इसी तरह बनी रहने पर आगे भी कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है।

मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने में जुटा मैक्स

नयी दिल्ली। मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट लिमिटेड 'मेडिकल टूरिज्म' को बढ़ावा देने के लिए अपनी क्षमता विस्तार को तेज कर रहा है। कंपनी के सीएमडी अभय सोई ने कहा कि अगले तीन से चार वर्ष में कुल 10,000 'बेड' उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। कंपनी ने 2028 तक भारत के प्रमुख स्थानों पर 3,700 'बेड' जोड़ने के लिए 6,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है। इसने राष्ट्रीय राजधानी के साकेत स्थित अपने मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में 400 'बेड' का नया टावर शुरू किया है।

शेयरों में मुनाफावसूली से सेंसेक्स 123 अंक टूटा, निफ्टी 24,200 के नीचे बंद

अमेरिका-ईरान वार्ता के दूसरे दौर पर स्पष्टता का इंतजार, मिलेगी बाजार के रुख को दिशा

मुंबई, एजेंसी

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 123 अंक टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी 24,200 अंक के नीचे बंद हुआ। हाल की तेजी के बाद बैंक और वित्तीय शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरुआती बढ़त को गंवाते हुए 122.56 अंक यानी 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,988.68 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला और 78,730.32 अंक तक पहुंच गया। हालांकि, बाद में ऊंचे स्तर पर मुनाफावसूली से यह गिरावट के साथ 77,674.93 अंक के निचले स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान सेंसेक्स में 1,055.39 अंक का उतार-चढ़ाव आया। एनएसई निफ्टी भी 34.55 अंक यानी 0.14 प्रतिशत टूटकर 24,196.75 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक ऊंचे में 24,400.95 तक गया और नीचे में 24,102.80 अंक तक आया।

पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेत के बीच दोनों मानक सूचकांकों में बुधवार को एक प्रतिशत से अधिक की तेजी आई थी। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एचडीएफसी बैंक में सबसे ज्यादा 1.75 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा

बढ़त में रहे अन्य एशियाई बाजार

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजार दोपहर के कारोबार में सकारात्मक दायरे में थे। अमेरिकी बाजार बुधवार को ज्यादातर बढ़त के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.51 प्रतिशत बढ़कर 96.36 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 666.15 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। सेंसेक्स बुधवार को 1,263.67 अंक बढ़कर 78,111.24 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी 388.65 अंक बढ़कर 24,231.30 अंक पर रहा था।

गिरावट वाले शेयर

टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फाइनेंस

ये रहे लाभ में

ट्रेंट, इटर्नल, अदाणी पोर्ट्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और इन्फोसिस

एक्सपर्ट्स की राय

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू बाजार की शुरुआत सकारात्मक रही। हालांकि, उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सौदों की साप्ताहिक समाप्ति के दिन बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। निवेशकों ने हाल की बढ़त के बाद मुनाफा वसूली की। बाजार को अमेरिका-ईरान वार्ता के दूसरे दौर पर स्पष्टता का इंतजार है, जो निकट भविष्य के बाजार के रुख को दिशा देगा।

लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक हरिप्रसाद के ने कहा कि भारतीय बाजार में आज उतार-चढ़ाव देखने को मिला। पश्चिम एशिया के प्रति बाजार धारणा संवेदनशील है। क्षेत्रवार रुझान मिलाजुला रहा। धातु, आईटी और ऊर्जा शेयरों ने सूचकांक को सहारा दिया, जबकि बैंक और वाहन शेयरों पर कुछ दबाव देखने को मिला।

लगातार मांग से चांदी 1700 रुपये चढ़ी, सोना टूटा

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को चांदी की कीमत 1,700 रुपये बढ़कर 2.58 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इसकी वजह लगातार मांग और मज़बूत वैश्विक रुख था, जबकि निवेशक भू-राजनीतिक घटनाक्रम और मुद्रा के उतार-चढ़ाव पर नज़र रखे हुए थे। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी 1,700 रुपये या लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 2,58,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई, जबकि पिछली सत्र में यह 2,57,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, 99.9 प्रतिशत वाला सोना 200 रुपये टूटकर 1,57,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गया। बुधवार को, सोने की कीमत 1,58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।



एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि बृहस्पतिवार को सोने में सीमित दायरे में कारोबार हुआ, जो मिले-जुले बाजार संकेतों को दिखाता है।

वैश्विक वृद्धि में मुख्य भूमिका निभाएगा एशिया : आईएमएफ

वाशिंगटन, एजेंसी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने बृहस्पतिवार को कहा कि एशिया वैश्विक वृद्धि का मुख्य चालक बना रहेगा, जिसमें भारत और चीन क्षेत्रीय विस्तार में 70 प्रतिशत का योगदान देंगे। साथ ही संगठन ने यह भी कहा कि खाड़ी संकट के कारण ऊर्जा का झटका इस क्षेत्र को नकारात्मक रूप से प्रभावित करेगा।

आईएमएफ ने एशिया-प्रशांत क्षेत्र पर अपनी रिपोर्ट में कहा कि अमेरिकी शुल्क और व्यापारिक अनिश्चितता के चलते क्षेत्रीय वृद्धि दर के 2026 में घटकर 4.4 प्रतिशत और 2027 में 4.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह आंकड़ा 2025 में 5% था। आईएमएफ के एशिया प्रशांत विभाग के निदेशक कृष्णा श्रीनिवासन ने यहां पत्रकारों से कहा कि एशिया ने 2026 में एक मजबूत स्थिति के साथ प्रवेश किया है और अमेरिकी शुल्कों तथा बढ़ती अनिश्चितता का खामियाजा भुगतने के बावजूद क्षेत्र की वृद्धि दर जुझारू बनी हुई है। हालांकि, उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की जीवाश्म ईंधन पर उच्च निर्भरता और प्रमुख वस्तुओं के लिए संघर्ष वाले क्षेत्रों पर निर्भरता को देखते हुए, ऊर्जा का नया झटका उन्हें नकारात्मक रूप से प्रभावित करेगा। इससे मुद्रास्फीति बढ़ रही है, बाहरी संतुलन कमजोर हो रहा है और वित्तीय मोर्चे पर सख्ती बढ़ रही है।

यूपी रेरा ने लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद समेत आठ जिलों में दी स्वीकृति

1300 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित होंगी 13 परियोजनाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, गाजियाबाद, वाराणसी, गौतमबुद्ध नगर व मथुरा में 1,300.38 करोड़ के निवेश से 13 परियोजनाएं विकसित की जाएंगी। गुरुवार को उप्र विनियामक प्राधिकरण (रेरा) की 200वीं बैठक में परियोजनाओं को मंजूरी दी गई।

इनमें बिल्डरों द्वारा 1,976 आवासीय और व्यावसायिक इकाइयां निर्मित करके भूखंड, फ्लैट, विला व दुकानें आदि बिक्री किए जाएंगे। न्यू हैदराबाद स्थित रेरा मुख्यालय पर अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी की अध्यक्षता में बैठक हुई। निवेश और इकाइयों की संख्या में गाजियाबाद अग्रणी रहा। जहां 767.58 करोड़ की लागत से दो आवासीय परियोजनाओं में कुल 1,137 इकाइयां निर्मित करने को मंजूरी दी गई।

लखनऊ में सबसे अधिक 66.55 करोड़ की कुल पांच परियोजनाएं स्वीकृत की गईं। इनमें दो आवासीय, दो व्यावसायिक और एक मिश्रित उपयोग की परियोजना में 404 इकाइयां विकसित की जाएंगी।

बरेली में 16.33 करोड़ रुपये लागत की एक आवासीय परियोजना स्वीकृत की गई। इस परियोजना में 84 आवासीय इकाइयां निर्मित की जाएंगी। इसके अलावा गौतमबुद्ध नगर में 141.14 करोड़ रुपये की एक व्यावसायिक परियोजना में 21 इकाई, मथुरा में 160.93 करोड़ रुपये की एक आवासीय परियोजना में 198 इकाई, सहारनपुर में 131.49 करोड़ रुपये से एक आवासीय परियोजना में 83 इकाई विकसित की जाएंगी।

इसी तरह वाराणसी में 2.50 करोड़ रुपये से एक व्यावसायिक परियोजना में 20 इकाइयां व मुरादाबाद में 13.86 करोड़ रुपये से एक आवासीय परियोजना में 29 इकाइयां स्वीकृत की गईं।

न्यू हैदराबाद स्थित रेरा मुख्यालय पर बैठक करते अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी।

- 1,976 व्यावसायिक व आवासीय इकाई निर्मित करेंगे बिल्डर
- मुरादाबाद में 13.86 करोड़ की आवासीय परियोजना स्वीकृत

SIP: छोटे कदम, बड़ा निवेश

कारोबार डेस्क

आज के समय में निवेश की दुनिया तेजी से बदल रही है। ऐसे में SIP अर्थात सिस्टेमैटिक इंवेस्टमेंट प्लान, आम निवेशकों के बीच एक लोकप्रिय और भरोसेमंद विकल्प बनकर उभरा है। एसआईपी के जरिए आप म्यूचुअल फंड में नियमित रूप से छोटी-छोटी रकम निवेश कर सकते हैं, जिससे लंबे समय में अच्छा फंड तैयार हो सकता है। आइए समझते हैं कि क्या है एसआईपी और यह कैसे हमारे पैसे को बढ़ाता है-

क्या है एसआईपी

- SIP एक ऐसी निवेश पद्धति है जिसमें आप हर महीने (या तय अवधि पर) एक निश्चित राशि म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं। यह निवेश बाजार के उतार-चढ़ाव के हिसाब से यूनिट्स खरीदता है। जब बाजार नीचे होता है तो ज्यादा यूनिट मिलती हैं और जब ऊपर होता है तो कम—इसे रुपी कॉस्ट एवरेजिंग कहते हैं।

क्यों है SIP फायदेमंद

- **छोटे निवेश से शुरुआत :** आप 100 या 500 रुपये महीने से भी शुरू कर सकते हैं।
- **अनुशासन बनाता है :** नियमित निवेश की आदत डालता है।
- **कंपाउंडिंग का लाभ :** समय के साथ आपका पैसा तेजी से बढ़ सकता है।
- **मार्केट टाइमिंग की चिंता नहीं :** बाजार कब ऊपर या नीचे जाएगा, इसकी चिंता कम हो जाती है।

आसानी से समझें

- **क्या SIP सुरक्षित है?**
  -एसआईपी खुद में सुरक्षित या असुरक्षित नहीं है, यह उस म्यूचुअल फंड पर निर्भर करता है जिसमें आप निवेश कर रहे हैं। इक्विटी फंड में जोखिम अधिक होता है, जबकि डेट फंड अपेक्षाकृत सुरक्षित होते हैं।
- **क्या बीच में एसआईपी बंद कर सकते हैं?**
  -हाँ, एसआईपी को कभी भी रोका या बदला जा सकता है। इसमें कोई पेनाल्टी नहीं होती। हालांकि ये हर महीने जमा करते हैं लेकिन डाकघर की आरडी से अलग और लाभकारी है।
- **मार्केट गिरने पर क्या करें?**
  -अधिकांश निवेशक घबरा जाते हैं, लेकिन यही समय SIP जारी रखने का होता है क्योंकि आपको सस्ती यूनिट्स मिलती हैं।
- **सबसे जरूरी सलाह**
  -सिर्फ हाई रिटर्न देखकर फंड न चुनें। फंड का चुनाव उसके पिछले 3-5 साल का प्रदर्शन देखकर उसका विश्लेषण करने के बाद लें। बेहतर होगा किसी वित्तीय सलाहकार के माध्यम से चुनें।

निवेश से पहले ध्यान रखने योग्य बातें

- अपने लक्ष्य (जैसे बच्चों की शिक्षा, रिटायरमेंट) स्पष्ट करें।
- जोखिम सहने की क्षमता समझें।
- सही फंड का चयन करें (एक्सपर्ट की सलाह लें तो बेहतर)
- लक्ष्य प्राप्ति और बड़ा फंड एकत्र करने के लिए लंबी अवधि जैसे 5 से 10 वर्ष तक निवेश का नजरिया रखें।
- निरंतरता बनाए रखें, चाहे बाजार चढ़े या गिरावट आए।

आदर्श SIP पोर्टफोलियों

- अगर आप 500-1000 SIP शुरू कर रहे हैं :
  - 40% Flexi Cap Fund
  - 30% Large Cap Fund
  - 30% Mid/Small Cap
- इससे आपका जोखिम संतुलित रहेगा और रिटर्न की संभावना भी अच्छी होगी।

काम की बात

- SIP आम निवेशक के लिए एक आसान, लचीला और प्रभावी निवेश तरीका है। सही योजना और धैर्य के साथ यह आपके वित्तीय लक्ष्यों को हासिल करने में मजबूत सहायक बन सकता है। निवेश में जल्दबाजी नहीं, निरंतरता ही सफलता की कुंजी है। ...तो एसआईपी में निवेश कर बढ़ाएं अपना धन। ...शुभ निवेश

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम

बंगाल की समस्याओं का हल है भाजपा की डबल इंजन सरकार : योगी आदित्यनाथ

रामपुरहाट (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि पिछले 15 वर्षों में भ्रष्टाचार, जबरन वसूली और माफिया राज ने पश्चिम बंगाल को पहचान के संकट में धकेल दिया है।

योगी आदित्यनाथ ने भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में बीरभूम जिले के रामपुरहाट में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि बंगाल के लोगों को अब तृणमूल कांग्रेस की जरूरत नहीं है और मतदाताओं से आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा का समर्थन करने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि पिछले 15 वर्षों से बंगाल पहचान के संकट का सामना कर रहा है। तृणमूल कांग्रेस सरकार में आतंक, जबरन वसूली, भ्रष्टाचार और माफिया राज प्रदेश की पहचान बन गए हैं। आम लोगों, खासकर महिलाओं और युवाओं के बीच डर का माहौल उत्पन्न हो गया है। उन्होंने कहा कि लोग खौफ में जी रहे हैं। बेटियां और बहनें सुरक्षित नहीं हैं, युवाओं का कोई भविष्य नहीं है और राजनीतिक संरक्षण में माफिया पनप रहे है। भाजपा इस माफिया संस्कृति को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है।

पश्चिम बंगाल के रामपुरहाट में एक जनसभा के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

वर्ष 2017 में उत्तर प्रदेश में भाजपा के सत्ता में आने से पहले के हालात की तुलना पश्चिम बंगाल से करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि उनका राज्य भी कभी लगातार दंगों, कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति और बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का गवाह रहा था। उन्होंने कहा कि बंगाल में आज जो स्थिति दिख रही है, वह नौ साल पहले उत्तर प्रदेश में थी।

अभिषेक ने अमित शाह को दी मतगणना के दिन मौजूद रहने की चुनौती

कोलकाता, एजेंसी। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने भाजपा पर पश्चिम बंगाल चुनावों से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं को डराने-धमकाने का आरोप लगाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को मतगणना के दिन कोलकाता में मौजूद रहने की बृहस्पतिवार को चुनौती दी। पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले के भगवानपुर में एक चुनावी रैली में बनर्जी ने कहा कि अगर आपमें हिम्मत है, तो मतगणना के दिन कोलकाता में मौजूद रहें, तब हम देखेंगे। उन्होंने ममता बनर्जी के चौथी बार सत्ता में लौटने का विश्वास व्यक्त किया। मतगणना चार मई को होगी। भाजपा नेताओं से धमकियां मिलने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि हमें धमकियां मिल रही हैं। गृह मंत्री कह रहे हैं कि तृणमूल कार्यकर्ता अपने घरों से बाहर न निकलें वरना उन्हें जेल भेज दिया जाएगा। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि किसी में इतनी हिम्मत नहीं है कि वह यहां आकर बंगाल के लोगों को धमकाए।

महिला आरक्षण कानून में संशोधन और परिसीमन को जोड़ना साजिश है: बनर्जी

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि महिला आरक्षण कानून में संशोधन और परिसीमन आयोग के गठन से संबंधित विधेयकों को कथित तौर पर आपस में जोड़ना मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम हटाने और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू करने की साजिश है।

बनर्जी ने कूच बिहार जिले के माथाभंगा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयकों को जोड़कर भारत को बांटने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयकों को आपस में जोड़कर भारत को बांटने की कोशिश की जा रही है। इन विधेयकों को आपस में जोड़ना मतदाताओं के नाम हटाने और एनआरसी को लागू करने की साजिश है।

जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।

बता दें कि सरकार ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में विपक्ष के विरोध के बीच महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन और परिसीमन से संबंधित तीन विधेयकों को पेश किया। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 'संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026' और 'परिसीमन विधेयक, 2026' पेश किए, वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026' पेश किया।

बनर्जी ने कहा कि महिलाओं के लिए आरक्षण विधेयक तो बहुत पहले ही पारित हो चुका था, फिर इसके कार्यान्वयन में देरी क्यों हुई? तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ने दावा किया कि लोकसभा में उसके निर्वाचित सांसदों में से 37 प्रतिशत महिलाएं हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बुधवार को पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान कथित तौर पर कार्ड बांटने का जिक्र करते हुए, बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का कथित उल्लंघन करने के लिए उन्हें (सीतारमण) पद से हटाने की चुनौती दी।

लोगों को संबोधित करते तमिलनाडु के सीएम स्टालिन।

तमिलनाडु : स्टालिन ने जलाई परिसीमन विधेयक की प्रति, इसे बताया 'काला कानून'

चेन्नई/नामक्कल, एजेंसी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने बृहस्पतिवार को परिसीमन विधेयक की एक प्रति जलाकर उसे काला कानून करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह विधेयक तमिल लोगों को उनकी अपनी ही भूमि में शरणार्थी बनाने का प्रयास है। महिला आरक्षण संशोधन अधिनियम पर संसद के बजट सत्र की विशेष बैठक से कुछ घंटे पहले स्टालिन ने काला झंडा दिखाया, केंद्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई परिसीमन विधेयक की एक प्रति जलाई और नारे लगाए। मुख्यमंत्री चुनाव प्रचार के सिलसिले में पश्चिमी तमिलनाडु के नामक्कल में हैं और वहां उन्होंने विधेयक की प्रति जलाई। स्टालिन और काले वस्त्र पहने अन्य लोगों ने इस बीच नारे लगाए। उन्होंने 'पोराडावोम, वेलवोम ओन्द्रगा (आइए हम मिलकर संघर्ष करें, साथ मिलकर जीतें) का नारा भी लगाया। स्टालिन द्वारा विधेयक की प्रति जलाने के बाद पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों और निर्वाचित प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में विधेयक की प्रतियां जलाईं। उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान मदुरै में विधेयक की एक प्रति जलाई। उपमुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि परिसीमन केंद्र सरकार के हाथों में राज्य के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को खत्म करने का एक हथियार है।

जनसम्पर्क करते टीवीके प्रमुख विजय।

चुनाव घोषणा पत्र : टीवीके प्रमुख बोले- महिलाओं को 2500 रुपये मासिक देंगे

चेन्नई, एजेंसी। तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के प्रमुख विजय ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को अपनी पार्टी का घोषणापत्र जारी किया जिसमें महिलाओं के लिए 2,500 रुपये की मासिक सहायता और निर्धन तबके की महिलाओं की शादी के वास्ते आठ ग्राम सोना देने का वादा किया गया है। विजय ने इन महिलाओं की शादी के लिए सोने के अलावा उच्च गुणवत्ता वाली रेशम की एक साड़ी देने का भी वादा किया। उन्होंने महिलाओं द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूहों के वास्ते पांच लाख रुपये तक के ब्याज मुक्त ऋण और बच्चों को बीच में पढ़ाई छोड़ने से रोकने के लिए माताओं को प्रतिवर्ष 15 हजार रुपये देने का भी आश्वासन दिया। विजय ने पांच एकड़ से कम भूमि वाले किसानों के लिए पूर्ण सहकारी फसल ऋण माफी और धान के लिए 3,500 रुपये प्रति क्विंटल का न्यूनतम समर्थन मूल्य देने का वादा किया।

वर्ल्ड ब्रीफ

इजराइल के हमलों में चार लेबनानी राहत कर्मियों की मौत

टायरे। इजराइली सेना के बुधवार को लगातार तीन लक्षित हमलों में चार लेबनानी बचावकर्मी मारे गए और छह घायल हो गए। यह घटना नबातिएह के पास स्थित दक्षिणी गांव मयफदौन में हुई, जहां पहले हमले में घायल नागरिकों की मदद के लिए पहुंचे बचावकर्मियों को निशाना बनाया गया। दूसरे हमले में, पहले से घायल साथियों की सहायता करने पहुंचे दल को निशाना बनाया गया, जबकि तीसरा हमला उन राहतकर्मियों पर हुआ जो पहले दो समूहों की मदद के लिए पहुंचे थे। लेबनान ने इन हमलों को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया है। इस्लामिक हेल्थ कमेटी के अधिकारी अबू हैदर हया ने कहा कि राहतकर्मियों को निशाना बनाना संकेत है कि इस युद्ध में कोई सीमा रेखा नहीं बची है।

लश्कर ए तैयबा के सह संस्थापक को लाहौर में गोली मारी, घायल

लाहौर। पाकिस्तान स्थित लश्कर ए तैयबा आतंकी समूह का सह संस्थापक आमिर हमजा बृहस्पतिवार को लाहौर में मोटरसाइकिल पर सवार अज्ञात बंदूकधारियों के हमले में गोली लगने से घायल हो गया। हमजा को लश्कर ए तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद के बाद दूसरा सबसे महत्वपूर्ण नेता माना जाता है। सईद आतंकी वित्तपोषण मामलों में कई वर्षों की सजा के बाद 2019 से लाहौर की कोट लखपत जेल में बंद है। अज्ञात बंदूकधारियों ने गृह मंत्री मोहसिन नकवी के स्वामित्व वाले निजी टीवी चैनल '24 न्यूजएचडी टीवी' के वाहन पर गोलीबारी की। चैनल के धार्मिक कार्यक्रम के मेजबान न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) नजीर अहमद गाजी और हमजा वाहन में सवार थे। इस हमले में हमजा को गोली लगी जबकि गाजी बाल-बाल बच गए।

नीदरलैंड्स में जेलेंस्की को अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा

मिडलबर्ग। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को बृहस्पतिवार को एक समारोह में प्रतिष्ठित इंटरनेशनल फोर फ्रीडम अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। जेलेंस्की को यह पुरस्कार रूस द्वारा चार वर्ष से अधिक समय पहले शुरू किए गए युद्ध के जवाब में उनके और उनके देश के साहस और दृढ़ता के लिए रूजवेल्ट फाउंडेशन द्वारा प्रदान किया गया। रूजवेल्ट फाउंडेशन की स्थापना 1982 में की गई थी। फाउंडेशन के अध्यक्ष ह्यूगो डी जोंगे ने बृहस्पति को कहा, हम यूक्रेन की जनता के अटूट साहस और दृढ़ संकल्प व उनके राष्ट्रपति जेलेंस्की के दृढ़ व संकल्पित नेतृत्व को सर्वोच्च सम्मान देते हैं। नीदरलैंड्स के प्रधानमंत्री रॉब जेटेन ने जेलेंस्की को सम्मानित किया।

ईरान युद्ध : यूरोप में बढ़ा संकट, सिर्फ छह सप्ताह के लिए बचा विमान ईंधन

आईआईए ने सबसे बड़ा ऊर्जा संकट करार दिया, कहा- युद्ध जारी रहा तो रद्द होंगी उड़ानें

पेरिस, एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के प्रमुख फातिह बिरोल ने बृहस्पतिवार को आगाह किया कि यूरोप के पास संभवतः करीब छह हफ्ते का विमान ईंधन ही बचा है और यदि ईरान युद्ध के कारण तेल आपूर्ति बाधित रहती है तो जल्द ही उड़ानें रद्द करने की नौबत आ सकती हैं।

आईईए के कार्यकारी निदेशक फातिह बिरोल ने एक साक्षात्कार में पश्चिम संकट के वैश्विक प्रभावों की गंभीर स्थिति बयां करते हुए इसे अब तक का सबसे बड़ा ऊर्जा संकट करार दिया जो दरअसल होर्मुज जलडमरूमध्य के जरिए तेल, गैस एवं अन्य महत्वपूर्ण आपूर्ति के बाधित होने से पैदा हुआ है। बिरोल ने कहा, पहले डायर (भयानक) स्ट्रेट्स नाम का एक समूह था। अब यह सचमुच एक डायर स्ट्रेट बन गया है और इसका वैश्विक अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर पड़ेगा। यह जितना लंबा चलेगा, वैश्विक आर्थिक वृद्धि और महंगाई के लिए उतना ही खराब होगा। बिरोल ने कहा कि इसका प्रभाव पेट्रोल (गैसोलीन) की ऊंची कीमतें, गैस की बढ़ती कीमतें और बिजली की महंगी दरों के रूप में दिखाई देगा जबकि दुनिया के कुछ हिस्से दूसरों की तुलना में अधिक प्रभावित होंगे।

उन्होंने कहा, सबसे ज्यादा असर एशियाई देशों पर पड़ेगा जो पश्चिम एशिया से ऊर्जा पर निर्भर हैं जिनमें जापान, दक्षिण कोरिया, भारत, चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश शामिल हैं। इसके बाद इसका प्रभाव यूरोप और अमेरिका पर पड़ेगा। उन्होंने आगाह किया कि यदि होर्मुज नहीं खुलता है तो जल्द ही हम यह खबर सुन सकते हैं कि विमान ईंधन की कमी के कारण एक शहर से दूसरे शहर के लिए उड़ानें रद्द की जा सकती हैं।

अमेरिकी सीनेट में युद्ध रोकने का प्रस्ताव खारिज

वाशिंगटन। अमेरिका की सीनेट ने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई को रोकने वाले प्रस्ताव को खारिज कर दिया। इस पहल का 52 सीनेटरों ने विरोध और 47 ने समर्थन किया। यह वोट इस साल चौथी बार है जब सांसदों ने इसकी वैधता और दायरे को लेकर जताई गई चिंताओं के बावजूद औपचारिक मंजूरी के बिना यह युद्ध जारी रखने की अनुमति दी है।

अराघची ने मुनीर से कहा- गैरकानूनी युद्ध के स्थायी अंत की शर्तों को देंगे प्राथमिकता

तेहरान। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि उनके देश पर थोपे गए गैरकानूनी युद्ध के निर्णायक और स्थायी अंत की शर्तें उनकी प्राथमिकता हैं और अमेरिकी मीडिया में उसके रुख को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हम पाकिस्तान के प्रयासों के लिए आभारी हैं और हमने कभी इस्लामाबाद जाने से इन्कार नहीं किया। हमारे लिए अहम है कि हम पर थोपे गए इस गैरकानूनी युद्ध का निर्णायक और स्थायी अंत किन शर्तों पर होगा। अराघची ने बुधवार को तेहरान में पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर से मुलाकात के दौरान यह बात कही। उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे मुनीर के साथ पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय, सुरक्षा संस्थानों और तकनीकी विशेषज्ञों के प्रतिनिधि शामिल थे।

वार्ता के दूसरे दौर की तारीख अभी तय नहीं : पाकिस्तान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत के दूसरे दौर के लिए अभी कोई तारीख तय नहीं की गई है। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी का यह बयान उन खबरों के बीच आया है कि पाकिस्तानी पक्ष द्वारा ईरानी नेतृत्व सहित क्षेत्रीय नेताओं के साथ किए गए हालिया संपर्क के बाद बातचीत का एक और दौर संभव है।

चीन के बदले सुर, कहा- होर्मुज खोलना अंतरराष्ट्रीय समुदाय की साझा मांग

बीजिंग। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने ईरान से होर्मुज जलडमरूमध्य के जरिए सुरक्षित और निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने को कहा है। तेहरान के अमेरिका के साथ युद्ध के दौरान इस अहम समुद्री मार्ग पर दबाव बढ़ाने के बीच बीजिंग की ओर यह पहली अपील है। वांग यी ने बुधवार को अपने ईरानी समकक्ष अब्बास अराघची से फोन पर बातचीत के दौरान अंतरराष्ट्रीय नौवहन की स्वतंत्रता और सुरक्षा की गारंटी मांगी। वांग की यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब पाकिस्तान के फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के नेतृत्व में पाकिस्तान का एक मध्यस्थता प्रतिनिधिमंडल बुधवार को तेहरान पहुंचा, जहां उसने इस्लामाबाद में अमेरिका-ईरान के बीच दूसरे दौर की वार्ता के लिए नए शांति प्रस्तावों पर चर्चा की। ईरान का करीबी सहयोगी और उसके तेल का सबसे बड़ा आयातक चीन भी अमेरिकी नाकेबंदी से बढ़ते ऊर्जा संकट को लेकर चिंतित है। इस नाकेबंदी के कारण ईरान के बंदरगाहों से तेल और गैस ले जाने वाले जहाजों की आवाजाही प्रभावित हो रही है।

विफल हो रहा है अखिल भारतीय सेवा के निर्माण का उद्देश्य..ये देश का दुर्भाग्य

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल सरकार और निर्वाचन आयोग के बीच अविश्वास को उजागर करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को चुनाव निकाय की ओर से राज्य में 1,000 से अधिक प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के तबादलों को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने टिप्पणी की कि यह देश का दुर्भाग्य है कि अखिल भारतीय सेवाओं के निर्माण का उद्देश्य विफल हो रहा है।

हालांकि सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने इस विवादास्पद कानूनी प्रश्न को भविष्य में विचार के लिए खुला रखा कि क्या निर्वाचन आयोग को चुनाव वाले राज्यों में प्रशासनिक परिवर्तन करने से पहले संबंधित राज्य से परामर्श करने की आवश्यकता है। सीजेआई ने कहा कि पश्चिम बंगाल में एसआईआर की कवायद में न्यायालय को न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति करनी पड़ी क्योंकि पक्षों के बीच विश्वास की कमी थी। पीठ ने कहा, आयोग को राज्य सरकार के अधिकारियों पर भरोसा नहीं है और राज्य को उनके आयोग द्वारा लाए गए अधिकारियों पर भरोसा नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने 31 मार्च के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया।

पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग द्वारा अधिकारियों के तबादलों को चुनौती देने वाली जनहित याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था।सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता अर्का कुमार नाग की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कल्याण बनर्जी ने कहा कि विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद पश्चिम बंगाल में लगभग 1,100 अधिकारियों का रातोंरात तबादला कर दिया गया। पहली बार किसी राज्य के मुख्य सचिव का इस तरह से तबादला किया गया है। पीठ ने टिप्पणी की, ऐसा पहली बार नहीं हुआ है या ऐसा सिर्फ इसी राज्य में नहीं हुआ है। बनर्जी ने कहा कि निर्वाचन आयोग को इस तरह तबादलों से पहले राज्य से परामर्श करने की आवश्यकता है। सीजेआई ने पूछा, जिन अधिकारियों का तबादला हुआ है, वे सभी पश्चिम बंगाल कैडर के हैं। ऐसा नहीं है कि अन्य राज्यों के अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। बनर्जी ने कहा कि याचिकाकर्ता यह तर्क नहीं दे रहा है कि न्यायालय को अधिकारियों के तबादलों पर रोक लगानी चाहिए, बल्कि उसने इस मामले में कानून का एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया है। पीठ ने कहा, हम उचित मामले में इस पर निर्णय लेंगे। हम कानून के प्रश्न को खुला रखेंगे।

● सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल में अधिकारियों के तबादलों के खिलाफ दायर याचिका पर की टिप्पणी

मुस्लिम पर्सनल लॉ के प्रावधानों के खिलाफ याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को केंद्र से उस जनहित याचिका पर जवाब मांगा जिसमें मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट, 1937 के कुछ प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। याचिका में इन प्रावधानों को इस आधार पर चुनौती दी गई है कि ये महिलाओं के खिलाफ कथित तौर पर भेदभावपूर्ण हैं। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने याचिकाकर्ताओं पौलोमी पाविनी शुक्ला और न्याय नारी फाउंडेशन की ओर से मामले में पेश हुए वकील प्रशांत भूषण की दलीलों पर गौर किया और केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय को नोटिस जारी किया।

सैन्य संघर्ष किसी समस्या का हल नहीं हो सकता

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि दुनिया एक बेहद तनावपूर्ण स्थिति से गुजर रही है, जिससे सभी देश प्रभावित हो रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह कहते हुए यूक्रेन और पश्चिम एशिया में स्थायी शांति लाने की अपील की कि सैन्य संघर्ष से किसी भी समस्या का हल नहीं हो सकता।

मोदी ने ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर के साथ व्यापक वार्ता के बाद यह टिप्पणी की, जिसमें व्यापार, रक्षा और अवसंरचना के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया गया। अपनी वार्ता में मोदी और स्टॉकर ने पश्चिम एशिया और यूक्रेन में संघर्षों के वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ रहे प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की और उन्हें कम करने के लिए संयुक्त रूप से काम करने का संकल्प लिया। ऑस्ट्रिया के चांसलर विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से चार दिवसीय यात्रा पर मंगलवार को नयी दिल्ली पहुंचे। भारत की यह उनकी पहली आधिकारिक यात्रा है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने बयान में कहा, पूरी दुनिया बहुत ही गंभीर और तनावपूर्ण स्थिति से गुजर रही है और यह स्थिति हम सब को प्रभावित कर रही है। ऐसे तनावपूर्ण वैश्विक माहौल में भारत और ऑस्ट्रिया इस बात पर एकमत हैं कि सैन्य संघर्ष से समस्याओं का हल नहीं हो सकता। चाहे यूक्रेन हो या पश्चिम एशिया, हम एक स्थिर, टिकाऊ और स्थायी शांति का समर्थन करते हैं।

● प्रधानमंत्री मोदी ने ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर के साथ वार्ता के बाद की टिप्पणी

छह समझौतों पर दोनों पक्षों ने किए हस्ताक्षर

मोदी-स्टॉकर वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने छह समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिनमें एक समझौता भारतीय और ऑस्ट्रियाई कंपनियों को एक-दूसरे के यहां निवेश करने में सहायता के लिए एक त्वरित तंत्र स्थापित करने से संबंधित है। सैन्य क्षेत्र में सहयोग के लिए भी एक समझौता किया गया। मोदी ने स्टॉकर की यात्रा को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया और भारत में रेलवे के साथ-साथ स्वच्छ ऊर्जा पहल सहित कई इंजीनियरिंग परियोजनाओं में ऑस्ट्रियाई कंपनियों की भागीदारी का उल्लेख किया। मोदी ने कहा, भारत-यूरोपीय संघ के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता होने के बाद, भारत और यूरोपीय संघ के संबंधों में एक नया स्वर्णिम अध्याय शुरू हो गया है। चांसलर स्टॉकर की यात्रा के साथ, हम भारत-ऑस्ट्रिया संबंधों को भी एक नए युग में ले जा रहे हैं।

ट्रंप महाभियोग मामले में जांच की सिफारिश

वॉशिंगटन। अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले महाभियोग जांच से जुड़े दो पूर्व अधिकारियों के खिलाफ न्याय विभाग (डीओजे) को जांच करने का निर्देश दिया है।

गबार्ड के कार्यालय ने पुष्टि की कि उन्होंने एक व्हिसलब्लोअर और खुफिया समुदाय के एक पूर्व निगरानी अधिकारी के खिलाफ आपराधिक संदर्भ तैयार किए हैं, हालांकि किसी विशेष अपराध का उल्लेख नहीं किया गया है। गबार्ड के कार्यालय के प्रवक्ता ने कहा कि इन संदर्भों पर आपराधिक जांच शुरू करनी है या नहीं, यह निर्णय न्याय विभाग के अभियोजक लेंगे।

रूस के यूक्रेन के नागरिक क्षेत्रों में हमले, 16 लोगों की मौत

कीव, एजेंसी

रूस ने यूक्रेन के नागरिक क्षेत्रों पर कई घंटे तक सैकड़ों ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया। इस हमले में 16 लोग मारे गए और 80 से अधिक लोग घायल हो गए। लगभग दो सप्ताह में यूक्रेन को निशाना बनाकर किया गया रूस का यह सबसे बड़ा हवाई हमला था।

अधिकारियों ने बताया कि रूस ने लगभग 700 ड्रोन और कई बैलिस्टिक एवं क्रूज मिसाइलें दागीं, जिनका मुख्य निशाना आम नागरिक थे। रूस ने चार साल से अधिक समय पहले पड़ोसी देश पर आक्रमण किया था और तब से रूसी सेना लगभग हर दिन नागरिक क्षेत्रों पर हमले कर रही है। नियमित हमलों के बीच-बीच में बड़े पैमाने पर हमले भी होते रहते हैं।

संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि इन हमलों में 15,000 से अधिक यूक्रेनी नागरिक मारे गए हैं। ताजा बमबारी यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की इस सप्ताह जर्मनी, नॉर्वे और इटली की 48 घंटे की यात्रा के बाद हुई है। यात्रा के दौरान जेलेंस्की ने रूसी मिसाइलों को रोकने में सक्षम और अधिक वायु रक्षा प्रणालियों की तत्काल मांग की थी।

सुकून तलाश करने की राह में खतरे भी हैं

क्या आपकी दीवारें सब देख रही हैं

सोचिए, आप ऑफिस से थके-हारे घर लौटते हैं, दरवाजा अपने आप खुल जाता है, कॉफी मेकर मशीन गरम कॉफी तैयार रखती है और आपकी पसंद का म्यूजिक बजने लगता है। वैसे तो यह जादुई सा लगता है, लेकिन दरअसल इस आराम के पीछे एक ऐसी कीमत है जो आप अनजाने में चुका रहे हैं। आपके घर के स्मार्ट उपकरण चाहे वह स्मार्ट टीवी हो, फ्रिज हो या रोबोट वैक्यूम क्लीनर, वे सिर्फ आपकी सेवा नहीं कर रहे, बल्कि वे आपके निजी जीवन का एक लाइव डेटा मैप भी बना रहे होते हैं।

इंटरनेट ऑफ थिंग्स के इस युग में हर उपकरण इंटरनेट से जुड़ा है। इसका मतलब है कि आपके घर की हर हलचल डेटा बनकर कंपनी के सर्वर पर जा रही है।

ऐसे समझें यह सारा माजरा

- **रोबोट वैक्यूम का मैप :** रोबोट वैक्यूम क्लीनर पूरे घर का एक थ्री डी मैप बनाता है। उसे पता है कि आपका बेडरूम कितना बड़ा है और घर में कितना फर्नीचर है और आपकी लाइफस्टाइल कैसी है। यह डेटा रियल एस्टेट या फर्नीचर कंपनियों के लिए बहुत कीमती है।
- **स्मार्ट टीवी की नजर :** स्मार्ट टीवी में ऑटोमैटिक कन्टेंट रिकग्नीशन तकनीक होती है। यह न केवल यह ट्रैक करता है कि आप क्या देख रहे हैं, बल्कि टीवी में लगे सेंसर और माइक यह भी जान सकते हैं कि कमरे में कितने लोग बैठे हैं।
- **स्मार्ट फ्रिज और सेहत :** आपका स्मार्ट फ्रिज जानता है कि आप कब दूध खत्म करते हैं और कब शराब या कोल्ड ड्रिंक पीते हैं। यह डेटा आपकी डाइट और स्वास्थ्य की पूरी जानकारी इंश्योरेंस कंपनियों को दे सकता है।

फैक्ट

क्या आप जानते हैं कि एक अंतरराष्ट्रीय रिसर्च में पाया गया कि एक औसत स्मार्ट घर दिन भर में लगभग 50 से 100 एमबी डेटा बाहरी सर्वर पर भेजता है। अमेरिका में एक मर्डर केस के दौरान पुलिस ने स्मार्ट वॉटर मीटर के डेटा का इस्तेमाल यह साबित करने के लिए किया था कि आरोपी ने अपराध के वक्त खून साफ करने के लिए बहुत ज्यादा पानी का इस्तेमाल किया था। आपके घर के उपकरण आपके सबसे वफादार गवाह या मुखबिर बन सकते हैं।

क्या करते हैं वीवीआईपी

कई राष्ट्राध्यक्ष और वीवीआईपी मॉडिफाई किए फोन का उपयोग करते हैं जिसमें से कैमरा या जीपीएस जैसे हार्डवेयर हटा दिए जाते हैं। ऐसे कंप्यूटरों का उपयोग किया जाता है जो कभी इंटरनेट से नहीं जुड़ते। इसे एयर गैपिंग कहा जाता हैं।

ये जरूरी बातें भी रखें ध्यान

- **डार्क लिसनिंग और स्मार्ट बल्ब**
  क्या आप जानते हैं कि कुछ स्मार्ट बल्ब आपके कमरे की आवाजों के साथ सिंक होते हैं। यानी उनके पास माइक न भी हो तो भी वे बिजली खपत में होने वाले बदलावों से घर के अंदर की हलचल का अंदाजा लगा सकते हैं।
- **घर की प्राइवेसी का लीक होना**
  स्मार्ट सिक्योरिटी कैमरे सबसे खतरनाक हो सकते हैं। अगर इन कैमरों का पासवर्ड कमजोर है या उनकी कंपनी का सर्वर हैक होता है तो कोई अनजान व्यक्ति आपके बेडरूम के अंदर की लाइव फीड देख सकता है।
- **बिजली के मीटर की जासूसी**
  स्मार्ट मीटर बता सकते हैं कि आपने रात को किस वक्त लाइट बंद की, सुबह कितने बजे उठे और कौन से उपकरण जैसे एसी या हीटर का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। यह आपके रूटीन का सटीक ग्राफ है।

एक्सपर्ट टिप्स

- **कैमरों पर फिजिकल कवर :** अगर आपके स्मार्ट टीवी या लैपटॉप में कैमरा है तो उस पर एक छोटा सा स्टिकर या स्लाइडर लगा दें। सॉफ़्टवेयर पर भरोसा करने से बेहतर है भौतिक सुरक्षा।
- **अलग वाई-फाई नेटवर्क :** स्मार्ट उपकरणों के लिए अलग वाई-फाई नेटवर्क बनाएं। इससे कोई हैकर आपका स्मार्ट बल्ब हैक करेगा तो आपके मुख्य कंप्यूटर या फोन तक नहीं पहुंच पाएगा।
- **म्यूट बटन का प्रयोग :** स्मार्ट स्पीकर्स जैसे एलेक्सा या गूगल होम में फिजिकल म्यूट बटन होता है। जब कोई निजी बात कर रहे हों तो उसे मैन्युअली बंद कर दें।
- **अपडेट्स हैं जरूरी :** अपने हर स्मार्ट उपकरण के फर्मवेयर को समय-समय पर अपडेट करते रहें। पुराने सॉफ़्टवेयर में हैकिंग का खतरा सबसे ज्यादा होता है।

मेलोनी को साहसी समझा था मगर गलत साबित हुआ

मिलान/साओ पाओलो। पोप लियो 14वें का समर्थन करने के कारण इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी भी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निशाने पर आ गई हैं। मेलोनी को कभी यूरोप और डोनाल्ड ट्रंप के बीच सेतु माना जाता था। वहीं, ब्राजील के राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला डी सिल्वा ने भी पोप की आलोचना करने के लिए ट्रंप पर निशाना साधा है।

पोप लियो आलोचना करने के बाद ट्रंप ने अपना गुस्सा मेलोनी पर निकाला जो लंबे समय से उनके सबसे करीबी यूरोपीय सहयोगियों में से एक रही हैं। मेलोनी ने पोप पर इस तीखे हमले को अस्वीकार्य बताया था और ईरान पर अमेरिका-इजराइल युद्ध का समर्थन करने से इन्कार कर दिया था। ट्रंप ने इटली के एक प्रमुख दैनिक अखबार को दिए साक्षात्कार में कहा, मुझे लगा था कि उनमें साहस है, लेकिन मैं गलत था। हालांकि मेलोनी ने ट्रंप के हमलों का सीधे तौर पर जवाब नहीं दिया है। बुधवार को ट्रंप ने अपने रुख पर जोर देते हुए कहा कि उनके बीच संबंध खराब हो गए हैं। 'फॉक्स न्यूज' से बात करते हुए ट्रंप ने कहा, उनका (मेलोनी का) रवैया नकारात्मक रहा है। जिसने भी ईरान के मामले में हमारी मदद करने से इनकार किया है, उनके साथ हमारे संबंध पहले जैसे नहीं रहे।

इस सप्ताह मेलोनी ने पोप पर ट्रंप के हमले को अस्वीकार्य बताया था जो अमेरिकी राष्ट्रपति की अब तक की सबसे सीधी आलोचना थी।



● पोप लियो का समर्थन करने पर इटली की प्रधानमंत्री पर भड़के अमेरिकी राष्ट्रपति

कैसा रहेगा आपका आज का दिन

मेष – आज कार्यक्षेत्र में नकारात्मक परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक खर्चों पर नियन्त्रण रखें।

वृष – आज आपके ऊपर मानसिक दबाव बढ़ सकता है। सिरदर्द की समस्या हो सकती है। माइग्रेन के रोगियों को भोजन और नींद का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

मिथुन – आज आय के नए स्रोत बनेंगे, लेकिन आपके खर्च भी बढ़ेंगे। व्यापार को लेकर बड़ी डील हो सकती है।

कर्क – आज धन की कमी से रुके कार्य प्रारंभ हो सकते हैं। आपको व्यापार में बड़े अवसर मिल सकते हैं। अपनी पुरानी गलतियों का विश्लेषण करेंगे।

सिंह – आज परिजनों का पर्याप्त सहयोग नहीं मिलेगा। कानूनी मामलों में उलझ सकते हैं। बच्चों की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है।

कन्या – आज नई तकनीक के प्रति अत्यंत आकर्षित रहेंगे। घर में आपका मन नहीं लगेगा। तीर्थस्थल की यात्रा हो सकती है। हिसाब-किताब में पारदर्शिता रखें।

तुला – आज आपकी आय में वृद्धि होगी। बच्चे काफी अनुशासित रहेंगे। रिश्तेदारों के घर जाने का अवसर मिलेगा।

वृश्चिक – आज विरोधी आपके प्रति सक्रिय रहेंगे। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। परीक्षा परिणाम आपके पक्ष में होने की सम्भावना है।

धनु – आज आपकी दिनचर्या अत्यन्त व्यवस्थित रहेगी। पारिवारिक तनाव दूर होगा। मन में अज्ञात कारणों से चिन्ता रहेगी।

मकर – आज नए प्रेम संबंध विकसित हो सकते हैं। संतान की उन्नति से आप अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे। पूर्व में किया गया निवेश लाभप्रद सिद्ध होगा।

कुंभ – आज राजनीति से जुड़े लोगों को सावधान होकर वक्तव्य देना चाहिये। कार्यक्षेत्र का वातावरण आपके अनुकूल रहेगा।

मीन – आज अटके हुए काम दोबारा शुरू होंगे। वाहन चलाते समय नियमों का पालन करें। शारीरिक पीड़ा हो सकती है।

आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com



आज की ग्रह स्थिति : 17 अप्रैल, शुक्रवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष- कृष्ण पक्ष, अमावस्या 17 .21 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

दिशाशूल-पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-रेवती 12.02 तक तत्पश्चात अश्विनी।

सुडोकू - 121 का हल

1	3	8	7	2	5	4	6	9
5	6	7	1	4	9	3	8	2
2	9	4	8	3	6	7	1	5
6	2	5	4	7	8	9	3	1
7	1	9	5	6	3	8	2	4
4	8	3	9	1	2	5	7	6
8	7	1	2	9	4	6	5	3
3	4	2	6	5	7	1	9	8
9	5	6	3	8	1	2	4	7

सुडोकू -122

9	4			5				
	1				9			
		5						9
				6	4			
	8						2	
2			3	1		6		
5				4			9	
			7				1	
	6			9	2		8	4

भारत ने जारी की रिपोर्ट

विश्व भर में अब तक के सर्वाधिक रॉकेट प्रक्षेपित किए गए पिछले साल

अंतरिक्ष में मानवीय प्रभुत्व बढ़ाने वाला साल रहा 2025

चेन्नई, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष स्थिति जागरूकता रिपोर्ट (इसार-2025) के अनुसार वर्ष 2025 में विश्व भर में अब तक के सबसे अधिक रॉकेट प्रक्षेपित किए गए। इस रिपोर्ट को इसरो के अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ. वी. नारायणन ने कुछ दिन पहले बेंगलुरु में आयोजित ''स्पेसक्राफ्ट मिशन ऑपरेशंस'' (स्मॉप्स-2026) के उद्घाटन सत्र के दौरान जारी किया था। रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2025 में कुल 328 रॉकेट प्रक्षेपित किए गए जिनमें से 315 सफल रहे। इन मिशनों के जरिए 4,198 उपग्रहों को उनकी कक्षाओं में स्थापित किया गया।

इस वर्ष अंतरिक्ष में मानव निर्मित वस्तुओं की संख्या में भी भारी बढ़ोतरी हुई और कुल 4,651 नई वस्तुएं अंतरिक्ष में भेजी गईं। इसरो ने बताया कि पिछले वर्षों की तुलना में यह एक बड़ी वृद्धि है, क्योंकि 2024 में 254 प्रक्षेपणों के माध्यम से 2,963 वस्तुएं और 2023 में 212 प्रक्षेपणों के माध्यम से 3,135 वस्तुएं अंतरिक्ष में भेजी गई थीं। भारत की तरफ से 2025 के अंत तक निजी संचालकों और शैक्षणिक संस्थानों सहित कुल 144 अंतरिक्ष यान प्रक्षेपित किए गए। वर्तमान में भारत के पास निचली कक्षा (एलईओ) में 22 और भू-स्थैतिक कक्षा (जीईओ) में 31 सक्रिय उपग्रह हैं। वहीं, एनवीएस-02 उपग्रह एक अंडाकार कक्षा में अपना काम कर रहा है। इसके अलावा, भारत के दो दूरस्थ अंतरिक्ष मिशन चंद्रयान-2 और आदित्य-एल1 भी पूरी तरह सक्रिय हैं। साल 2025 की एक खास घटना चंद्रयान-3 के प्रोपल्शन मॉड्यूल का चंद्रमा के पास से गुजरना रहा। यह मॉड्यूल नवंबर 2023 में पृथ्वी की ऊंची कक्षा में भेजा गया था, जिसने नवंबर 2025 में चंद्रमा के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र में फिर से प्रवेश किया।

कचरामुक्त रखें अंतरिक्ष को

रिपोर्ट में अंतरिक्ष को साफ रखने के प्रयासों पर भी जोर दिया गया है। इसरो ने 2030 तक मलबे मुक्त अंतरिक्ष मिशन का लक्ष्य रखा है। इसके तहत अब उपग्रहों के डिजाइन और संचालन में ऐसे बदलाव किए जा रहे हैं जिससे मिशन खत्म होने के बाद वे अंतरिक्ष में कचरा न बनें।

ऋषभ पंत अपनी विकेट खुद ही गंवा रहे हैं जबकि वह इसके लिए गेंदबाजों को मेहनत नहीं करवा रहे और और इसी वजह से मौजूदा आईपीएल सत्र में लखनऊ सुपर जाएंट्स की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।
–नवजोत सिंह सिद्धू

स्टेडियम

लखनऊ, शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

IPL 2026

आज के मुकाबले

गुजरात टाइटंस
बनाम
कोलकाता नाइट राइडर्स

समय - शाम 7:30 बजे

ऑरेंज कैप

- विराट कोहली बेंगलुरु–228 रन
- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद–224 रन
- रजत पाटीदार बेंगलुरु–222 रन

पर्पल कैप

- प्रसिद्ध कृष्णा गुजरात – 10 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई – 10 विकेट
- प्रिंस यादव लखनऊ– 9 विकेट

हाईलाइट

फ्रेंच ओपन की इनामी राशि में इजाफा

पेरिस। फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट की इनामी राशि में लगभग 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है जिससे कुल इनामी राशि छह करोड़ 17 लाख यूरो (सात करोड़ 21 लाख डॉलर) हो गई है। यह कुल राशि पिछले साल के मुकाबले 53 लाख यूरो अधिक है। प्रतियोगिता 24 मई को पश्चिमी पेरिस के रोलां गैरो में शुरू होगी। पुरुष और महिला एकल चैंपियन को 28 लाख यूरो और उप विजेता को 14 लाख यूरो मिलेंगे। सेमीफाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ियों को सात लाख 50 हजार यूरो और पहले दौरे में हारने वाले खिलाड़ियों को 87 हजार यूरो मिलेंगे। पुरुष और महिला युगल के विजेताओं को छह लाख यूरो और मिश्रित युगल की चैंपियन जोड़ी को एक लाख 22 हजार यूरो मिलेंगे।

खलील चोट के कारण आईपीएल से बाहर

नई दिल्ली। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तेज गेंदबाज खलील अहमद कूल्हे में चोट के कारण आईपीएल से बाहर हो गए हैं, जो अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश में जुटी इस फ्रेंचाइजी टीम के लिए करारा झटका है। खलील ने सीएसके की तरफ से अभी तक सभी पांच मैच में हिस्सा लिया है। उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 14 अप्रैल को खेले गए मैच के दौरान अपने दाहिने कूल्हे में दर्द की शिकायत की थी।

एशियाई खेलों के पदक पर बरवाल की नजरें

नई दिल्ली। हाल में भारतीय एथलेटिक्स का सबसे पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने के बाद मैराथन धावक सावन बरवाल का लक्ष्य एशियाई खेलों में देश के लिए 1982 के बाद इस दूरी का पहला पदक जीतना है। मैराथन में भारत का आखिरी एशियाई खेल पदक होसुर कुक्कप्पा सीतारण ने 1982 में नयी दिल्ली में जीता था। उससे पहले छोटा सिंह ने राष्ट्रीय राजधानी में हुए शुरूआती 1951 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था।

क्विंटन डिकॉक के शतक से मुंबई ने पंजाब को दिया 196 रनों का लक्ष्य

आईपीएल-2026 : शुरुआती झटकों से उबारा, नमन संग शतकीय भागीदारी

रन लेते मुंबई इंडियंस के क्विंटन डिकॉक (बाएं) और नमन धीर। एजेंसी

मुंबई, एजेंसी

सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक के तेजतर्रार शतक और नमन धीर के साथ उनकी शतकीय साझेदारी से मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग में बृहस्पतिवार को यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ छह विकेट पर 195 रन बनाए।

मौजूदा सत्र में अपना पहला मैच खेल रहे डिकॉक ने 60 गेंद में सात छक्कों और आठ चौकों से नाबाद 112 रन की पारी खेलने के अलावा नमन धीर (50 रन, 31 गेंद, तीन चौके, तीन छक्के) के साथ तीसरे विकेट के लिए उस समय 122 रन की साझेदारी की जब टीम तीसरे ओवर में 12 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। पंजाब की ओर से अर्शदीप सिंह सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 22 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। अर्शदीप ने उनके फैसले को सही साबित करते हुए तीसरे ओवर में रेयान रिकेल्टन (02) और कप्तान सूर्यकुमार यादव (00) को लगातार गेंदों पर पवेलियन भेजा।

रिकेल्टन ने अर्शदीप की गेंद को बाउंड्री पर शशांक सिंह के हाथों में खेला और इस तेज गेंदबाज का 100वां आईपीएल शिकार बने। अगली गेंद पर सूर्यकुमार भी शॉर्ट थर्ड मैन पर युजवेंद्र चहल के हाथों लपके गए। डिकॉक ने मौजूदा टूर्नामेंट की अपनी पहली गेंद पर मार्को यानसेन (30 रन पर एक विकेट) पर छक्का जड़ा जबकि नमन ने जेवियर बार्टलेट पर चौका मारा। नमन हालांकि 10 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब युजवेंद्र चहल ने यानसेन की गेंद पर शॉर्ट फाइन लेग पर उनका आसान कैच टपका दिया।

नमन ने विजयकुमार वैशाक का स्वागत दो चौकों और एक छक्के के साथ किया और पावर प्ले में मुंबई का स्कोर दो विकेट पर 48 रन तक पहुंचाया। नमन और डिकॉक ने अगले ओवर में चहल पर छक्के मारे। डिकॉक ने चहल पर छक्के और एक रन के साथ 28 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। डिकॉक ने बार्टलेट की लगातार गेंदों पर चौके और छक्के के साथ 11वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया। नमन ने भी शशांक (19 रन पर एक विकेट) की गेंद पर एक रन के साथ 29 गेंद में अर्धशतक पूरा किया लेकिन इस तेज गेंदबाज की अगली गेंद को लॉन्ग ऑफ पर बार्टलेट के हाथों में खेल गए।

डिकॉक ने बार्टलेट पर चौके के साथ 53 गेंद में अपना तीसरा आईपीएल शतक पूरा किया। कप्तान हार्दिक पंड्या (14) ने यानसेन पर छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर शानदार कैच का शिकार बने। उन्होंने अगली गेंद को भी सीधा खेला जो छह रन के लिए जा रही थी लेकिन अय्यर ने गेंद को लपका और बाउंड्री से बाहर जाने से पहले बार्टलेट की ओर उछाल दिया जिन्होंने कैच पकड़ा।

मुंबई इंडियंस

195/6 (20 ओवर)

रेयान रिकेल्टन का शशांक बो अर्शदीप	02
क्विंटन डिकॉक नाबाद	112
सूर्यकुमार यादव का चहल बो अर्शदीप	00
नमन धीर का बार्टलेट बो शशांक	50
हार्दिक पंड्या का बार्टलेट बो यानसेन	14
शेरफेन रदरफोर्ड बो अर्शदीप	01
तिलक वर्मा रन आउट	08
मयंक रावत नाबाद	00

अतिरिक्त : 08, **विकेट पतन :** 1–12, 2–12, 3–134, 4–175, 5–185, 6–193

गेंदबाजी : अर्शदीप 4–0–22–3, यानसेन 4–0–30–1, बार्टलेट 4–0–39–0, वैशाक 3–0–36–0, चहल 3–0–45–0, शशांक 2–0–19–1

अर्शदीप सिंह। एजेंसी

अंक तालिका

	टीम	मैच	जीते	हारे	रद्द	अंक	नेट रन रेट
1.	रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	5	4	1	0	8	1.503
2.	राजस्थान रॉयल्स	5	4	1	0	8	0.889
3.	पंजाब किंग्स	4	3	0	1	7	0.720
4.	सनराइज़र्स हैदराबाद	5	2	3	0	4	0.576
5.	दिल्ली कैपिटल्स	4	2	2	0	4	0.322
6.	गुजरात टाइटंस	4	2	2	0	4	–0.029
7.	लखनऊ सुपर जाइटंस	5	2	3	0	4	–0.804
8.	चेन्नई सुपर किंग्स	5	2	3	0	4	–0.846
9.	मुंबई इंडियंस	4	1	3	0	2	–0.772
10.	कोलकाता नाइट राइडर्स	5	0	4	1	1	–1.383

टी-20 प्रारूप में एक ही तरह से गेंदबाजी करके प्रासंगिक नहीं रह सकते : एंगिडी

नई दिल्ली। टी20 विश्व कप में बड़े–बड़े बल्लेबाजों को परेशान करने वाली लुंगी एंगिडी की नीचे की ओर गिरती हुई धीमी गेंद (डिपिंग स्लोअर बॉल) इंडियन प्रीमियर लीग में भी बल्लेबाजों के लिए उतनी ही घातक बनी हुई है। एनगिडी ने 2018 में चेन्नई सुपरकिंग्स में ड्वेन ब्रावो के कहने पर अपनी धीमी गेंदों पर काम करना शुरू किया था और खेल के इस सबसे छोटे प्रारूप में इस अहम कला में महारत हासिल करने में उन्हें थोड़ा समय लगा। दक्षिण अफ्रीका और दिल्ली कैपिटल्स के इस तेज गेंदबाज को हैरानी है कि अब सभी उनकी गेंदबाजी विविधताओं के बारे में बात कर रहे हैं जबकि ये वर्षों से उनके खेल का हिस्सा रही हैं। बृहस्पतिवार को चुनिंदा संवाददाताओं से बात करते हुए एनगिडी ने अपनी हाल की सबसे असरदार गेंद के बारे में बात की। एक धीमी गेंद जो बल्लेबाज के पास पहुंचते–पहुंचते नीचे की ओर गिरने लगती है। यह धीमी यॉर्कर, लेंथ गेंद या धीमी बाउंसर हो सकती है। दक्षिण अफ्रीका के इस तेज गेंदबाज ने टी20 विश्व कप के दौरान कहा था यह एक ही गेंद के साथ तीन अलग–अलग लेंथ हैं और बल्लेबाज को यह अंदाजा लगाना होता है कि अगली गेंद कौन सी आने वाली है। बृहस्पतिवार को इस तेज गेंदबाजी से उनकी विविधताओं और टी20 प्रारूप में बल्लेबाजों से आगे रहने में वह कैसे कामयाब रहे इस बारे में कई सवाल पूछे गए। एनगिडी ने उन सभी का जवाब बहुत ही आसान शब्दों में दिया। एनगिडी ने कहा ऐसा लगता है कि हर कोई हैरान है लेकिन मैं तो वर्षों से धीमी गेंदें डाल रहा हूं। शायद मैं अब उन्हें थोड़ी अधिक फ्लाइट दे रहा हूं। मैं आईपीएल से जुड़े ट्रेंड पर नजर रख रहा हूं। हर कोई तेज गेंदबाजी करना चाहता है। उन्होंने कहा इन जैसी बल्लेबाजी के लिए मददगार पिचों पर आपको कुछ अलग करना पड़ता है। यही एकमात्र तरीका है जिससे आप प्रासंगिक बने रह सकते हैं। बहुत से लोग मेरे से इसके बारे (डिपिंग स्लोअर बॉल के बारे में) पूछते हैं। उन्हें लगता है कि यह आसान है। एनगिडी ने कहा इस गेंद को सही तरीके से डालने में मुझे लगभग एक साल का समय लगा। यह मेरे मुख्य हथियारों में से एक है।

तेज गेंदबाजी आक्रमण ने आरसीबी को बना दिया खतरनाक टीम

बेंगलुरु, एजेंसी

जोश हेजलवुड

भुवनेश्वर कुमार



रसिक सलाम

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में अपने घरेलू मैदान पर लगातार तीन मैच जीतकर इतिहास रच दिया है और इसमें उसके तेज गेंदबाजों की भूमिका अहम रही।

चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी के गेंदबाजों ने सनराइजर्स हैदराबाद, चेन्नई सुपर किंग्स (सीएके) और लखनऊ सुपर जाएंट्स जैसी टीमों पर हावी रहकर अपनी टीम को जीत दिलाई।

बदलाव का पहला संकेत 28 मार्च को मिला जब जैकब डफी ने तीन विकेट लेकर सनराइजर्स के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया। जोश हेज़लवुड की शुरुआती मैचों में अनुपस्थिति में उन्होंने अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई। हैदराबाद के खिलाफ मैच के बाद डफी ने कहा था मैं तो बस उस दिग्गज खिलाड़ी की जगह संभाल रहा हूं। जोश ने पिछले साल यहां बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था, इसलिए उसने जो अच्छा किया था, उसे मैं आगे बढ़ाने की कोशिश करूं।

हेजलवुड ने वापसी करने के बाद अपना जलवा दिखाया और लखनऊ की टीम के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए चार ओवर में 21 रन देकर एक विकेट लिया। इसके लिए उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। आरसीबी के विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा ने मैच के बाद संवाददाताओं से हेजलवुड के बारे में कहा मुझे लगता है कि वह पहले से ज्यादा चुस्त-दुरुस्त दिख रहे हैं। चोट के बाद उन्हें काफी आराम मिला है। इसलिए वह पहले से ज्यादा तेज और फिट हो गए हैं और अब उन्हें अपने शरीर पर पूरा भरोसा है। यह उनकी गेंदबाजी में दिख रहा है। आरसीबी के पास भुवनेश्वर कुमार के रूप में एक नया अन्य उपयोगी तेज गेंदबाज है जिन्होंने हेज़लवुड का साथ देते हुए तीन विकेट लिए। वह अपनी धीमी बाउंसर, यॉर्कर और कम गति वाली गेंद करके बल्लेबाजों को परेशान कर रहे हैं। यही नहीं आरसीबी को रसिक सलाम के रूप में एक उपयोगी तेज गेंदबाज मिला है जिन्होंने पिछले मैच में चार विकेट लिए। अपने इस तेज गेंदबाजी आक्रमण के कारण आरसीबी किसी भी मैदान पर जीत हासिल करने में सक्षम है।

पहली जीत के लिए बेताब केकेआर

- घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करना चाहेगा गुजरात टाइटन्स

अहमदाबाद, एजेंसी

लगातार खराब प्रदर्शन के कारण दबाव में चल रही कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार फॉर्म में चल रही गुजरात टाइटन्स के खिलाफ अपनी लय में लौटकर पहली जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। कप्तान अजिंक्य रहाणे और कोच अभिषेक नायर के नेतृत्व में केकेआर की स्पष्ट रणनीति नजर नहीं आ रही है। उसे अब तक पांच मैच में से चार मैच में हार का सामना करना पड़ा है।

हर्षित राणा और आकाश दीप के चोटिल होने तथा भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश पर मुस्तफिजुर रहमान को टीम से बाहर किए जाने के बाद टूर्नामेंट से पहले उसकी गेंदबाजी काफी कमजोर हो गई थी। उसके लिए हालांकि सबसे बड़ी चिंता सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती जैसे स्पिन गेंदबाजों की खराब फॉर्म है। चक्रवर्ती इस टूर्नामेंट में अभी तक एक भी विकेट नहीं ले पाए हैं। केकेआर की समस्याएं मैदान के अंदर और बाहर के कुछ फैसलों के कारण बढ़ गई हैं। टिम सीफर्ट और रचिन रविंद्र जैसे खिलाड़ियों को टीम से बाहर रखने पर सवाल उठ रहे हैं, जबकि टॉस जीतने के बाद उनके फैसले भी समझ से परे हैं। पंजाब के खिलाफ बारिश के कारण रद्द कर दिए गए मैच में रहाणे ने बल्लेबाजी का फैसला करके सभी को चौंका दिया।

अभ्यास सत्र के दौरान केकेआर के उपकप्तान रिंकू सिंह (दाएं से दूसरे), अंगकृष रघुवंशी (दाएं से तीसरे), वैभव अरोड़ा (बाएं से तीसरे) और अन्य। एजेंसी

घरेलू मैदान पर जीत हासिल नहीं कर पाया गुजरात

गुजरात टाइटन्स की टीम भी अभी तक अपने घरेलू मैदान पर जीत हासिल नहीं कर पाई है। उसे अभी तक यहां खेले गए एकमात्र मैच में राजस्थान रॉयल्स से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन इसके बाद उसने विरोधी टीम के मैदानों पर दो जीत हासिल की। उसकी गेंदबाजी मजबूत नजर आ रही है जिसमें प्रसिद्ध कृष्णा अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और राशिद खान ने अपनी लय वापस हासिल कर ली है। शुभमन गिल और जोस बटलर जैसे बल्लेबाजों के फॉर्म में आने से गुजरात टाइटन्स मजबूत नजर आ रही है।

दिशाहीन नजर आ रही कोलकाता टीम

केकेआर दिशाहीन टीम नजर आ रही है। अभी तक सारा ध्यान कैमरन ग्रीन पर रहा है जिन्हें आंद्रे रसेल की जगह भरने के लिए रिकॉर्ड 25 .20 करोड़ रुपये में खरीदा गया था। ऑस्ट्रेलिया का यह ऑलराउंडर उस कीमत को सही ठहराने के लिए संघर्ष कर रहा है, लेकिन वह पांच पारियों में केवल 56 रन ही बना पाए हैं और गेंदबाजी में भी खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं। केकेआर के बल्लेबाजी क्रम में भी स्पष्टता नजर नहीं आती। पिछले मैच में सुनील नारायण को पारी की शुरुआत करने के लिए भेजा गया जबकि रहाणे तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे लेकिन यह दोनों ही बदलाव कारगर साबित नहीं हुए। मनीष पांडे, राहुल त्रिपाठी और सार्थक रंजन जैसे बल्लेबाजों को मौका नहीं मिला है। केकेआर को जीत हासिल करने के लिए रणनीति को बदलना होगा और तीनों विभाग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

सफलता

वह यह खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं

वैशाली ने फिडे महिला कैंडिडेट्स जीतकर रचा इतिहास

साइप्रस/ नयी दिल्ली, एजेंसी

भारतीय महिला शतरंज खिलाड़ी आर वैशाली ने फिडे विमेंस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया। वह यह खिताब को जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं। केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने इस उपलब्धि पर वैशाली को बधाई दी।

बुधवार को 14 राउंड के इस मुकाबले में आखिरी राउंड में कतेरीना लाग्नो को हराकर वैशाली ने खिताब अपने नाम किया। इस खिताबी जीत के साथ ही उन्होंने इस साल के आखिर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप का टिकट मिल गया है, जहां उनका सामना चीन की जू वेनजुन से होगा। केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए आर वैशाली को बधाई दी है। डॉ. मांडविया ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा भारत की नारी शक्ति हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। फिडे महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय बनकर इतिहास रचने पर आर वैशाली को बधाई। पूरे भारत को आप पर गर्व है।

वर्ष 2023 में तीसरी भारतीय महिला ग्रैंडमास्टर बनकर किया था कमाल

वैशाली दिसंबर 2023 में कोनेरू हम्पी और डी हरिका के बाद तीसरी भारतीय महिला ग्रैंडमास्टर बनीं। इसके बाद वह गुपचुप अपने खेल को आगे बढ़ाती रहीं। उन्होंने आयु वर्ग के कई खिताब जीते और 2021 में अंतर्राष्ट्रीय मास्टर का खिताब हासिल किया। इसके बाद 2022 में चेन्नई के मल्लापुरम में शतरंज ओलंपियाड में उन्होंने व्यक्तिगत कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उन्होंने टीम को भी कांस्य पदक दिलाने में मदद की। कैंडिडेट्स प्रतियोगिता में भी उन्होंने अपना शांत आत्मविश्वास बनाए रखा। उन्हें इस प्रतियोगिता में कमजोर खिलाड़ी माना जा रहा था लेकिन उन्होंने केवल अपने खेल पर ध्यान केंद्रित किया और सभी धारणाओं को गलत साबित कर दिया। नॉर्वे की शतरंज चैंपियन अन्ना मुज़िचुक, महिला विश्व रैपिड चैंपियन एलेक्जेंड्रा गोरियाचकिना, विश्व ब्लिट्ज चैंपियन बिबिसारा असाउबायेवा और चीन की दो सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी झू जिनर और पूर्व कैंडिडेट्स विजेता टैन झोंगयी जैसी दिग्गज खिलाड़ियों की मौजूदगी में उन्हें जीत का प्रबल दावेदार नहीं माना जा रहा था।

मां की उपस्थिति ही सबसे बड़ी ताकत

नई दिल्ली। अपने शांत स्वभाव लेकिन मजबूत आत्मविश्वास वाली कैंडिडेट्स प्रतियोगिता की विजेता आर वैशाली अक्सर अपनी मां के साथ देखी जाती हैं और विश्व चैंपियनशिप में भाग लेने से पहले यही उनकी ताकत हैं। वह एक ऐसी भारतीय खिलाड़ी हैं जो अपने खेल को ही अपनी पहचान बनने देती हैं। वैशाली के लिए जो चीज सबसे महत्वपूर्ण है वह है उनके घर का माहौल। वह एक ऐसे परिवार से हैं जो पूरी तरह से शतरंज के प्रति समर्पित है और जिसने बिना किसी दिखावे के महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। साइप्रस के पाफोस में खेले गए कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में आठ महिला खिलाड़ियों में सबसे कम रेटिंग वाली खिलाड़ी वैशाली ने अपने शांत खेल और आत्मविश्वास से ही जीत हासिल करके अपनी काबिलियत साबित कर दी।

मेसी पर अनुबंध के उल्लंघन का आरोप

मियामी। स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी पर मियामी स्थित एक 'इवेंट प्रमोटर' ने मुकदमा दायर किया है, जिसका कहना है कि इस दिग्गज खिलाड़ी ने पिछले साल एक प्रदर्शनी मैच में अनुपस्थित रहकर 70 लाख डॉलर के अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन किया है।

अदालती रिकॉर्ड के अनुसार विड म्यूजिक ग्रुप ने पिछले महीने मियामी-डेड सर्किट कोर्ट में मेसी और अर्जेंटीना फुटबॉल संघ (एएफए) के खिलाफ धोखाधड़ी और अनुबंध के उल्लंघन का मुकदमा दायर किया था। मेसी और एएफए ने इस संबंध में टिप्पणी के लिए भेजे गए सवालों का तुरंत कोई जवाब नहीं दिया। मेसी को महानतम फुटबॉल खिलाड़ियों में से एक माना जाता है। वह मेजर लीग सॉकर क्लब इंटर मियामी व अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम दोनों के लिए खेलते हैं।

बायर्न म्यूनिख चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में

- क्वार्टर फाइनल में रियल मैड्रिड को 4-3 से हराया

म्यूनिख, एजेंसी

बायर्न म्यूनिख ने अपने पुराने प्रतिद्वंद्वी रियल मैड्रिड को हराकर चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। लुइस डियाज़ और माइकल ओलिस के आखिरी क्षणों में किए गए गोल की मदद से बायर्न म्यूनिख ने क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में रियल मैड्रिड पर 4-3 से जीत दर्ज की।

बायर्न म्यूनिख ने पहला चरण 2-1 से जीता था। इस तरह से उसने कुल 6-4 के स्कोर से जीत हासिल करके सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। डियाज ने 89वें मिनट और ओलिस ने स्टॉपेज टाइम के चौथे मिनट में गोल करके बायर्न म्यूनिख की जीत सुनिश्चित की। उसकी तरफ से अलेक्जेंडर पावलोविच (छठे) और हैरी केन (38वें) ने पहले हाफ में गोल किए थे। रियल मैड्रिड की तरफ से अर्डा गुलेर ने दो (पहले और 29वें मिनट) तथा किलियन एमबाप्पे (42वें) ने गोल किए। रियाल मैड्रिड के खिलाड़ी 86वें मिनट में एडुवार्डो कैमाविंगा को लाल कार्ड देने के रेफरी के फैसले से संतुष्ट नहीं थे और उन्होंने मैच खत्म होने के बाद उन्हें घेर लिया। जिसके कारण गुलेर को लाल कार्ड दिखाया गया। बायर्न म्यूनिख सेमीफाइनल में मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट-जर्मेन से भिड़ेगा। दूसरा सेमीफाइनल आर्सेनल और एटलेटिको मैड्रिड के बीच खेला जाएगा।